

// जिंदगी में मुश्किलें आएंगी, कभी शिकायत नहीं करना क्योंकि भगवान ऐसा डायरेक्टर है जो सबसे कठिन रोल हमेशा बेस्ट एक्टर को ही देता है। //

दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करने वाला पुरुष ही अपने जीवन को सफल बनाता है।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, सोमवार, 06 मई, 2024 | बैशाख कृष्ण पक्ष: त्रयोदशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 125 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12













## न्यूज़ ब्रीफ

### पहलवान बजरंग सस्पेंड, एजेंसी बोली सैंपल नहीं दिया, प्लेयर बोला एक्सपायर किट थी



**नई दिल्ली (अप्रस)।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (एनएडीए) ने पहलवान बजरंग पूनिया को अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड कर दिया है। बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद एनएडीए ने यह एक्शन लिया है। 10 मार्च को ओलिपिंक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान एनएडीए ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया। एनएडीए को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए) को बताना था कि एक एथलीट ने अपना सैंपल क्यों नहीं दिया। 23 अप्रैल को एनएडीए ने बजरंग को नोटिस दिया और 7 मई तक जवाब देने को कहा था। बजरंग ने अभी तक जवाब नहीं दिया है और इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। बजरंग पूनिया ने पोस्ट करके इसका जवाब दिया। उन्होंने लिखा- मैंने कभी भी एनएडीए अधिकारियों को सैंपल देने से इनकार नहीं किया, उन्होंने पहले मेरा सैंपल लेने के लिए एक्सपायरी किट दी थी। एक्सपायरी किट देने वालों के खिलाफ उन्होंने क्या कदम उठाए। इसका जवाब दें और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। दो महीने पहले ओलिपिंक गेम्स में भाग लेने के लिए हुए ट्रायल में बजरंग पूनिया को फ्री-स्टाइल 65 केजी वेट कैटेगरी में रोहित ने 9-1 से मात दी थी। सेमीफाइनल में हारने के बाद बजरंग पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप सैंपल लेने की कोशिश की, लेकिन वह सैंपल नहीं दिए।




# अयोध्या में मोदी हुए नतमस्तक, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

आरती उतारी; रामपथ पर 1 घंटा 10 मिनट में 2 किमी का रोड शो

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**अयोध्या 5 मई।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो के दौरान लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और यात्रा मार्ग जयश्री राम और मोदी मोदी के नारों से गुंजायमान हो गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार राममंदिर में आकर भगवान राम के बालरूप की पूजा अर्चना की। उन्होंने रामलला की प्रतिमा के समक्ष दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद उनका काफिला रोड शो के आरंभ स्थल सुग्रीव किला पर पहुंचा जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और इस सीट से तीसरी बार भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाये गये लल्लू सिंह के साथ साथ बाकी मंत्रीगणों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुलाकात के बाद श्री मोदी फूलों से सजी खुली गाड़ी पर मुख्यमंत्री और अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार के साथ सवार हुए। तीनों ने हाथ में कमल का निशान लिया और इस दौरान मौजूद लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद रोड शो का शुभारंभ हुआ । दो किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए मार्ग को 40 ब्लॉकों में बांटा गया और जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। संतो -महंतों और बटुको ने शंखध्वनि ने प्रधानमंत्री की अगवानी की।

### पीएम की झलक पाने के लिए उमड़े लोग

इस दौरान बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर काफी समय पहले से ही आकर खड़े हो गये। प्रधानमंत्री को देखने के लिए लालायित लोगों में युवाओं के साथ साथ महिलाओं और बच्चों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। मोदी के काफिले के साथ साथ लोग ढोल नगाड़े बजाते हुए यात्रा मार्ग पर चले। यात्रा मार्ग के दोनों ओर जुटे लोगों के हुजूम के हाथों मोबाइल और बैनर नजर आये।

### आगे चला भगवा साफा धारी महिला कार्यकर्ताओं का काफिला

प्रधानमंत्री के काफिले के आगे भगवा साफा धारण किये भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं का काफिला भी चला। इस शो में लगभग एक लाख लोग शामिल हुए और यात्रा मार्ग के दोनों ओर मौजूद इमारतों तथा घरों से लोगों ने प्रधानमंत्री के काफिले पर फूलों की बारिश भी की। लगभग पूरा यात्रा मार्ग प्रधानमंत्री के पोस्टर और कटआउट से पटा हुआ नजर आया। रोड शो के लिए अयोध्या को बेहद सुंदर तरीके से सजाया गया साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की।

### लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार थमा

## अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह समेत कई दिग्गजों का होगा फैसला

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी। तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा।

अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। जिसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

तीसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं।

## फरीदाबाद में सीएम की रैली स्थल पर फटी भट्टी कढ़ाई का गर्म तेल गिरने से तीन हलवाई झुलसे

घंटों तक नहीं पहुंचाया गया अस्पताल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदाबा।** हरियाणा के जिले फरीदाबाद में आज बीजेपी की विजय संकल्प नामांकन जनसभा के दौरान घोर लापरवाही सामने आई है। रैली में आए लोगों के लिए मंच के नजदीक ही खाना बनाया जा रहा था कि उसी दौरान खाना बनाने वाली भट्टी फट गई और इसके ऊपर रखी तेल की कढ़ाई खाना बना रहे तीन कारीगरों पर जा गिरी, जिसके चलते तीनों कारीगर बुरी तरह से झुलस गए। गर्म तेल गिरने के चलते झुलसे तीनों कारीगरों को अस्पताल पहुंचाने के लिए जनसभा का आयोजन करने वाले बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें किसी भी अस्पताल में नहीं ले जाया गया। बुरी तरह से झुलसे कारीगर घंटों तक यूं ही मौके पर तड़पते रहे।

बता दें कि, इसे घोर लापरवाही इसलिए मना जा सकता है क्योंकि इस विजय संकल्प नामांकन जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और बीजेपी के तीसरी बार के प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर सहित बीजेपी के तमाम वरिष्ठ नेताओं विधायकों सहित शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा , कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित पूर्व मीडिया सलाहकार अजय गौड़ भी मौजूद थे। बावजूद इसके गर्म तेल से झुलसे तीन लोगों की जान की परवाह नहीं की गई। झुलसे हलवाईयों को अकेले तड़पने के लिए छोड़ दिया गया। हालांकि आयोजकों ने भीड़ दिखाने के लिए झुलसे हुए कारीगर को बीजेपी का पटका भी पहनाया हुआ था। वहीं गर्म तेल गिरने से बुरी तरह से झुलसे अजीत, संदीप और विजय ने बताया कि वह खाना बनाने के लिए कढ़ाई में तेल गर्म कर रहे थे। इसी दौरान भट्टी फट गई जिसके चलते वह बुरी तरह से झुलस गए। शरीर पर काफी जलन हो रही है लेकिन उन्हें अभी तक अस्पताल नहीं पहुंचाया गया है।

### आतंकी हमले के 6 आरोपी हिरासत में, एक आतंकियों को खाना खिलाने वाला शख्स भी

**पुंछ, 5 मई (अप्रस)।** भारतीय सुरक्षा बलों ने पुंछ आतंकी हमले के सिलसिले में रविवार को छह लोगों को हिरासत में लिया। जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक जवान की मौत हो गई थी। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक की पहचान मोहम्मद रजाक के रूप में की गई है। जिसके बारे में माना जाता है कि उसने आतंकवादियों को भोजन और रसद सहायता दी थी। यह घटनाक्रम तब हुआ है जब सुरक्षाकर्मियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। सुरक्षा बलों ने नाके लगा दिए हैं और इलाके में चेकिंग चल रही है। पूरे इलाके की हवाई निगरानी के बीच भारतीय वायुसेना ने अपने कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की शहादत के प्रति शोक जताया, जिन्होंने शनिवार शाम को हमले में लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया था।


## दिल्ली में भूकंप के झटके, पशिचमी दिल्ली रहा केंद्र

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में रविवार को भूकंप आया। यह भूकंप दोपहर बाद 04.19 बजे आया। हालांकि झटके महसूस नहीं किए गए। इसके केंद्र पश्चिमी दिल्ली रहा और गहराई पांच किमी थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। दिल्ली में आखिरी बार इसी वर्ष 22 जनवरी को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस दौरान भूकंप का केंद्र चीन के दक्षिणी झिंजियांग था, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई थी।

भूकंप के लिहाज से राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर के इलाके बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। इसीलिए सिस्मिक जोन चार में रखा गया है। विज्ञानियों का कहना है कि दिल्ली से होकर कई फाल्ट लाइन (दिल्ली सोहना फाल्ट लाइन, मथुरा फाल्ट लाइन और दिल्ली-मुरादाबाद फाल्ट लाइन) गुजरती हैं। ये सभी एक्टिव फाल्ट लाइनों में शामिल हैं।



### मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खरड़ में मलविंदर कंग के लिए किया चुनाव प्रचार, बड़ा रोड शो कर लोगों को किया संबोधित

## 'आप' सरकार अपनी सारी गारंटियां कर रही पूरी: मान

जल्द पूरी होगी महिलाओं को 1000 रुपए देने वाली गारंटी

भगवंत मान ने कहा, मैं जनता से काम के आधार पर वोट मांग रहा हूं, वहीं मोदी मंगलसूत्र के नाम पर वोट मांग रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है

मलविंदर कंग ने समर्थन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और खरड़ के लोगों को किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को खरड़ में श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा से उम्मीदवार मलविंदर सिंह कंग के लिए प्रचार किया। भगवंत मान ने एक बड़ा रोड शो निकाला जहां उनके साथ मलविंदर कंग और आनंदपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र के विधायक, कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान और चमकौर साहिब के विधायक चरणजीत सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र भूमि के लोगों का उत्साह देखकर बहुत खुश हैं और ऐसा लगता है कि लोगों का जनादेश पहले से ही स्पष्ट है, बस औपचारिक घोषणा बाकी है।

भगवंत मान ने कहा कि उन्हें हर जगह से यही प्रतिक्रिया मिल रही है। कल वह गुजरात में थे और वहां उनका रोड शो 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों से गूंज रहा था। उन्होंने कहा कि मैं कड़ी मेहनत से कभी पीछे नहीं हटता, जब से उन्होंने (बीजेपी) अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है, मेरा काम और जिम्मेदारियां दोगुनी हो गई हैं, लेकिन मेरे पास आपका समर्थन है और जिसके पास पंजाबियों का समर्थन है वह कभी असफल नहीं हो सकता।

भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने 43,000 सरकारी नौकरियां दीं। सभी को मुफ्त बिजली दी। हर खेत को अंतिम छोर तक नहरी पानी दिया। 850 से अधिक आम आदमी क्लीनिक बनाए। 13 स्कूल ऑफ एमिनेंस बनाए और दिन के दौरान किसानों को बिजली दी और यह सब बस में दो सालों में हुआ।

उन्होंने कहा कि जहां दूसरी सरकारें सरकार की संपत्तियों को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को बेचती हैं, वहीं उनकी सरकार ने जीवीके थर्मल पावर प्लांट खरीदा और इसका नाम गुरु अमरदास जी के नाम पर रखा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जल्द ही इंडस्ट्री को भी सस्ती बिजली देगी और इससे पंजाब में इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील जैसी कंपनियां पहले से ही पंजाब में निवेश कर रही हैं।

### नहर का 70 प्रतिशत पानी पंजाब के खेतों में जाएगा

भगवंत मान ने कहा कि इस आगामी सीजन में नहर का 70 प्रतिशत पानी पंजाब के खेतों में सिंचाई के लिए जाएगा। फिर पंजाब में करीब 6 लाख ट्यूबवेल बेकार हो जाएंगे। इससे बिजली बोर्ड के करीब 7,000 करोड़ रुपये बचेंगे और उस पैसे से उनकी सरकार महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह की गारंटी पूरी करेगी। भगवंत मान ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सबका विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब की धरती गुरुओं और महान बलिदानियों की धरती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे पलायन न करें क्योंकि अब व्यवस्था बदल रही है। भ्रष्टाचार खत्म हो गया है और लोगों को पंजाब में नौकरियों, करियर और नए व्यवसायों के अवसर मिल रहे हैं।




पुंछ हमले पर कांग्रेस के पूर्व सीएम चन्नी का गंभीर आरोप, बोले-

# हमला बीजेपी का स्टंट, शवों से खेलना इनका काम

कहा–पंजाब को आर्थिकता में बर्बाद करना चाहती है केंद्र सरकार

बोले– कर्मजीत चौधरी को मौका मिला, मगर सही नहीं उतरे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जालंधर, 5 मई।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला होने के मामले में पंजाब के जालंधर लोकसभा सीट से कांग्रेसी प्रत्याशी चरणजीत सिंह चन्नी ने विवादित बयान दिया है। चन्नी ने कहा है कि पुंछ हमला बीजेपी का स्टंट है। चन्नी ने कहा- हर बार केंद्र सरकार ऐसी नौटंकी करती आ रही है। ये पूर्व नियोजित स्टंट हैं और भाजपा को जिताने के लिए किए गए हैं। लोगों को मारना और उनके शवों पर खेलना भाजपा का काम है।

पटियाला में बीते दिन एक किसान की बीजेपी का विरोध करते हुए मौत हो गई थी। इस पर चन्नी ने कहा- भाजपा पंजाब की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना चाहती है। वे जानते हैं कि अगर हमने खेती-किसानी को बर्बाद कर दिया तो पंजाब डूब जाएगा। इसलिए पंजाब में उनका विरोध हो रहा है।

इसी बीच चन्नी ने कहा कि अनुराग ठाकुर आएंगे और कुछ लोग खड़े होकर सिरोपा डालेंगे, लेकिन फिर भी कोई उन्हें वोट नहीं देगा। चन्नी ने कहा कि कुछ लोगों को डराया जाता है और फोटो खींचने के लिए कहा जाता है। लेकिन फिर भी वे उन्हें वोट नहीं देते।

जालंधर से कांग्रेस के उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा- पार्टी ने कर्मजीत कौर चौधरी उप चुनाव में टिकट दिया था। इस दौरान वह पार्टी की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। वहीं, आज बीजेपी प्रत्याशी रिंकू ने चन्नी द्वारा लिखित में आईएएस अधिकारी से माफी मांगने का लेटर सांधा करने की बात कही थी। इस पर चन्नी ने जवाब देते हुए कहा- अगर रिंकू के पास कोई ऐसा लेटर है तो उन्हें सांझा करना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग का पलटवार, बोले-ये कांग्रेस की गिरी हुई मानसिकता



आज जालंधर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर जवाब देते हुए कहा– ऐसे बयान देने से पता चलता है कि कांग्रेस की मानसिकता कितनी गिरी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गिरोह के लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर टुकड़े–टुकड़े में उम्मीदवार उतार रही है। कांग्रेस पहले भी जवानों की शहादत पर सवाल उठा चुकी है।

# लालच के बदले मतदान करें मतदाता : सिबिन सी

'फ्रीबीज' और 'नोटा' संबंधी दिलचस्प जानकारी देने वाले पोडकास्ट का तीसरा एपिसोड रिलीज़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 मई।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर द्वारा शुरू किये गए पोडकास्ट का तीसरा एपिसोड सोशल मीडिया के अधिकारित पेज़ों (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यू ट्यूब) पर रिलीज़ कर दिया गया है। इस एपिसोड में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने मतदान के दौरान बाँटी जाने वाली मुफ़्त की वस्तुएँ, नकदी और अन्य चीजों ( फ्रीबीज) संबंधी बहुत विस्तार में जानकारी दी है। उन्होंने पंजाब के वोटरों को बिना किसी लालच के अपना वोट डालने की अपील की है।

इसके इलावा सिबिन सी ने 'नोटा' के बारे में भी बहुत रोचक जानकारी सांझा की है। उन्होंने कहा कि इस बार पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए ज़िला अधिकारियों की तरफ से बहुत से इंतजाम किये जा रहे हैं और वोटर भी अपनी वोट का प्रयोग ज़रूर करें।

सिबिन सी ने पोडकास्ट में लोगों की तरफ से पूछे गए सवालों के जवाब भी बहुत स्पष्ट शब्दों में दिए हैं। उन्होंने अपील की है कि मतदान संबंधी ताज़ा और पुख़्ता जानकारी हासिल करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर की तरफ से चलाए जा रहे सोशल मीडिया के अधिकारित पेज़ों (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यू ट्यूब) को ज़रूर फॉलो/ सबस्क्राइब किया जाये।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वटसऐप पर भी 'चीफ़ इलैकटोरल ऑफिसर, पंजाब' के नाम के साथ एक चैनल बनाया गया है, जहाँ लोक सभा मतदान 2024 से सम्बन्धित अहम जानकारियां शेयर की जा रही हैं।

# दो विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में एक दर्जन के करीब लोग घायल

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 5 मई।** जीरकपुर में दो विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10.30 बजे एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

ट्रक ड्राइवर विजय के मुताबिक वह हरियाणा से सामान लेकर चंडीगढ़ जा रहा था। जब वह खाना खाने के लिए जीरकपुर के फ्लाईओवर के पास एक ढाबे पर गया तो डेराबसी की ओर से तेज रफ्तार आ रही कार ने ट्रक के पीछे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि कार का ड्राइवर कथित तौर पर शराब के नशे में था। जिसके कारण सड़क खाली होने के बावजूद वह खड़े ट्रक से टकरा गया। कार चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरा हादसा ओल्ड कालका रोड ढकोली में हुआ, जहां कार में सवार 5 साल के बच्चे समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ लोग कर में सवार होकर देर रात मनसा देवी पंचकुला से माथा टेककर अपने घर जा रहे थे और ड्राइवर को झपकी आ गई जिसके कारण कार पेड़ से जा टकराई। घायलों में विदांश 5 वर्ष, ब्रिजेश 30 वर्ष, दीक्षा 30 वर्ष और सुरेश 63 वर्ष शामिल हैं। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सुखबीर बादल की पंजाब बचाओ यात्रा पहुंची जीरकपुर

नाभा साहिब के बुजुर्गों ने सुखबीर को याद दिलाए बादल व टोहड़ा

प्रगतिशील किसान ने बताई फसल बर्बादी की कहानी

पंजाब बचाओ यात्रा में विभिन्न वर्गों ने रखी अपनी समस्याएं

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 5 मई।** पंजाब बचाओ यात्रा लेकर जीरकपुर में पहुंचे अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल जब नाभा साहिब पहुंचे तो किसानों ने अपनी समस्याएं बताकर उन्हें स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल व पंथ रतन गुरचरण सिंह टोहड़ा की याद दिलाई। पटियाला लोकसभा हलके से अकाली दल प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक एन.के.शर्मा के नेतृत्व में सिंघपुरा चौक, मैट्रो, वीआईपी रोड, गुरुद्वारा नाभा साहिब के निकट विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वागत करते हुए अपनी समस्याएं बताई। गुरूद्वारा नाभा साहिब के बाहर प्रगतिशील किसान सुखविंदर सुखी ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश व ओलावृष्टि में उसके पॉली हाउस खत्म हो गए और फसल बुरी तरह से बर्बाद हो गई।

अभी तक किसी ने भी उनकी बांह नहीं पकड़ी है। मुआवजा तो दूर की बात है कोई गिरदावरी के लिए भी नहीं आया है। यहां मौजूद वयोवृद्ध किसान दविंदर सिंह, जसपाल सिंह, भूपिंदर सिंह ने सुखबीर बादल को ट्रैक्टर मॉडल तथा हरा चारा भेंट करते हुए कहा कि प्रकाश सिंह बादल पंजाब में हरी क्रांति लेकर आए थे। इसी तरह से अकाली दल भी पंजाब में हरा-भरा रहे और पंजाब की जनता खुशहाल हो। किसानों ने बताया कि अतीत में बादल व टोहड़ा की जोड़ी कई बार नाभा साहिब से यात्राओं की शुरूआत कर चुकी है। इससे पहले पंजाब के कुछ युवाओं ने सुखबीर बादल से मुलाकात की उन्होंने बताया कि बेरोजगारी दूर करने पर नाम पर केवल प्रचार किया जा रहा है। पंजाब में बहुत से युवाओं को नियुक्ति पत्र तो दिए गए हैं लेकिन ज्वाइनिंग रिपोर्ट नहीं हुई है। जिनकी ज्वाइनिंग रिपोर्ट हो गई उनकी सूचना वित्त विभाग को नहीं जा रही है। ऐसे में पंजाब के युवा नौकरी के नाम पर गुमराह हो रहे हैं। सुखबीर बादल ने उपस्थित लोगों से एन.के.शर्मा को जिताने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब में अकाली दल की सरकार के सत्ता में आने के बाद एक-एक करके सबके मसले हर किए जाएंगे।

## भाजपा ने लालड़ू, डेराबस्सी और ढकोली में चुनाव कार्यालय खोले



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 5 मई।** पटियाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार महारानी प्रणीत कौर के चुनाव कार्यालयों का डेराबस्सी क्षेत्र में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पंजाब महिला मोर्चा की अध्यक्ष बीबा जैनदर कौर ने चुनाव प्रभारी एसएमएस संधू की देखरेख में लालड़ू, डेराबस्सी और ढकोली में चुनाव कार्यालयों का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाला समय स्वर्णिम होगा। साफ है कि केंदर में मोदी सरकार दोबारा सत्ता पर काबिज हो रही है और पटियाला सीट बीजेपी के खाते में जा रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से एकजुट होकर काम करने की अपील की। किसानों के पक्ष में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार हमेशा किसान समर्थक रहा है और आगे भी रहेगा। इस मौके पर एसएमएस संधू ने जयइंदर कौर का स्वागत करते हुए कहा कि बीजेपी चुनाव प्रचार में सबसे आगे है, बाकी पार्टियां तो अब तक अपने दफ्तर तक नहीं खोल पाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि महारानी साहिबा डेराबस्सी हलके से बड़ी बढ़त के साथ जीत हासिल करेंगी। इस अवसर पर एडवोकेट मुकेश गांधी, रवीन्द्र वैष्णव, अमन राणा, देव राणा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा पूरी तरह से एकजुट है और उसके सभी नेता व कार्यकर्ता अपने बूथों पर पूरी लगन से काम कर रहे हैं।

## ए.वी कॉलेज में एसडीएम गुरबीर सिंह कोहली के नेतृत्व में की गई चुनाव रिहर्सल

सभी कर्मचारी देशभक्ति के साथ अपना चुनाव कर्तव्य निभाएं: एसडीएम



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 5 मई।** लोकसभा चुनाव 2002 को लेकर जगराओं प्रशासन की ओर से एसडीएम गुरबीर सिंह कोहली के कुशल नेतृत्व में सबसे पहले लाजपत में चुनाव रिहर्सल की गई राय डी.ए.वी कॉलेज जगराओं। इस संबंध में विभिन्न शहरों से आये चुनाव कर्मियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम मशीनों के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी गयी. कर्मचारियों के लिए बैठने और चाय-पानी की बहुत अच्छी व्यवस्था थी. प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम गुरबीर कोहली ने सभी कर्मचारियों से प्रसन्नतापूर्वक अपना कर्तव्य निभाने का आग्रह किया. इस अवसर पर उन्होंने सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ तहसीलदार सुखचरण सिंह, नायब तहसीलदार सुरिंदर पब्बी, चुनाव सेल प्रभारी सुखविंदर ग्रेवाल, रीडर सुखदेव शेरपुरी, एसडीओ हरिंदर सिंह, कैप्टन नरेश वर्मा, सन्नी अरोड़ा, जतिंदर सिंह, गुरदीप सिंह, दीपक शर्मा, मैडम सोमा, विजय मौजूद थे।

# शुभकरण की मौत की जांच के लिए समिति गठित, आज चंडीगढ़ में दर्ज करेगी किसानों के बयान : प्रताप बाजवा

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल



**चंडीगढ़, 5 मई।** पूर्व न्यायाधीश जयश्री ठाकुर की अध्यक्षता वाली समिति आज किसान भवन में किसानों के बयान दर्ज करेगी। हरियाणा-पंजाब सीमा पर 21 फरवरी को हुई हिंसा के बाद शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर किए जाने के बाद 7 मार्च को समिति का गठन किया गया था। बाजवा की ओर से पंजाब के पूर्व महाधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता एपीएस देओल ने 27 फरवरी, 2024 को याचिका दायर की थी और पहली सुनवाई 29 फरवरी को हुई थी।

समिति ने 18 अप्रैल को झड़प वाली जगह का दौरा किया और बाद में गवाहों से साक्ष्य प्रस्तुत करने और अपने बयान दर्ज करने को कहा। हालांकि, किसान नरवाना पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जाने से डर रहे थे, क्योंकि हरियाणा सरकार ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता था। विपक्ष के नेता बाजवा ने अपने वकील हिम्मत सिंह देओल के माध्यम से माननीय समिति से हरियाणा के बाहर के किसानों के बयान दर्ज करने का अनुरोध किया। इस प्रकार घायल किसानों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों को बिना किसी दबाव के दोषी के समक्ष उपस्थित होकर सही तथ्य बताने का अधिकार मिल जाएगा, जिसके कारण शुभकरण सिंह की मौत हुई। समिति ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और 6 मई को दोपहर 14.30 बजे चंडीगढ़ के किसान भवन में गवाहों की सुनवाई तय की। विपक्ष के नेता बाजवा ने कहा कि दोषी ने 30 से अधिक घायल किसानों को बयान दर्ज कराने के लिए लाने को कहा है और वे आंसू गैस के गोले, छर्रे और विभिन्न बोर के खाली कारतूस जैसे सबूत पेश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार पर हमला करते हुए बाजवा ने कहा कि पंजाब सरकार हरियाणा और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मिलीभगत कर रही है, क्योंकि उसने उच्च न्यायालय में उनकी याचिका दायर होने से एक दिन पहले ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज कर ली थी। याचिका की सुनवाई के दौरान, माननीय उच्च न्यायालय ने कहा कि पंजाब सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है, जबकि हरियाणा राज्य शुभकरण सिंह की मौत और इस्तेमाल किए गए हथियार से संबंधित मामले की जांच करने के लिए तरस रहा है। अधिकार क्षेत्र और बल प्रयोग की स्थिति के अनुरूप होने के मुद्दे पर भी निर्णय लिया जाना था, जिसके लिए माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा समिति का गठन किया गया था।

नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर किए जाने के बाद समिति का गठन किया गया था।

# भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा 8 जुलाई को निकलेगी

## इस्कॉन फेस्टीवल कमेटी खन्ना की बैठक आयोजित, लगाई ड्यूटियां

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/कुलविंदर सिंह बेदी



**खन्ना, 5 मई।** इस्कॉन फेस्टीवल कमेटी, खन्ना की एक बैठक स्थानीय स्प्रिंग डेल स्कूल रोड़ पर स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र में हुई जिसमें इस्कॉन फेस्टीवल कमेटी खन्ना के चेयरमैन पवन सचदेवा(प्रिय गोबिंद दास) के साथ साथ फेस्टीवल कमेटी की टीम मौजूद रही। हरिनाम संकीर्तन उपरांत शुरू हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि इस्कॉन चंडीगढ़ के निर्देशों पर प्रत्येक वर्ष की ही तरह इस साल भी शहर में निकाली जाने वाली 8वीं विशाल भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 8 जुलाई सोमवार को होगी।

इस्कॉन फेस्टीवल कमेटी महासचिव हरविंदर शंटू ने बैठक उपरांत जानकारी देते हुए बताया कि इस साल भगवान जगन्नाथ जी की विशाल ओर भव्य रथ यात्रा 8 जुलाई सोमवार को निकाली जाएगी जिसमें विदेशों के साथ साथ वृंदावन धाम, मायापूर धाम, इस्कॉन चंडीगढ़ के साथ साथ देश के विभिन्न हिस्सों से श्रदलु पहुंचेगे ओर भगवान का संकीर्तन करेंगे। इस मौके दिल्ली, चंडीगढ़, गुरूकुल से साधकों की विशेष टीमें भी पहुंचेगीं ओर भगवान की रथ यात्रा में भाग लेंगी। बैठक में जहां रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर टीम की ड्यूटियां निधार्रित की गई वहीं तय किया गया कि रथ यात्रा से पहले प्रभात ओर संध्या फेरियां भी निकाली जाएंगी। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा ओर प्रभात फेरियों का पूरा विवरण आने वाले दिनों में जारी किया जाएगा।

इस मौके इस्कॉन फेस्टीवल कमेटी खन्ना के चेयरमैन पवन सचदेवा (प्रिय गोबिंद दास प्रभु), वाइस चेयरमैन सुशील कुमार शीला,ड़ा वासदेव बत्रा, संजय घई, सरप्रस्त ब्रिज मोहन गुप्ता, महासचिव हरविंदर शंटू, वाइस प्रधान ड़ा राजीव रेहाण, सुभाष मोदी, लंगर कमेटी इंचार्ज चंदन मनी ढंड एंव विशाल बोवी, सीनियर सदस्य ब्रिज मोहन शर्मा, हंसराज विरानी, प्रैस सचिव हरीश गुप्ता, संजीव शर्मा, दलजीत थापर, राज कुमार मैनरो, भुपिंदर सरहदी, अमित वर्मा, विकास अग्रवाल, हरीश कुमार सिविल अस्पताल वाले, निखिल लांबा, विशाल (विशाल पेंट स्टोर), बबली जोशी, विक्रम स्वामी, रमन शर्मा, पवन जैदका, ब्रह्मदेव वर्मा मौजूद रहे।

# चलती रेलगाड़ी से इंजन हुआ अलग, ड्राइवर को तीन किलोमीटर बाद लगा पता, की-मैन ने शोर मचा कर दी जानकारी

जांच के आदेश, लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही : डीसीएम, नवीन कुमार

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/कुलविंदर सिंह बेदी



**खन्ना, 5 मई।** पंजाब में एक बार फिर से रेलवे की लापरवाही का मामला सामने आया है। खन्ना स्टेशन से कुछ ही पर दूरी पर चलती रेलगाड़ी का इंजन अलग हो गया। इसकी जानकारी पटरी पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाकर ड्राइवर को दी। जानकारी के अनुसार यह हादसा अर्चना एक्सप्रेस रेलगाड़ी के साथ हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार सख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू तवी जा रही थी। इसका फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद जंक्शन पर इंजन बदला गया। यहां स्टाफ ने ठीक से काम नहीं किया और इंजन बोगियों से ठीक से अटैच नहीं हुआ। फिर भी गाड़ी को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद खन्ना में यह इंजन खुल गया और काफी आगे चला गया। ड्राइवर को भी इसका पता नहीं चला। इस गाड़ी में करीब 2 से ढाई हजार यात्री सवार थे। बस एक बड़ा हादसा टल गया है।

वहीं, रेल गार्ड हरमिंदर सिंह का कहना है कि गाड़ी का इंजन अचानक से अलग हो गया था। उन्होंने जब देखा तो वायरलेस से पाइलट कंवर सेन को मैसेज दिया।

उधर, की-मैन नंद कुमार ने बताया कि वह रेल पटरी पर काम कर रहा था। तभी देखा कि एक इंजन अकेला ही आ रहा है और पीछे करीब 3 किलोमीटर रेलगाड़ी खड़ी है। तब उसने शोर मचा कर ड्राइवर को सूचना दी। इसके बाद ड्राइवर ने इंजन रोका। साथ ही रेलवे के अधिकारियों को सूचित किया गया। आनन-फानन ड्राइवर इंजन को वापस लेकर गया और फिर रेलगाड़ी से जोड़कर इसे जम्मू के लिए रवाना किया गया। की-मैन ने बताया कि यह एक बड़ा हादसा हो सकता था। बोगियां पटरी से नीचे आने से बच गई। हादसा रविवार सुबह 8-30 बजे के करीब हुआ।

अंबाला डिवीजन के सीनियर डीसीएम कोचिंग नवीन कुमार ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने अआगे कहा सरहिंद जंक्शन पर फुटेज देखी जाएगी कि इंजन और बोगियों को जोड़ने वाली हुक से किसी ने छेड़छाड़ की है या फिर स्टाफ की लापरवाही है। अगर किसी यात्री की शरारत हुई तो वैसी कार्रवाई होगी। अगर स्टाफ की लापरवाही हुई तो उनके खिलाफ एक्शन होगा। फिलहाल रेल इंजन की जांच अमृतसर में करवाई जाएगी।

वहीं, प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि रेल का इंजन अलग होकर काफी दूर तक चला गया। कई साल पहले इस जगह से थोड़ी दूर कौड़ी गांव में रेल हादसा हुआ था, जिसकी यादें ताजा हो गई। यह रेलवे की लापरवाही है। इसे सुधारना चाहिए। दूसरी तरफ यात्री बोले कि भगवान ने बचाव किया है।

# रविवार को भाजपा व कांग्रेस को समर्थन देने वालों की लगी होड़

## संजय टंडन के समर्थन में विशाल रोड शो में हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

देश में लंबे समय सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस केवल गरीबी हटाओं का नारा देती रही: मल्होत्रा

नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड़ हुए गरीबी रेखा से ऊपर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन के नेतृत्व में रविवार को मौली जागरा से विकास नगर तक रोड शो में हजारों लोग भाजपा के समर्थन में शामिल हुए। इस दौरान जगह जगह रोड शो का स्वागत ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा से हुआ। भाजपा नेता एवं नगर निगम पार्षद मनोज सोनकर के वार्ड में आयोजित रोड शो के दौरान इस रैली के प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले की सरकारों में देश के विकास के लिए बहुत धीमी गति से विकास हुआ था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने विकास की गति को तेज करने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि शक्तिशाली दूसरे देश भारत की बात को गंभीरता से नहीं लेते थे और आज जब भारत बात को दुनिया गौर से सुनती हैं।वहीं भाजपा के पिछले दस साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार को रोककर भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है।

मल्होत्रा ने कहा कि कहा कि कांग्रेस लंबे समय देश पर सत्ता सुख भोगने के बावजूद अपने भाषणों में गरीबी समाप्त करने का नारा देती रही, लेकिन गरीबी को खत्म करने और देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस पहल नहीं की। वर्तमान प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण ही नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने माना है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए है और अगले 10 सालों में देश में गरीबी पूरी तरह से खत्म होगी और और भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा।मल्होत्रा ने इस मौके पर लोगों से अपील कि की वे भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी ने देश को महाशक्ति बनाने का जो लक्ष्य रखा है,उसे पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह मौका है उन लोगों को भी सबक सिखाने को जो पिछले चुनाव अलग अलग क्षेत्रों से जीत कर अपने पुरानी संसदीय क्षेत्रों की भोली भाली जनता से छल कर अब तीसरी जगह से जीत की हसरत लिए चंडीगढ़ में आ चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने कहा कि कहा कि देश ने पिछले दस वर्षो ने करवट ली है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है और ताकतवर भ्रष्टाचारी जेलों में बंद हैं।पूर्व की सरकारें केवल भाषणों में ही भ्रष्टाचार खत्म करने के दावा करती थी,जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने इसे खत्म करके ऐतिहासिक बदलाव किया है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर जनता को भरोसा है।यह मोदी की नीतियों का परिणाम है कि देश की जनता भाजपा को 400 से ज्यादा सीटों से विजयी बनाने का नारा दे रही है। उन्होंने कहा कि जब जनता ने ही यह तय कर लिया है तो भाजपा को 400 पार होने से कोई नहीं रोक सकता और कांग्रेस जैसा कमजोर नेतृत्व वाला राजनीतिक दल तो बिलकुल भी नहीं।



### उन नेताओं को सबक सिखाने का मौका जो क्षेत्रों को भगवान भरोसे छोड़ कर भागे: टंडन

टंडन ने रोड शो में कहा कि यह मौका है कांग्रेस के उस नेता को सबक सिखाने का,जिसे पंजाब की दो लोकसभा क्षेत्र की जनता ने भरपूर प्यार देकर संसद में भेजा, लेकिन वह उन्हें भगवान भरोसे छोड़ तीसरी जगह पर सांसद बनने के लिए डेरा डाल चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को भ्रमित कर केंद्र की सत्ता पर काबिज होना चाहती है और इसके लिए उसने अपने जैसे विभिन्न दलों को जोड़कर भानुमति के कुनबा खड़ा किया है,इस गठबंधन का लोगों की नजर में वजूद क्या है, इसका अंदाजा 4 जून को हो जाएगा। टंडन ने चंडीगढ़ वासियों से अपील की कि उन्हें जिस तरह का समर्थन और सहयोग चुनाव प्रचार के दौरान मिल रहा है,वह इसे जीवनभर नहीं भूलेंगे और उनका एक ही संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में चंडीगढ़ में जो कार्य पिछले 50 वर्षों में नहीं हुए वह अगले पांच साल में उसके करके दिखाएंगे।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर उपाध्यक्ष शक्ति प्रकाश देवशाली,प्नगर निगम के पार्षद मनोज सोनकर,प्रदेश सचिव शशि शंकर तिवारी,सुभाष मौर्य,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला के अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष राम चौधरी और भाजपा के अन्य पदाधिकारी और भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## सैकड़ों युवाओं ने दिया इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मनीष तिवारी को समर्थन

इंडिया अलायंस के प्रत्याशी मनीष तिवारी को समर्थन देने का किया एलान

आप में शामिल हुए युवाओं का डॉ. एसएस आहलूवालिया ने किया स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 मई।** बीजेपी को रविवार को उस समय झटका लगा जब सेक्टर 38 में इंडिया अलायंस के उम्मीदवार मनीष तिवारी के लिए आयोजित किये गए एक कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ के विभिन्न वार्डों के कई युवा आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। इन युवाओं के आप में शामिल होने के पर पंजाब जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन और आप चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. एसएस आहलूवालिया ने स्वागत किया।

इस दौरान इंडिया अलायंस के प्रत्याशी मनीष तिवारी, आप नेता डॉ. हरमीत सिंह, अमित जैन, पार्षद योगेश ढींगरा, जसवीर सिंह बंटी, पीपी घई, मीना शर्मा, आभा बंसल, आप नेता संदीप दहिया, बजरंग और चंडीगढ़ समूह गुरुद्वारा प्रबंधक संगठन के अध्यक्ष तारा सिंह के अलावा बड़ी संख्या में सेक्टर वासी मौजूद रहे।

आप में शामिल होने वाले युवाओं में अंकित, आजाद, प्रिंस, जतिन, राहुल, साहिल, जस, सेखू, हिंमाशु, विवेक, आयुष, चिराग, सनी, रिशु, कुणाल, समर, कृष, निखिल, दक्ष, अरमान, आश, मनीष, विशाल, लविश और अभिषेक शामिल हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. एसएस आहलूवालिया ने कहा कि आज बीजेपी छोड़कर आप में शामिल हुए युवाओं से आप और इंडिया अलायंस को और ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि इस बार देश में इंडिया अलायंस की सरकार बनने जा रही है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह प्रचार कर रहे थे कि इस बार बीजेपी को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी, लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों ने बीजेपी की जड़ें हिला दी हैं और अब नरेंद्र मोदी द्वारा स्थिर सरकार की बात की जा रही है, इससे साफ है कि इस बार देश के अंदर से बीजेपी का सफाया होना तय है। डॉ. आहलूवालिया ने शहरवासियों से अपील की कि सभी शहर वासी वोट करने जरूर जाएं, क्योंकि हर वोट देश का भविष्य तय करता है। उन्होंने कहा कि जनवरी में चंडीगढ़ में मेयर चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा की गई लोकतंत्र की हत्या को पूरी दुनिया ने देखा है, जिसका जवाब देने के लिए चंडीगढ़ की जनता 1 जून का बेसब्री से इंतजार कर रही है। चंडीगढ़ शहर का बीजेपी ने अपने कार्यकाल के दौरान बुरा हाल कर दिया है। इस मौके पर बोलते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव के पहले दो राउंड में बीजेपी का सफाया हो गया है। इस बार देश में इंडिया अलायंस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने चंडीगढ़ वासिया से इंडिया एलायंस को अधिक से अधिक वोट देकर शहर का प्रतिनिधित्व करने के लिए लोकसभा में भेजने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने शहरवासियों को आश्वासन दिया कि इंडिया एलायंस की सरकार बनने पर शहरवासियों की वर्षो से लंबित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जायेगा।

### नरेंद्र चौधरी ने समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का दामन



कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष एच.एस लक्की व लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार मनीष तिवारी के नेतृत्व में नरेंद्र चौधरी व उनके समर्थकों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। पार्टी के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर इनका जोरदार स्वागत किया गया। चौधरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि एक पार्टी भारत का संविधान खत्म करने के लिए चुनाव लड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने के लिए लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उन्होंने दलित समाज के युवाओं आह्वान किया कि आगे आकर सत्ता परिवर्तन के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अगर हमे बाबा साहेब द्वारा बनाए संविधान को बचाना है तो इकट्ठे होकर कांग्रेस को वोट और सपोर्ट देकर अपनी आहुति डालने की जरूरत है।

### कृष्ण लाल बवेजा चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता नियुक्त



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कृष्ण लाल बवेजा को चण्डीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया है जबकि पूर्व पार्षद नरेश कुमार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया है। कृष्ण लाल समाजिक धार्मिक संस्थानों से जुड़े हुए नेता हैं। रविवार को उन्हे सांसद प्रत्याशी मनीष तिवारी और अध्यक्ष लक्की ने नियुक्ति पत्र दिया। कृष्ण लाल और नरेश कुमार ने अपनी नियुक्ति के लिए मनीष तिवारी और लक्की का धन्यवाद किया।

| | | |
|---|---|---|
| ▲ अधिकतम | 40 | डिग्री से. |
| ▼ न्यूनतम | 24 | डिग्री से. |
| सूर्योदय | 5.35 | बजे |
| सूर्यास्त | 7.04 | बजे |
| सोना 24 कैरेट | : | 72,885.00 |
| सैंसेक्स | : | 73,878.15 |
| अमेरिका | : | 83.38 |
| कैनेडियन | : | 60.99 |
| आस्ट्रेलिन | : | 55.04 |

## चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने प्रज्जवल रेवन्ना के खिलाफ किया प्रदर्शन

नंदिता हुड्डा बोलीं रेवन्ना को जल्द वापस लाकर कड़ी सजा दी जाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 5 मई।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्जवल रेवन्ना के सैक्स स्कैंडल से जुड़े एक हजार से अधिक वीडियो सामने आने के बाद चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नंदिता हुड्डा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने जमकर प्रदर्शन किया और उसके विदेश भागने पर कड़ी आपत्ति जताई। इस अवसर पर अध्यक्ष चंडीगढ़ महिला कांग्रेस नंदिता हुड्डा के साथ परमिंदर कौर महासचिव अखिल भारतीय महिला कांग्रेस, रानी दिल्ली पूर्व उपाध्यक्ष चंडीगढ़ महिला कांग्रेस, सुमन पूर्व जिला अध्यक्ष, कुलजीत कौर महिला कांग्रेस, इनिका तिवाड़ी, सोनिया जयसवाल, मैरी स्टेला जॉर्ज पूर्व. महासचिव महिला कांग्रेस, बलविंदर कौर महासचिव चंडीगढ़ कांग्रेस कमेटी, बलविंदर कौर ब्लॉक अध्यक्ष चंडीगढ़ कांग्रेस कमेटी, संगीता वर्मा उपस्थित रहे। नंदिता हुड्डा ने बताया कि चंडीगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा प्रज्व्वल रेवन्ना के खिलाफ बुढनपुर में आक्रोश प्रदर्शन किया गया और कहा गया कि विदेश मंत्रालय को जल्द से जल्द उसे देश वापस लाकर सजा देनी चाहिए।

नंदिता हुड्डा ने कहा कि एसआईटी की कार्यवाही भी तेज गति से होनी चाहिए। बड़े शर्म की बात है कि देश के प्रधानमंत्री जिस प्रज्जवल रेवन्ना के लिए वोट मांग रहे हैं, वो सैंकड़ों महिलाओं के बलात्कार का जघन्य अपराधी है। लगभग तीन हजार यौन शोषण के वीडियो उनकी पेन ड्राइव में मिले हैं। ऐसे अपराधी के लिए गुहार लगाई जा रही है कि इनको दिया जाने वाला एक एक वोट मोदी को मजबूत करेगा। जब से बीजेपी की सरकार आई है महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है।

उत्तराखंड की अंकिता भंडारी हो, हाथरस का केस हो और पहलवान बेटियों की साथ हुए अन्याय की बात हो, महिलाओं के साथ दुराचार करने वाले इस सरकार में अपने आप को संरक्षित महसूस करते हैं और देश की आधी आबादी महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। महिलाओं ने नारे लगाए कि यौन दुराचारी सांसद प्रज्जवल रेवन्ना के लिए वोट मांगने वाले प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़ो, मास रेपिस्ट प्रज्व्वल रेवन्ना को गिरफ्तार किया जाए।

## पंजाब में 10 मई को रहेगी सार्वजनिक छुट्टी

बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज-सरकारी दफ्तर, भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर लिया फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 5 मई।** पंजाब में आगामी 10 मई, दिन शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। 10 मई को भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर सरकार ने यह फैसला लिया है। इस दिन सभी स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तर और अन्य व्यावसायिक इकाइयों में छुट्टी रहेगी। पंजाब सरकार द्वारा जारी की गई छुट्टियों की लिस्ट में 10 मई भी शामिल है।

भगवान विष्णु दशावतारों में से एक भगवान परशुराम भी हैं। जिनका जन्मोत्सव वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। दस मई को शुक्त पक्ष की तृतीया तिथि है। महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र परशुराम जी भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे।

इस तिथि को प्रदोष व्यापिनी रूप में ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल ही है। परशुराम भगवान को लेकर एक मान्यता ये भी है कि वे आठ चिरंजीवी पुरुषों में से एक हैं जो आज भी धरती पर विद्यमान हैं।

आपको बता दें कि परशुराम जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाती है। इस दिन अक्षय तृतीया होने की वजह से अनसुलझे विवाह भी होते हैं। अक्षय तृतीया पर सोना की खरीद करना बेहद शुभ माना जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग मामलों के फरार आरोपी पीओ काबू, 7 मामले सुलझे



**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी सेंट्रल डिविजन के थाना 11 पुलिस ने अलग अलग मामलो मे फरार आरोपी पीओ को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सैक्टर 52 के रहने वाले सोनू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला की पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी कि धारा 174 ए के तहत मामलें दर्ज का आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 11 के प्रभारी इंस्पेक्टर मलकीत सिंह की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। अरोपी कुकिंग का काम करता है। पुलिस के मुताबिक कुल सात मामलो को सुलझाया गया है। पकड़ा गया आरोपी बीकॉम की है। थाना 11 में 174 ए के मामले दर्ज पाए गए है।

## चंडीगढ़ ट्रैफिक और सुरक्षा पुलिस अधिकारियों के सहयोग से विशेष हंसी योग सत्र का आयोजन किया



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 5 मई।** यूटी ट्रैफिक और सुरक्षा पुलिस अधिकारियों के सहयोग से रविवार को ट्रैफिक और सुरक्षा लाइन्स सेक्टर-29 में एक विशेष हंसी योग सत्र का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य शहर के निवासियों की भलाई की रक्षा करने में ट्रैफिक और सुरक्षा बल के अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता का सम्मान करना था। 100 के करीब ट्रैफिक और सुरक्षा पुलिस कर्मियों ने हंसी योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया।डॉ. निधि जसवाल के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने हंसी के कई अभ्यास किए।जिनमें अभिवादन हंसी, प्रशंसा हंसी, शेर हंसी, लस्सी हंसी, हंसी क्रीम हंसी और सीट बेल्ट हंसी शामिल थी। सत्र का समापन एक जीवंत हंसी बॉलीवुड नृत्य के साथ हुआ। जिसने चारों ओर खुशी और हंसी फैला दी। इस सत्र का आयोजन श्री सुमेर प्रताप सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात एवं सुरक्षा) के सहयोग से किया गया। हंसी सत्र के दौरान हरजीत कौर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात/प्रशासन एवं दक्षिण), निरीक्षक परमजीत कौर सेखों (यातायात/प्रशासन) और सभी यातायात निरीक्षक उपस्थित थे। हरजीर कौर डीएसपी/यातायात/प्रशासन ने डॉक्टरों और सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## गर्मी को लेकर प्रशासन की एडवाइजरी जारी, बच्चों को बंद वाहन में न छोड़ें

शिशुओं, बुजुर्ग व्यक्तियों, बाहरी श्रमिकों और पहले से किसी स्वास्थ्य समस्या वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 मई।** चिलचिलाती गर्मी के महीनों के करीब आते ही, यूटी-चंडीगढ़ का स्वास्थ्य विभाग अत्यधिक तापमान से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय रूप से हीट वेव एडवाइजरी जारी की है। अप्रैल से जून तक गंभीर गर्मी की संभावना का संकेत मिलता है। एडवाइजरी का उद्देश्य आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करना है। यूटी-चंडीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता के बीच जागरूकता के लिए एडवाइजरी तैयार की है जिसमें कहा गया है कि गर्मी के सीधे संपर्क से बचें। अच्छी तरह हवादार और ठंडे वातावरण में घर के अंदर रहें। हल्के, हल्के रंग के और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें। सीधी धूप से बचने के लिए छाते, टोपी और धूप के चश्मे का उपयोग करें। हाइड्रेशन के लिए नियमित रूप से आवश्यक हो तो ठंडे वातावरण की तलाश करें। खासकर इमारतों की धूप वाली तरफ सूरज की रोशनी और गर्मी हवाओं को रोकें और दिन के दौरान खिड़कियां पर्दे बंद रखें। ठंडी हवा के संचार के लिए रात में खिड़कियां खोलें। पानी, प्राकृतिक रस और नारियल पानी सहित तरल पदार्थों का खूब सेवन करें। मादक और कैफीनयुक्त पेय पदार्थों के साथ-साथ शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचें। अपने आहार में जल सामग्री वाले फलों और सब्जियों को शामिल करें। शिशुओं, बुजुर्ग व्यक्तियों, बाहरी श्रमिकों और पहले से किसी स्वास्थ्य समस्या वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें। कभी भी किसी को, विशेषकर बच्चों या पालतू जानवरों को, बंद, पार्क किए गए वाहन में न छोड़ें। जब आवश्यक हो तो छाया की तलाश करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान ज़ोरदार शारीरिक गतिविधि से बचें।

## ओम महादेव कावड़ सेवादल का केदारनाथ में 24 घंटे भंडारे का आयोजन 10 से

अर्थ प्रकाश/शम्मी

**चंडीगढ, 5 मई।** ओम महादेव कावड़ सेवादल द्वारा चण्डीगढ़ से श्री केदारनाथ धाम मे 30 दिनों तक 24 घंटे भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सेवा दल के उपप्रधान नरेश गर्ग,सेक्रेटरी सोनू गर्ग ने बताया की 10 मई 2024 से 10 जून 2024 तक केदारनाथ मंदिर के पास चोटी लिंचोली में यात्रियों के लिए भंडारे का अयोजन किया जा रहा है। यात्रियों के खाना रहना एवम दवाइयों का पूर्ण रूप से इंतजाम किया गया है।

इस मौके पर हिमांशु मिड्डा,काकू राणा एवम करण पाल राणा के द्वारा भंडारे के लिए 31000/- की धन राशि एवम राशन का सहयोग दिया गया। नवीन, अभिषेक, सोनू गर्ग, भूषण गुलाटी एवम अभिषेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## आज सेंट्रल मॉल से सेंट्रल मॉल लाइट पॉइंट वाली रोड़ बंद रहेगी

**चंडीगढ़, 5 मई (अप्रस)।** नगर निगम चंडीगढ़ 800 एमएम आई/डी एम.एस. की पाइप लाइन जोड़ने का काम करने जा रहा है। सेक्टर 39, चंडीगढ़ से एमईएस चंडीमंदिर तक सेंट्रल मॉल लाइट पॉइंट रोड से कॉलोनी नंबर की ओर पाइप लाइन। पूर्व मार्ग पर 4 लाइट प्वाइंट औद्योगिक क्षेत्र चरण 1। इस कार्य के कारण दिनांक 6.5.2024 को प्रातः 10.00 बजे से पूर्व मार्ग पर सेंट्रल मॉल से सेंट्रल मॉल लाइट पॉइंट की ओर जाने वाली सड़कें रात्रि 10.00 बजे तक बंद रहेंगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम का साथ दें।

## घर से आयरन ग्रिल्स चोरी मामले मे तीन काबू

अर्थ प्रकाश/शम्मी

**चंडीगढ़, 5 मई।** यूटी ईस्ट डिविजन पुलिस ने घर से आयरन ग्रिल्स चोरी करने के मामले मे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार के जतिंदर, अंकुर, और नसीब के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 19 निवासी ने पुलिस को बताया की आरोपी 3 मई को घर की पिछली साइड से आकर दो आयरन ग्रिल चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियो को मामले मे गिरफ्तार कर लिया।




# करनाल में परशुराम जयंती महोत्सव पर कांग्रेसी तुष्टिकरण पर बरसे मनोहर लाल

# लोकसभा चुनाव धर्म और अधर्म की लड़ाई : मनोहर लाल

## धर्म के आधार पर कांग्रेस द्वारा की जा रही राजनीति स्वीकार नहीं

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 5 मई।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल मे भगवान परशुराम जयंती पर कहा है कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने शस्त्र व शास्त्र दोनों का प्रयोग करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ठीक वैसी ही लड़ाई आज देश में चुनाव के माध्यम से लड़ी जा रही है। आज देश में लोकसभा चुनाव में न्याय और अन्य की लड़ाई है। एक तरफ देश को एक धारा में पिरोकर अच्छे काम करते हुए देश को जोड़ने वाली ताकते हैं, वहीं दूसरी ओर वह लोग हैं जो देश में कश्मीर और पंजाब संकट के लिए उत्तरदाई थी। नक्सलवाद और पूर्वोत्तर भारत की समस्या के लिए उत्तरदाई थी।

मनोहर लाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने साफ किया है कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब लोगों का है,जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर इस प्रकार की राजनीति स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए मकान बनाए,उनमें शौचालय बनाए, बिजली और पानी का कनेक्शन दिया, सिलेंडर दिया और इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया। अब प्रधानमंत्री ने फैसला किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा ताकि उसे अपने इलाज के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उस व्यक्ति को इस योजना में माना जाएगा, जिस परिवार की आय सालाना 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है, जबकि पूरे देश में यह आय सीमा 1 लाख 20 हजार रुपए है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार की बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश ने भी माना है कि कांग्रेस राज में पर्ची से नौकरी दी जाती थी। मनोहर लाल ने कहा कि देश में चुनाव का महापर्व चल रहा है और मैं आप लोगों से समर्थन मांगने आया हूं। केवल यह कह सकता हूं कि मन लगाकर समाज की सेवा करने का काम करूंगा और हर बार आप अपने बीच में खड़ा पाएंगे। कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया,अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा, पूर्व सांसद डीपी वत्स, विधायक हरविंदर कल्याण, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, पदम श्री महावीर गुड्डू, डॉक्टर शिवांगी कौशिक, सुरेंद्र वत्स, सुरेंद्र कौशिक, हरिराम दीक्षित, हरियाणा महिला आयोग की पूर्व वाइस चेयरमैन सुमन दहिया, अशोक शर्मा, उमेश शर्मा, सतीश शर्मा, हरियाणवी गायक मासूम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आपकी अपेक्षा पर पूरा खरा उतरुंगा

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। बकौल मनोहर लाल  साल में एक बार तो सबका जन्मदिन आता है,लेकिन जिस प्रकार से आप लोगो ने  मुझे आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है उससे निश्चित तौर पर मेरा उत्साह बड़ा है। मैं इस नए उत्साह और बड़ी हुई ताकत के साथ इस देश, इस राज्य और इस परिवार की सेवा का संकल्प लेता हूं। मैं आपकी अपेक्षा पर पूरा खरा उतरुंगा। मैं आपको कभी भी निराश नहीं करुंगा। उन्होंने इस मौके पर महाभारत में कृष्ण का न्याय के पक्ष में संकल्प को याद दिलाते हुए समारोह में मौजूद जनता को भी न्याय के पक्ष में संकल्पित होने का आग्रह किया।

### राजनीति सामाजिक कार्यों से अलग नहीं हो सकतीः विनोद शर्मा

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक सामाजिक कार्यों से अलग नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि राजनीति करने वाले कुछ लोग हो सकता है अच्छे नही हों, लेकिन जो व्यक्ति आपके द्वारा दी गई ताकत को आप लोगों के हित में प्रयोग करता है, वह निश्चित तौर पर सही है। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जितनी प्रगति की है उतनी पहले कभी नहीं हुई। धारा 370 समाप्त होने से कश्मीर में शांति स्थापित हुई है और इसका ब्राह्मण समाज को काफी लाभ हुआ है। कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रदेश में चार उपमुख्यमंत्री बनाने और उनमें एक ब्राह्मण को शामिल करने की बात कहने को निंदनीय बताया और कहा कि देश का कोई भी नागरिक किसी भी पद पर पहुंच सकता है।

### भगवान एक बिरादरी के नहीं होतेः कार्तिकेय शर्मा

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान कभी एक बिरादरी के नहीं होते, वह 36 बिरादरी के होते हैं। भगवान परशुराम ने हमेशा सही का साथ दिया और गलत के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनके वंशज होने के नाते यह हमारा दायित्व बनता है कि हम भगवान के संदेश को हर आदमी तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने कहा था कि जब तक शास्त्र का ज्ञान ना हो शस्त्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का इस बात के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया कि डेढ़ साल पहले परशुराम महाकुंभ में उन्होंने 13 मांग रखी थी और इनमें से 10 मांगों को उन्होंने मंच से ही स्वीकार करने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर का तुष्टिकरण न करें। उन्होंने कहा कि देश ने मन बना लिया है और आने वाले लोकसभा चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं।

# बेरी विधानसभा विजय संकल्प रैली में सीएम सैनी का दावा

# अगले दो वर्षों में दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बन जाएगा भारत

## बिजली बिल को जीरो करना भी प्रधानमंत्री मोदी का संकल्पः नायब सैनी

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार बढ़ाया, भाजपा ने भ्रष्टाचार मिटायाः नायब सैनी

गांवों के विकास पर ध्यान दें सरपंच, पैसों की कोई कमी नहीं हैः नायब सैनी

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 5 मई।** बेरी विधानसभा में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दावा करते हुए कहा कि अगले दो वर्षो में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प हर घर को पीएम सूर्य योजना से जोड़कर बिजली बिल जीरो करना है। रैली में बोलते हुए नायब सैनी ने सरपंचों को भी भरोसा दिया कि गांव के विकास पर ध्यान दें, पैसों की कोई कमी नहीं है, रही बात कार्यो को सरल करने की वो जिम्मेदारी मेरी है। यहां श्री सैनी ने कांग्रेस कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को सिर्फ भ्रष्टाचार में आगे बढ़ाया है, जबकि भाजपा ने भ्रष्टाचार को मिटाया है।

रोहतक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य जनता को आत्मनिर्भर और देश को विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सड़क, रेल तथा हवाई यातायात को सुगम करके समस्याओं और परेशानियों को कम किया है। श्री सैनी ने कहा कि झज्जर जिले में एम्स देने का काम बीजेपी की सरकार ने किया है और पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री रेवाड़ी में आए थे तो उन्होंने रेवाड़ी में भी एम्स देकर लाखों लोगों को सुगम और घर के नजदीक ही विश्व स्तरीय हैल्थ सेवा दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी सिस्टम दिया है और आज अधिकतर सुविधा घर बैठे मिल रही हैं। सरपंचों का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच गांव और वार्ड के विकास के लिए किसी प्रकार की चिंता ना करें। आचार संहिता हटने के बाद गांवों में विकास के काम तेजी से करवाए जाएंगे और कार्यो का सरलीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग चुनाव में झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, ताकि वोट ले सकें, लेकिन हम सबको कांग्रेस के झूठ से बचना भी है और लोगों को बचाना भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जहां विकास को गति दी है, वहीं संस्कृति और संस्कार का भी संरक्षण किया है। एक देश एक कानून के अंतर्गत धारा 370 को खत्म किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को नई पहचान मिली है और देश मजबूत होकर एक नया भारत बना है। आज विश्व भर में भारत की बात को बड़ी गंभीरता से सुना जाता है और जब भी कोई बड़ी समस्या विश्व के सामने आती है तो वह भारत की तरफ देखता है और समस्या के समाधान की उम्मीद करता है।

भारत के पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए सीएम सैनी ने कहा कि अगले दो सालों में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा और भारत 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अगर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है तो इसके पीछे लोगों द्वारा 2014 में नरेंद्र मोदी को दी गई ताकत के कारण बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर वह चाहते हैं कि भारत इसी प्रकार आगे बढ़े तो भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करें।

### अब समान नागरिक संहिता लागू करेंगेः धनखड़

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तथा हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में स्पष्ट लिखा है कि आने वाले समय में देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। इस देश में नागरिकों के लिए अलग-अलग कानून नहीं होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि इस बार जब लोग वोट देंगे तो उन्हें यह देखकर देना है कि उन्हें समान नागरिक संहिता चाहिए या वह लोग चाहिए जो धारा 370 को फिर से बहाल करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को तो?ा तो सबसे ज्यादा खुशी इस झज्जर जिले के लोगों को हुई क्योंकि सेना में झज्जर जिले के बड़ी संख्या में जवान हैं।  ओमप्रकाश धनख? ने कहा कि भाजपा में नेता आम आदमी में से निकलकर आता है, जबकि कांग्रेस में नेता मां के पेट से पैदा होता है।

### मोदी सरकार ने किसानों की आय ज्यादाः अरविंद शर्मा

सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा ने महिला आरक्षण लागू किया जिससे महिलाओं की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले केवल भ्रष्टाचार ही होता था, लेकिन आज विकास के नए रास्ते खोले जा रहे हैं। अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था और इस दौरान किसानों की आमदनी 2 गुना से ज्यादा हुई है और सरकार 14 फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि 2014 में रेल का बजट केवल 30 हजार करो? रुपए होता था जो अब ब?कर ढाई लाख करो? रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि वह बेरी हल्के को रेल से जो?ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अब देश में 20 लाख रुपए तक का लोन युवाओं को बिना गारंटी के दिया जा रहा है, ताकि वह अपना काम कर सकें। विजय संकल्प रैली में सतीश नांदल, राजपाल शर्मा कप्तान गिरधाना, विक्रम कादयान, राजीव जैन, कैप्टेन भूपेंद्र, नीलम अहलावत, कर्नल राजेंद्र सुहाग, रामफल सैनी आशा शर्मा और आनंद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति ने देखी अंग्रेजों की बनाई 150 साल पुरानी पेयजल योजना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 5 मई।** हिल्सक्वीन शिमला के पांच दिवसीय दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को परिवार सहित शिमला कैचमेंट एरिया का दौरा किया। उन्होंने करीब 150 साल पहले अंग्रेजी शासनकाल के दौरान बनाई गई शिमला की पहली परियोजना देखी। सुबह करीब 11:30 बजे राष्ट्रपति का काफिला सबसे पहले हसन वैली व्यू प्वाइंट पर पहुंचा। यहां वन्यजीव विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रपति को इस अभयारण्य को लेकर जानकारी ली।

**राष्ट्रपति ने निहारी वादियां:** वन्यजीव विभाग के अधिकारियों ने इस क्षेत्र में पाई जाने वाली वन प्रजातियों से भी अवगत करवाया। इसके बाद राष्टपति वाया ढली होते हुए कैचमेंट एरिया के लिए रवाना हुईं। सियोग रेस्ट हाउस के पास गाड़ी से उतरने के बाद राष्ट्रपति ने परिवार सहित पैदल चलकर यहां की हरी-भरी वादियां निहारीं। कच्चे रास्ते और सीढ़ियों से करीब 250 मीटर पैदल चलने के बाद राष्ट्रपति सियोग पेयजल योजना के टैंक के पास पहुंचीं। ढलानदार और कच्चे रास्ते पर राष्ट्रपति के पैदल चलने की तेज रफ्तार देखकर मौके पर मौजूद अधिकारी भी हैरान रह गए।

**राष्ट्रपति ने 150 साल पुरानी पेयजल योजना को भी देखा:** टैंक के पास मौजूद पेयजल कंपनी के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक राजेश कश्यप और एजीएम पीपी शर्मा ने राष्ट्रपति को बुकलेट देकर इस योजना के इतिहास की जानकारी दी। करीब 150 साल पहले अंग्रेजी शासनकाल के दौरान तैयार किए गए इस योजना के टैंक को दिखाते हुए अधिकारियों ने बताया कि यहां 19 चश्मों का पानी इकट्ठा किया जाता था। यह क्षेत्र हरी-भरी वादियों में है, जिससे यहां का पानी सबसे शुद्ध माना जाता है। कंपनी ने इस परियोजना को पुनर्जीवित करने के लिए किए जा रहे कामों की जानकारी भी राष्ट्रपति को दी।

**जंगली जानवरों की जानकारी को लेकर उत्सुक दिखीं मुर्मू:** इस क्षेत्र में साल 1901 में अंग्रेजों का बनाया कार्ड रूम भी है। बताया जाता है कि यहां पर अंग्रेज कार्ड खेलते थे। राष्ट्रपति ने इसका भी जायजा लिया। वन्यजीव विभाग के अधिकारियों ने इसके इतिहास के बारे में बताया। कहा कि अब पर्यटन की दृष्टि से ही इसका इस्तेमाल हो रहा है। यहां रखा दशकों पुराना फर्नीचर, कुर्सी, टेबल आदि भी दिखाए। राष्ट्रपति विभाग के रेस्ट हाउस भी गईं। यहां करीब आधा घंटे तक रुकीं। इस क्षेत्र में पाए जाने वाले जंगली जानवरों और वन प्रजातियों की जानकारी को लेकर राष्ट्रपति काफी उत्सुक दिखीं। विभाग के अनुसार रेस्ट हाउस में राष्ट्रपति के लिए चाय-पान की व्यवस्था की गई थी। करीब 1:00 राष्ट्रपति का काफिला वापस रवाना हुआ।

# अबोहर में सड़क हादसे में दो की मौत, कार ने बाइक को मारी टक्कर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अबोहर, 5 मई।** पंजाब के अबोहर में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में रखवाया गया। मृतकों की पहचान गांव किल्लियांवाली निवासी रमेश शर्मा व गांव फुल्लूखेड़ा निवासी जगनंदन के रूप में हुई है।

गांव किल्लियांवाली निवासी और पंडिताई का कार्य करने वाले करीब 65 वर्षीय रमेश शर्मा के बेटे पवन कुमार ने बताया कि उसका पिता सुबह 8 बजे घर से गए थे। करीब 10 बजे उन्हें इस घटना के बारे में जानकारी मिली।

वहीं सरकारी अस्पताल पहुंचे मृतक जगनंदन के बेटे रुपिंद्र ने बताया उसने अपने नए मकान का निर्माण कार्य शुरू करना था जिसका शिलान्यास वस्तुशास्त्र के अनुसार करवाने के लिए उसके पिता पंडित रमेश शर्मा को लेने के लिए आए थे।

उसने बताया कि जब दोनो सीतो रोड स्थित रेवनवुड इंटनरेशनल स्कूल के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही एक तेजगति कार ने इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह दोनों बुरी तरह से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स ने दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं टक्कर मारने वाले कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद गांव किल्लियांवाली और फुल्लूखेड़ा में शोक की लहर दौड़ गई।

# मोरनी क्यों रह गया विकास की रेस में पीछे दिलो में कौंध रहे सवाल!

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 5 मई।** मोरनी हिल्स एक खूबसूरत हिल स्टेशन है जो सुंदर दृश्य, नौकायन सुविधाएं, ट्रैकिंग विकल्प, वन्यजीव अभयारण्य, प्राचीन किला, मंदिर और बहुत कुछ प्रदान करता है। मगर वर्षो से अनदेखी का शिकार हुए इस हिल स्टेशन की खूबसूरती अब यहां की बदहाली में खो गई है। मोरनी हिल्स प्रकृति प्रेमियों, साहसिक चाहने वालों, इतिहास प्रेमियों और किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए एक आदर्श स्थान है जो एक यादगार और सुखद अनुभव का आनंद लेना चाहता है, मगर पिछले मानसून के बाद से मोरनी की बदहाली को देखकर हर कोई अपने आंसू बहा रहा है। अब कुछ महीनों के बाद फिर से शुरू होने वाला मानसून क्या रंग दिखाएगा यह सोच सोच कर मोरनी वासी अंदर ही अंदर घुट रहे हैं। तबाही का मंजर देख चुके इन मोरनी वासियों की उम्मीदें दो साल पहले आई बाढ़ की तबाही में बह गई थी। ऐसा नहीं है कि प्रदेश सरकार को मोरनी क्षेत्र के हालात की जानकारी न हो लेकिन विकास की धीमी गति के चलते इस शिवालिक क्षेत्र में कई योजनाएं दम तोड़ गई।

कालका विधानसभा के अंतर्गत आने वाला यह पहाड़ी क्षेत्र विकास के मामले में कहां पिछड़ गया, यह सवाल बार बार यहां के बाशिंदों के दिलों में कौंध रहा है। आज भी जब लोग कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। लोग पीने के पानी को लेकर मोहताज हैं और कई तो ऐसे क्षेत्र हैं जहां लोगों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। बावजूद इसके पीने के पानी के मजबूत इंतजाम नहीं किए गए। बरसात बीतने के 10 महीने बाद भी बरसात से हुए नुकसान को लेकर सरकार की तरफ से कोई बंदोबस्त नहीं किया और आगामी दिनों में जब मानसून सत्र आएगा तो फिर लोगों के लिए पहले जैसे हालात बन जाएंगे। ऐसे में सरकार को चाहिए था कि वह मोरनी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देती। क्योंकि यहां पर दुर्गम रास्तों की वजह से लोगों के लिए समस्या और ज्यादा गंभीर हो जा जाती है। एक तरफ कई रास्ते तो बनते बनते ही टूट गए हैं और दूसरी तरफ रास्तों का निर्माण सरकार की तरफ से नहीं करवाया गया। कई रास्तों पर आज भी मलबा पड़ा है।

### बाढ़ की तबाही में बह गई उम्मीदें, आस देने वालों ने भी मीची आंखें

#### मोरनी के विकास पर क्या कहते हैं विधायक



विधायक प्रदीप चौधरी ने संपर्क करने पर कहा कि मोरनी की इतनी समस्याओं को विधानसभा में भी उठाया गया परंतु सरकार का लोगों की दिक्कतों को तरफ बहुत कम ध्यान रहा है। भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े 9 वर्ष में मोरनी क्षेत्र के लिए कोई विकास नहीं किया। सड़कों के हालत तो वैसे पूरे विधानसभा क्षेत्र में काफी खराब हैं। लेकिन मोरनी में भी कई ऐसे रास्ते हैं जिनको लेकर सरकार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रोडवेज सर्विस का भी बुरा हाल है। कई जगहों पर बस नहीं पहुंच पाती और मिनी बसों में पूरी सवारियां नही है। बड़ी बसे भेजी जाएं। खराब कंडीशन की भी बसे होती है और ऐसे में कई बार तो हादसे भी हो चुके हैं। स्कूल का टाइम अलग होता है और बसों का टाइम अलग होता है। ऐसे में बच्चे या तो घंटों इंतजार करते है या फिर पैदल ही सफर नापते है।

#### इस लिए है मोरनी सबके लिए खास

क्या आप शहर की हलचल से दूर एक ताजा और आरामदायक छुट्टी की तलाश में हैं? क्या आप किसी ऐसे हिल स्टेशन की खोज करना चाहते हैं जिसका समृद्ध इतिहास, आकर्षक पौराणिक कथाएं और विविध वनस्पतियां और जीव हों? यदि हां, तो आपको निश्चित रूप से मोरनी हिल्स की यात्रा करनी चाहिए, जो चंडीगढ़ के पास हरियाणा के पंचकूला जिले में एक छिपा हुआ रत्न है। मोरनी हिल्स एक खूबसूरत हिल स्टेशन है जो सुंदर दृश्य, नौकायन सुविधाएं, ट्रैकिंग विकल्प, वन्यजीव अभयारण्य, प्राचीन किला, मंदिर, शराब की भट्ठी और बहुत कुछ प्रदान करता है। यह अपनी दो परस्पर जुड़ी झीलों के लिए भी जाना जाता है जो रहस्य और किंवदंती में डूबी हुई हैं।




# 70 साल के हुए मनोहर लाल, सीएम सैनी ने लड्डू खिलाकर दी बधाई

राष्ट्र के लिए काम करने का रास्ता मुझे गुरुओं ने दिखाया: मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 5 मई।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने आज अपने जन्म दिन पर मंजी साहेब गुरुद्वारा में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। वहां उन्हें गुरुओं का आर्शीवाद मिला। उन्हे सैकड़ों की संख्या में मौजूदा साध संगत ने आशीर्वाद दिया। यहां उल्लेखनीय है मंजी साहेब गुरुद्वारा के बारे में कहा जाता है कि यहां पर पहली पातशाही अदि गुरु गुरु नानक देव जी यहां पर आए थे। पूर्व सीएम मनोहर लाल आज अपने सत्तर वें जन्म दिन पर आज करनाल के मंजी साहेब गुरुद्वारा पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर उनको सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। उनको सिरौपा और कृपाण भेंट कर सिख पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिह, हरियाणा राज्य गुरुद्वारा पबंधक कमेटी के प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध, मीत प्रधान गुलाब सिंह मूनक गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह, प्रधान बरिंदर सिंह, स. अजीत सिंह, बाबा जोगा सिंह,तेजेंद्र सिंह मक्कड मंजी साहेब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान प्रबंधक सहित संत महात्माओं ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह मूनक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राजनीतिक संत हैं। वह सिख पंथ के सेवक हैं। उन्होंने इस बात को साहिबत किया है। उन पर गुरुओं की हमेशा कृपा रही हैं। उन्होंने गुरुओं का हमेशा सम्मान किया हैं। इस अवसर पर हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि यहां पर इतनी बड़ी तादात में सगत इस बात की गवाही देती है कि संगत का साथस हमेशा राष्ट प्रेमकी मनोहर लाल के साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि वह मनोहर लाल को हमेशा एक सांवादशील गुरुभाई मोनते हैं। उन्होंने गुरुओं के प्रकाश पर्व शहीदी दिहाड़ों को सरकारी स्त्र पर मनाया। मनोहर लाल ने हरियाणा में हमेशा संत महातमाओं गुरुओं का सम्मान बढ़ाया है। अब सिख संगत मनोहर लाल का हर तरह से साथ देगी। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि वह गुरुओं के आगे नतमस्तक ळैं। वह हमेशा अपना जन्म दिन गुरुओं के दर पर जाकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुओं के आशीर्वाद के कारण ही वह आज राष्ट के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी उनके प्रति सेवा लगाई जाएगी वह उस पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर विधायक हरिविंदर कल्याण मेयर रेनूवाला गुप्ता, कपिल अत्रेजा, जगमोहन आनंद भाजपा नेता अशोक भंडारी, मेघा भंडारी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

उसके बाद वह करनाल के कर्ण कमल कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। दोनों नेता आपस में खुशी से मिले और दोनों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाया। कर्ण कमल कार्यालय में मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर लड्डू बांटे गए। वहीं सीएम नायब सैनी ने मनोहर लाल की तारीफों के पुल बांधे और उनके जन्मदिन की बधाई उन्हें दी।

## हरियाणा के दसवें मुख्यमंत्री हैं मनोहर लाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मनोहर लाल खट्टर को सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाने में सीढ़ी साबित हुआ। मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के दसवें मुख्यमंत्री हैं। मनोहर लाल खट्टर ने साल 2014 में पहली दफा चुनाव जीता था। हरियाणा में भूपिंदर सिंह हुड्डा की सरकार के वक्त हुए चुनाव में खट्टर ने करनाल में करिश्मा कर दिखाया था। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह नारवाल को 63,736 वोटों के भारी अंतर से हराकर 2014 के चुनावों में अपना पहला चुनाव जीता था। मनोहर लाल खट्टर को संघ की सेवा का फल भी मिला कि जिस चेहरे से लोग 2014 के विधानसभा चुनाव तक अंजान थे, उसी चेहरे ने पहली दफा चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री पद का ताज भी पहना था। इसके बाद 2019 में हुए विधानसभा चुनावों में फिर से भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में जीत हासिल की थी। इस जीत के बाद मनोहर लाल खट्टर को दोबारा हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि वर्तमान में मनोहर लाल खट्टर करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं।

## प्राचीन महादेव के मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद



पूर्व सीएम मनोहर लाल ने आज अपने जन्म दिन पर पुराना सर्राफा बाजार पहुंच कर प्राचीन शिव मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। महादेव ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया। महाभारत कालीन शिव मंदिर में आज सुबह मुख्यमंत्री पहुंचे। यहां उनका स्वागत मङ्क्षदर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश जिंदल सचिव गौरव गर्ग ,चंदर अरोड़ा , किशोर नागपाल के साथ बाजार के दुकानदारों ने किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ने मनोहर लाल की जीत के लिए अनुष्ठान किया। उनके लिए विशेष पूजा करवाई गई। पूर्व सीएम ने भगवान के आगे नतमस्तक होकर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्हें विजय की कामना के लिए माला पहनाई गई। उनके साथ इस अवसर पर विधायक हरिविंदर कल्याण मेयर रेनूवाला गुप्ता, जगमोहन आनंद भाजपा नेता अशोक भंडारी, मेघा भंडारी सहित तमाम लोग मौजूद थे।



पूर्व सीएम मनोहर लाल ने मंजी साहेब में गुरु के आगे मत्था टेका।

# पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर, लोग वोट की चोट से मोदी सरकार को दिखाएंगे बाहर का रास्ता: सैलजा

भाजपा राज में हक के लिए किसान, बेरोजगार, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी, सभी सड़को पर

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता भी बदलाव के लिए तैयार है और बदलाव होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रतिया, 5 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन)की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने गलत नीतियों को लागू कर पूरे देश के लोगों को ठगा है। मोदी सरकार ने हर वर्ग को लोगों को रोने के लिए विवश कर दिया है। मगर अब समय बदल रहा है, देश में लोग भी बदलाव चाहते हैं, लोकतंत्र में मतदाता बड़ी शक्ति होती है। पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर चल रही है और लोग वोट की चोट से मोदी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना चुके हैं।

कुमारी सैलजा ने रविवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर वोट की अपील की। उन्होंने गांव भिरडाना में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में कोई भी आदमी छोटा नहीं होता, सबकी आवाज बराबर होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। किसान, बेरोजगार, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी, सभी हकों के लिए सड़को पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। पर अहंकार में डूबी इस सरकार को कुछ भी दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि उनके पिता चौ. दलबीर सिंह की चिट्ठियों को जिस प्रकार लोगों ने इतने प्यार से संभालकर रखा है मेरा वचन है कि मैं उतने ही समर्पण से आपके हर सपने को संवारूंगी। ये वक्त कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का और देश को मजबूत करने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता के साथ सबसे बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कहा कि आज सिरसा ही नहीं देश बदलाव के लिए तैयार है और बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि मतदाता केवल और केवल मतदान की प्रतीक्षा कर रहा है ताकि इस जनविरोधी सरकार को अलविदा कहा जा सके। पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर चल रही है। देश के किसानों की वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि आज किसानों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है वह आवाज उठाना चाहता है पर लाठी डंडों से हर बार उसकी आवाज दबाई जा रही है। अभी तक एमएसपी लागू नहीं की गई लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही एमएसपी कानून लागू किया जाएगा। भाजपा सरकार किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। भाजपा सरकार को किसान हितैषी कहलाने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तब से किसानों का जमकर शोषण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि किसानों का आंदोलन कृषि क्षेत्र में गहरे संकट की घंटी बजा रहा है। भाजपा/एनडीए सरकार की प्रतिक्रिया संवेदनहीन और क्रूर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य नहीं मिलता; न ही उत्पादकों के पास अपनी उपज के विपणन के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। निर्यात नियंत्रण ने किसानों को कमजोर कर दिया है। खेतिहर मजदूरों की दुर्दशा तो और भी बदतर है; काम की उपलब्धता अनियमित है और मजदूरी लगभग 04 वर्षों से स्थिर है।

## सैलजा पर पुष्पवर्षा कर किया जोरदार स्वागत

गांव भिरडाना में पहुंचने पर लोगों ने कुमारी सैलजा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बुजुर्ग महिलाओं ने उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने सैलजा के पिता चौ.स्व. दलबीर सिंह के साथ काम किया था जिन्होंने कहा कि उनका तो सैलजा के साथ पहले से नाता है अब तो दस रिश्ते को और मजबूत करना है। सैलजा के प्रति महिलाओं में उत्साह और जोश देखते ही बनता था, कुछ महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। सैलजा ने उनसे वोट की अपील की।

## सैलजा का डबवाली विधानसभा क्षेत्र का दौरा आज

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा 6 मई को डबवाली विधानसभा के अनेक गांवों का दौरा कर कार्यक्रमों में शामिल होकर वोट की अपील करेंगी। वे 09.30 बजे – घुकांवाली, 10.00 बजे – नूहियांवाली, 10.30 बजे – सलाम खेड़ा, 11.00 बजे – जंडवाला जाटान, 11.30 बजे – जगमालवाली, 12.00 बजे – पिपली, पाना, टप्पी, 12.30 बजे – असीर, 01.00 बजे – माखा 01.30 बजे – खोखर, 02.00 बजे – हस्सु ,02.30 बजे – नौरंग, 03.00 बजे – तिगड़ी, चट्ठा, 03.30 बजे – फुल्लो, 04.00 बजे – देसू जोधा, 04.30 बजे – पन्नीवाला मोरिका, 05.00 बजे – जोगेवाला, 05.30 बजे – मांगेआना, 06.00 बजे – गांव डबवाली, 06.30 बजे – वार्ड नंबर 13, 14, 15 की सभा, 07.00 बजे – वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4 की सभा को संबोधित करेंगी।

## डॉ विनीत पुनिया के नेतृत्व में दर्जनों नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन, कुमारी सैलजा को दिया खुला समर्थन



**फतेहाबाद (अप्रस)।** फतेहाबाद में कांग्रेस को सफलता मिली है। रविवार को भाजपा, जजपा और इनेलो के दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामकर कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा को पूरा समर्थन दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ विनीत पुनिया ने सभी नेताओं को कांग्रेस का पटका पहनकर पार्टी में शामिल कराया। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर मंगतराम, मांगेराम ढिंगसरा, राजेश कुमार ब्लॉक समिति मेंबर ढिंगसरा, राजेश कुमार ब्लॉक समिति मेंबर, महेन्द्र, विनोद कुमार, वेद प्रकाश, देवीलाल, सुल्तान सिंह, जागर सिंह नायक, पृथ्वी सिंह, संजय घोटड, मांगेराम माईला, कृष्ण लूणा, विश्व मित्र, ओमप्रकाश मुंड, पुर्णमल धामु, हेमंत गौड़ , राहुल गौड़, परीक्षित गौड़, गौरव धैंगवाल, राजेन्द्र, मंगल सिंह , जोगिन्द्र सिंह , दुलीचंद, अजय कुमार, छोटूराम, मंदीप, धर्मपाल, जयचंद, भगवानदास, भजनलाल कालवां, रामेश्वर कालवां, विनोद चौहान, सुभाष माकड, रमेश माकड, मक्खन कालवां , रोहताश कालवां, उग्रसैन कालवां, नानकचंद, वेदप्रकाश, सोनू, मनोज, ,सुनिल, अनिल, रामेश्वर, धनराज कालवां, सोनू मैम्बर, सतपाल, यशपाल, सुमेर, अमर सिंह सहित दर्जनों नेताओं ने भाजपा, जजपा और इनेलो छोड़कर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान डॉ. विनीत पुनिया ने कहा कि इन नेताओं और कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने से कांग्रेस व इंडिया जनबंधन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें पूरा मान सम्मान देने का भरोसा दिलाया।

### पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में युवाओं ने ज्वाइन की कांग्रेस

# देश व प्रदेश में लगातार बढ़ रहा कांग्रेस का जनाधार: अशोक अरोड़ा



अर्थ प्रकाश/कुलतार

**कुरुक्षेत्र, 5 मई।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि अबकी बार प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को हरियाणा से चलता करने का काम करेगी। हरियाणा की जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है और कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। रोजाना लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वह अपने निवास स्थान पर सैंकड़ों युवाओं को कांग्रेस में शामिल करने के बाद बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव हिमांशु अरोड़ा के प्रयासों से युवा नेता कुलदीप हथीरा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं को कांग्रेस में ज्वाइन करवाया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी युवाओं को पटका पहनाया और विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी युवाओं का पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। इस दौरान कमल सहारन, धोला राम, करमजीत सिंह, अमन सिंह आजाद नगर, गोल्डी सिंह, साहिल, रवि चौधरी, पंकज घराडसी, रोहित चौधरी ज्योतिसर समेत गांव घराडसी, आकाश नगर, कल्याण नगर व गांव खिदरपुरा से सैकड़ो युवाओं ने जजपा, इनेलो, भाजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज देश व प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल पड़ी है। अबकी बार देश की जनता मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। 10 साल के भाजपा के राज में देश की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। भाजपा राज में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। 400 रुपए में मिलने वाला गैस सिलेंडर 1000 रुपए के पार कर दिया है। इस राज में युवाओं के लिए देश से रोजगार खत्म हो चुका है। युवा वर्ग रोजगार की तलाश में विदेशो की ओर रुख कर रहा है। पहले जहां 12वीं पास करने के बाद बच्चे कॉलेज में दाखिला लेते थे लेकिन अब रोजगार की आस छोड़ चुके युवा कॉलेज में दाखिला लेने की बजाय विदेशों में जाकर रोजगार ढूंढ रहे हैं। इतना ही नहीं हरियाणा सरकार ने तो हरियाणा के युवाओं को इजरायल में चल रहे युद्ध में ही धकेलना का काम किया। एक तरफ सरकार द्वारा गाइडलाइन जारी की गई कि इसराइल में युद्ध चला हुआ है और वहां जाना सुरक्षित नहीं है लेकिन हरियाणा सरकार ने हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने की बजाय इज़राइल भेजने का काम किया।

# अभय चौटाला जीतेंगे लोकसभा चुनाव: रामपाल माजरा

## बोले- जनता से आ रही आवाज, इनेलो ही कर सकती है सभी के हितों की रक्षा

गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान रामपाल माजरा ने की वोट की अपील

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल, 5 मई

इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से अभय चौटाला भारी मतों से जीत रहे हैं। जनता से आवाज आ रही है कि इनेलो पार्टी ही सभी वर्गों के हितों की रक्षा कर सकती है। अभय चौटाला के लिए अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान रामपाल माजरा ने आज सिनंद में डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान कहा कि वे ताऊ देवीलाल की राजनीतिक पाठशाला के छात्र हैं। उन्होंने देखा है कि किस तरह से ताऊ देवीलाल ने प्रदेश में हर वर्ग को राजनीति में आगे लाने का सामाजिक प्रयोग किया था। कुरुक्षेत्र संसदीय सीट से ताऊ देवीलाल ही थे, जिन्होंने पिछड़ा वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए चुना। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने इस सीट को पिछड़ा वर्ग के लिए मानो आरक्षित कर दिया हो। वे लगातार इस सीट से पिछड़ा वर्ग को आगे बढ़ाते रहे। कुछ लोग अभय चौटाला पर पिछड़ा वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि इनेलो ही पिछड़ा वर्ग के लोगों को राजनीतिक तौर पर आगे बढ़ाया है। इस बात की गवाही कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की सीट का इतिहास देता है। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाई पूंजीपतियों व कमेरे वर्ग के बीच है। एक ओर तो भाजपा व कांग्रेस समर्थित करोड़पति व पूंजीपति उम्मीदवार हैं। दूसरी ओर कमेरे वर्ग के हितैषी वे अभय चौटाला हैं, जिन्होंने किसानों के लिए विधायक पद को भी छोड़ दिया था। हरियाणा विधानसभा के सत्र इस बात के गवाह हैं कि अभय चौटाला किस तरह से मौजूदा सरकार से पूरे पांच साल हरियाणा के हर वर्ग के लोगों की आवाज बनें रहे।

# हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा

## हरियाणा बनाओ अभियान ने सभी उम्मीदवारों को इस मुद्दे पर संपर्क करने की मुहिम छेड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 मई।** हरियाणा बनाओ अभियान की टीम ने हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे को लेकर उदय भान, अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ सुशील गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार, इंडिया गठबंधन एवं अध्यक्ष, आम आदमी पार्टी, हरियाणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान रणधीर सिंह बधरान संयोजक हरियाणा बनाओ अभियान, यशपाल राणा एडवोकेट, सुरेंद्र बैरागी एडवोकेट, रवि कांत सैन एडवोकेट, राज कुमार सलूजा, हरपाल सिंह एडवोकेट भारत भूषण वाल्मीकि एडवोकेट,रितेश गुर्जर एडवोकेट परवीन मलिक राकेश कटलारी और कई अन्य वकील भी मौजूद थे।

रणधीर सिंह बधरान संयोजक ने कहा कि अनुमान है कि हरियाणा के 45 लाख से अधिक लोग मुकदमेबाजी में शामिल हैं और अधिकांश वादकारी मामलों के निपटारे में देरी के कारण प्रभावित होते हैं। त्वरित निर्णय के मुद्दे हरियाणा के वादकारियों और अधिवक्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों को अलग-अलग उच्च न्यायालय की आवश्यकता है। मंच की हरियाणा की सीमा के भीतर एक और नई राजधानी की मांग भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। लेकिन राजनीतिक कारणों से राजनीतिक दल हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। अब इस मुद्दे पर हरियाणा के राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाने के लिए आने वाले दिनों में पूरे हरियाणा में बड़ी सार्वजनिक बैठकें बुलाई जाएंगी।

हरियाणा बनाओ अभियान हरियाणा ने राजनीतिक नेताओं से हरियाणा के क्षेत्र में नई राजधानी और हरियाणा के नए उच्च न्यायालय के मुद्दे को हल करने के लिए राजनीतिक स्तर पर अभियान का समर्थन करने की मांग की। अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया कि हरियाणा के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग सौंपी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार या राजनीतिक दल अभियान में उठाई गई हरियाणवी जनता की मांग का विरोध कर रहा है तो चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। हरियाणा में संसदीय चुनाव के प्रत्येक उम्मीदवार को नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग का सामना करना पड़ेगा। हरियाणा बनाओ अभियान से जुड़े अधिवक्ताओं ने पहले ही कई उम्मीदवारों को ज्ञापन सौंप दिया है और पिछले दो वर्षों से वे हरियाणा के सभी निवासियों के व्यापक सार्वजनिक हित में अलग उच्च न्यायालय और हरियाणा की नई राजधानी के निर्माण के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया कि हरियाणा के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग सौंपी जाएगी। रणधीर ने बताया कि उचित स्थान पर आधुनिक राजधानी के निर्माण से राज्य के अविकसित क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी और यह राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा इसे अनाज अर्थव्यवस्था से मस्तिष्क अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में प्रभावी रूप से सहायक होगा।

## सम्पादकीय

# धार्मिक कट्टरता की आड़ में हिंसा का दौर होना चाहिए खत्म

*लोकसभा चुनाव के दौरान पाकिस्तान की ओर से देश में दहशत फैलाने की हरसंभव चेष्टा जारी है, और इसका उदाहरण उस आरोपी की गिरफ्तारी भी है, जोकि हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रच रहा था। यह अपने आप में बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि इससे पहले अनेक हिंदू नेताओं एवं जनसामान्य की हत्याएं की जा चुकी हैं। देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के लिए उपद्रवी तत्व लगातार सक्रिय रहते आए हैं और अब इनका पाकिस्तान से कनेक्शन भी साबित हो गया है। मालूम हो गुजरात पुलिस ने हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि मौलवी ने इसके लिए पाकिस्तान से हथियार का ऑर्डर भी दिया था। इसके लिए 1 करोड़ की रकम की व्यवस्था भी की थी। बताते हैं कि मौलवी ने दूसरे देशों में बैठे साथियों से ऑनलाइन कोड वर्ड में बात करते हुए इसकी योजना तैयार की थी, लेकिन गुजरात पुलिस ने समय रहते आरोपी को गिरफ्तार करके इस पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया।*

**दरअसल, यह कितना चिंताजनक है कि आरोपी इस्लाम पर निजी ट्यूशन भी देता है। यानी धर्म की आड़ में वह अपराधों को अंजाम देने की योजना बनाता है। वास्तव में इस समय धर्म कोई व्यक्तिगत विषय नहीं रह गया है। तमाम ऐसे आरोपी हैं, जोकि धर्म की आड़ में अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। तब किसी धर्म विशेष का जिक्र करना और उससे जुड़े आरोपी के संबंध में चर्चा करना उस धर्म के प्रति नकारात्मक बात नहीं कही जानी चाहिए। गौरतलब है कि हरियाणा के नूंह में शिवरात्रि के जुलूस पर जो हमला हुआ था, वह एक सोची समझी साजिश थी।**

*दरअसल, यह कितना चिंताजनक है कि आरोपी इस्लाम पर निजी ट्यूशन भी देता है। यानी धर्म की आड़ में वह अपराधों को अंजाम देने की योजना बनाता है। वास्तव में इस समय धर्म कोई व्यक्तिगत विषय नहीं रह गया है। तमाम ऐसे आरोपी हैं, जोकि धर्म की आड़ में अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। तब किसी धर्म विशेष का जिक्र करना और उससे जुड़े आरोपी के संबंध में चर्चा करना उस धर्म के प्रति नकारात्मक बात नहीं कही जानी चाहिए। गौरतलब है कि हरियाणा के नूंह में शिवरात्रि के जुलूस पर जो हमला हुआ था, वह एक सोची समझी साजिश थी। इस दौरान एक धर्म विशेष के लोगों ने कायराना हमला करते हुए किस प्रकार माहौल में तनाव पैदा कर दिया था। इसी प्रकार राजस्थान और दूसरे राज्यों में इस प्रकार की घटनाएं घट चुकी हैं। राजस्थान में एक हिंदू दर्जी की हत्या को देश कैसे भूल सकता है। इस प्रकरण की वजह एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद के संबंध में अनुचित टिप्पणी को करार दिया गया। हालांकि यह भी विचार की बात है कि अगर किसी टिप्पणी के लिए उकसाया जाएगा और वह अंजाम दे दी जाएगी तो फिर अपराधी उसके बाद किसी की हत्या की सुपारी देंगे। इस समय भी जिस मौलवी को गिरफ्तार किया गया है, वह उसी पूर्व भाजपा महिला नेता की हत्या की योजना बना रहा था, जिसने टीवी पर डिबेट के दौरान कथित रूप से अनावश्यक टिप्पणी की थी। यानी यह ऐसा मामला नहीं है कि किसी की गलती के लिए उसे माफ कर दिया गया, यह ऐसा मामला है, जिसमें किसी की जान लेने के लिए योजना बनाई जा रही है। यह धार्मिक कट्टरपन नहीं है तो और क्या है।*

*मौजूदा समय में हिंदू मंदिरों के उत्थान की लड़ाई लड़ने के पीछे अगर कोई सक्रिय है तो वह भाजपा है। वास्तव में आज अगर भाजपा यह कहने को विवश है कि पार्टी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है तो यह समय की मांग है। वरना अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ढहाने के दौरान जो हुआ, वह न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। यह बहस अनंत समय तक जारी रह सकती है कि उस समय जो हुआ वह सही था और आज हो रहा है वह गलत है। कट्टरता के पूजक उस समय भी थे और आज भी हैं। अगर किसी के पक्ष में खड़े न होकर यह समझा जाए कि इतिहास में जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था और उसके बाद आजाद भारत में रह-रह कर जो हुआ, वह भी नहीं होना चाहिए था तो संभव है आज टीवी पर शिवलिंग और पैगंबर मुहम्मद के संबंध में बहस नहीं होती। फिर किसी की ओर से उकसाया नहीं जाता और कोई उकसावे में ऐसी बात नहीं कहता जोकि एक धर्म के अनुयायियों को भडका देती। आज सांप्रदायिक घटनाएं बच्चों के खेल की तरह हो गई हैं, किसी भी गली-मुहल्ले में जरा सी बात पर ऐसी चिंगारी भडकती है, जोकि दंगे का रूप ले लेती है। फिर देशभर के बौद्धिकों की बहस छिड़ जाती है, अखबारों के पन्ने भरे जाने लगते हैं। पुलिस, जांच एजेंसी, सरकार और अदालतों का नजरिया एवं टिप्पणी सामने आने लगती हैं। वास्तव में वह चाहे भाजपा हो या फिर कांग्रेस या फिर कोई अन्य दल। यह समय इस पर निर्णय लेने का है कि क्या धर्म और जाति के आधार पर राजनीति अब भी चाहिए या फिर इसे तिलांजलि देने का समय आ गया है। यह बात कहना और इसके संबंध में किसी परिणाम पर पहुंचना मुश्किल ही होगा, क्योंकि देश का आधार ही उसके धर्म और जाति में बंटा होना है।*

# आर्थिक क्षेत्र में नित नए विश्व रिकार्ड बनाता भारत

हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में आज भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में आज सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही सम्पन्न हो रही है। भारत आज विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं भारत आज पूरे विश्व में मोबाइल फोन का निर्माण करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में आज विश्व का




दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मासीयूटिकल उद्योग है। भारत में आज पूरे विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप को विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में, विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में आज विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट हेतु आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत आज छठे स्थान पर आ गया है। आर्थिक क्षेत्र में भारत को यह सभी उपलब्धियां पिछले 10 वर्षों के दौरान प्राप्त हुई हैं।

पिछले केवल 10 वर्षों के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेन्सेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है, इसी प्रकार निफ्टी भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा है। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपना विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या वर्ष 2014 में 2.2 करोड़ थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात इन 10 वर्षों में 7 गुणा से अधिक की वृद्धि दर अर्जित की गई है। देश का प्रत्येक उद्यमी/उपक्रमी/व्यवसायी बहुत उत्साह में है कि देश में व्यापार करने हेतु वातावरण में बहुत सुधार हुआ है एवं ईज आफ डूइंग बिजनेस में काफी सुधार हुआ है। आज भारत ही नहीं बल्कि भारतीय कम्पनियों द्वारा विदेश में भी पूंजी उगाहना बहुत आसान हो गया है। अतः एक प्रकार से उद्यमियों के लिए पूंजी की समस्या तो नहीं के बराबर रह गई है।

भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। आज भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है तो कई उत्पादों के आयात में कमी दिखाई देने लगी है। इसे भारतीय नागरिकों के आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है। फरवरी 2024 माह में भारत का व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, जो पिछले 20 महीनों में उच्चतम स्तर पर है। इसके अतिरिक्त, सेवा निर्यात 3210 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी 2024 माह में माल एवं सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 7355 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो फरवर 2023 की तुलना में 14.2 प्रतिशत अधिक है। इसी कारण से, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी आज 64,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

आज भारतीय नागरिकों ने सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत को विकसित एवं मजबूत बनाने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा लिए हैं। आज भारत में प्रत्येक नागरिक का औसत जीवन वर्ष 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है। यह भारत में लगातार हो रही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही सम्भव हो सका है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। इसी प्रकार, एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कम्पनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गम्भीरता से विचार कर रही हैं, इससे भारत में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं।

गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बढ़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना- के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं।

अंत में यह कहा जा सकता है कि भारत आर्थिक क्षेत्र में आज पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है एवं अपनी विकास दर को 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाने के भरसक प्रयास कर रहा है। इससे निश्चित ही भारत शीघ्र ही पहले विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं इसके बाद वर्ष 2027 तक भारत एक विकसित राष्ट्र भी बन जाएगा।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### पटियाला में कमिश्नर की हत्या

**चंडीगढ़, 6 मई।** आज सुबह पटियाला के आबकारी एवं कराधान अधिकारी ए.के. मिश्रा की खाड़कुओं ने घर से कार्यालय जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में श्री मिश्रा का गनमैन रामनारायण भी मारा गया जबकि उसका कार चालक छज्जूराम अभी भी अस्पताल में जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। खाड़कु वारदात करने के बाद भागने में सफल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह श्री मिश्रा जब अपने घर से कार्यालय के लिए रवाना हुए तो रास्ते में 22 नवंबर रेलवे फाटक के निकट स्कूटर पर सवार दो खाड़कुओं ने उन पर गोलियां चलाई। हमने में श्री मिश्रा सहित उसका गनमैन रामनारायण व कार चालक छज्जूराम भी बुरी तरह जख्ती हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया जहां श्री मिश्रा व उनके गनमैन की मौत हो गई जबकि कार चालक की हालत अभी भी काफी नाजुक है।

### सम्पत को भजनलाल की चेतावनी

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के विपक्षी नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल की ओर से राजनैतिक विरोधियों के विरुद्ध टाडा एक्ट के दुरुपयोग का फैसला यदि जल्द बंद न हुआ तो उनकी पार्टी की ओर से हिसार में शुरु किया गया धरना रैली व रास्ता रोको आंदोलन का रूप धारण कर लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस टाडा एक्ट की साधारण आदमी को भी तंग करने के लिए नाजायज रूप से इस्तेमालकिया जा रहा है ताकि पैसा बटोरा जा सके। उन्होंने कहा कि जिनके खिलाफ टाडा के केस दर्ज होने चाहिए उनके खिलाफ पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि गत शनिवार को करनाल के सदरपुर इलाके में हुआ हत्याकांड इसी का परिणाम है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1857: ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। रेजिमेंट के सिपाही मंगल पांडेय ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था।

1861: मोतीलाल नेहरू का जन्म।

1910: जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने।

1940: जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास 'द ग्रेप्स ऑफ रैथ' के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला।

1942: फिलीपीन में अमेरिकी सेना की अंतिम टुकड़ी ने जापान के समक्ष समर्पण किया।

1944: गांधी जी को पुणे के आगा खां पैलेस से रिहा किया गया और यह उनके जीवन की अंतिम जेल यात्रा थी।

1954: लंदन के एक बगीचे में कई महीने तक दौड़ने का अभ्यास करने वाले मेडिकल छात्र रोजर बैनिस्टर ने एक मील की दूरी को चार मिनट के भीतर पूरा करने का रिकार्ड बनाया। उन्होंने यह दूरी तीन मिनट 59.9 सेकंड में पूरी की।

1960: ब्रिटेन की महारानी की छोटी बहन राजकुमारी मार्गरेट और एंथनी आर्मस्ट्रांग जोन्स का विवाह। लंदन के वेस्टमिन्स्टर एबे में संपन्न इस विवाह समारोह को करीब दो करोड़ लोगों ने टेलीविजन पर देखा।


1976: उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत। भूकंप के झटके तीन बार महसूस किए गए। इनमें सबसे ताकतवर भूकंप 6.5 तीव्रता का था। भूकंप का क्षेत्र इतना व्यापक था कि इसके झटके पोलैंड तक महसूस किए गए।

1985: द्वितीय विश्वयुद्ध में बैली पुलों के आविष्कारकर्ता सर डोनाल्ड बैली का इंग्लैंड में निधन।

1997: फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुंचने वाली विश्व की प्रथम महिला बनी।

2004: चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।

## बोल ब्यूटीफुल



**अरविंद कुमार:** रोहित वेमुला की मां राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई थी। अब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने कोर्ट में यह कहते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है कि रोहित को डर था कि कहीं उसके दलित नहीं होने की बात ऊजागर न हो जाए। इसलिए उसने आत्महत्या कर ली थी। कल्याण कीजिए कि यह भाजपा या बीआरएस की सरकार में हुआ होता तो क्या होता?

**शुभम शुक्ला:** राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला अमेठी की अपेक्षा सही है। कोई कितना भी ज्ञान दे ले, लेकिन सच यही है कि अमेठी से लड़ते तो लड़ाई बहुत कठिन होती। रायबरेली में भी लड़ाई है लेकिन शायद अमेठी से कम।

## सबसे अलग

# हिमाचल में भूस्खलन व भूकंप के दौरान बचाव दल की मदद करेगा छह पैर का रोबोट

### मकड़ी की तरह छह पैर का रोबोट



हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर एनआईटी के चार छात्रों ने मकड़की की तरफ चलने वाला छह पैर का रोबोट तैयार किया है. यह रोबोट भूस्खलन और भूकंप के दौरान बचाव दल की मदद करेगा। फोटो और वीडियो के माध्यम से रोबोट यह भी बताएगा कि बचाव अभियान कैसे चलाना है। इसे 'स्पाई डी रोबोट' नाम दिया गया है। इसकी यह भी खासियत है कि यह मानवीय पहुंच से बाहर होने वाले कामों को भी आसानी से कर लेगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन के सहायक प्रोफेसर राकेश शर्मा के मुताबिक आपदाग्रस्त क्षेत्र में लाइव फुटेज देने के साथ ही यह रोबोट स्ट्रक्चर की थ्री डी मैपिंग में भी सक्षम है। करीब दस हजार रुपए की लागत से बनाया गया यह रोबोट सेंसर की मदद के बिना रिमोट कमांड के कार्य करने में सक्षम है। यह रोबोट मलबे और पहाड़ियों के भीतर उन जगहों पर जा कर भी काम करेगा, जहां ड्रोन की पहुंच संभव नहीं है। इस रोबोट को पार्थ, अंशुमन, आशीष और गौरव ने तैयार किया है। इन छात्रों का दावा है कि बाजार में दस हजार रुपए की लागत के रोबोट उपलब्ध नहीं हैं।

यह रोबोट बहुत कम आवाज में कार्य करने में सक्षम है। यह वाईफाई कैमरे की लाइव फीड भेज सकता है। वाईफाई की सिग्नल चला जाए तो भी फुटेज को रिकॉर्ड कर लेगा। लाइव फुटेज की यूजर तक पहुंचाने में भी यह सक्षम है। इसे रिमोट से नियंत्रित किया जा सकेगा। इसका आकार जरूरत के हिसाब से कम-ज्यादा किया जा सकता है। इसमें अल्ट्रासोनिक सेंसर लगे हैं, जो इसे किसी भी खतरे के प्रति सचेत करेंगे. सेंसर ही इसे सामने की वस्तु की दूरी और आकार की जानकारी देंगे।

### रेलगाड़ी से अलग हो गया इंजन



पंजाब में आज खन्ना के पास एक चलती रेलगाड़ी का इंजन अलग हो गया और करीब तीन किलोमीटर तक बिना डब्बों के अकेले ही पटरियों पर दौड़ता रहा। पटरी पर काम कर रहे एक की-मैन के शोर मचाने पर ड्राइवर को इस बारे में जानकारी मिली।

इसके बाद ड्राइवर ने इंजन को रोका और वापस लौट कर इसे गाड़ी से जोड़ा गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान पटरी पर कोई दूसरी गाड़ी नहीं आई, जिससे यात्रियों की जान बच गई. यह हादसा पटना से जम्मू-तवी जा रही अर्चना एक्सप्रेस रेलगाड़ी के साथ हुआ है।

इससे ढाई महीने पहले भी पंजाब में ऐसी एक घटना घट चुकी है, जब एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के पटरियों पर दौड़ने लग गई थी। यह मालगाड़ी जम्मू में कठुआ स्टेशन से पंजाब में पठानकोट की तरफ चल पड़ी और इसे किसी तरह होशियारपुर में ऊंची बस्सी स्टेशन पर रोका गया।

बिना ड्राइवर पटरियों पर दौड़ती गाडी की सूचना मिलने पर जम्मू-तवी रेलवे लाइन के स्टेशनों पर इमरजेंसी हूटर बजने शुरु हो गए थे. मालगाड़ी के बिना ड्राइवर पटरियों पर दौड़ने की सूचना मिलने के बाद एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन को भी मालगाड़ी के पीछे दौड़ाया गया। करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही इस ट्रेन को किसी तरह ऊंची बस्सी स्टेशन पर रोक लिया गया। जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर खड़ी इस मालगाड़ी का इंजन चालू था। लोको पायलट के नीचे उतरने के बाद मालगाड़ी अचानक बिना ड्राइवर के ही दौड़ने लगी थी।

### किसानों का विरोध झेलती भाजपा



पंजाब में पटियाला लोकसभा क्षेत्र के सेहरा गांव में भाजपा उम्मीदवार महारानी परणीत कौर के विरोध के दौरान हुई धक्का-मुक्की में एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकड़ी गांव के 60 वर्षीय सुरिंदरपाल सिंह के रूप में की गई है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कत्ल का केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परणीत कौर पटियाला से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं. चुनाव प्रचार के सिलसिले में आज वे सेहरा गांव पहुंची थीं। सूचना मिलने के बाद बड़ी तादात में उनका विरोध करने के लिए किसान वहां इकट्ठे हो गए। किसानों ने परणीत के काफिले को घेर कर नारेबाजी शुरु कर दी. किसानों को गाड़ी के आगे से हटाने के लिए हुई धक्का-मुक्की में सुरिंदरपाल सिंह जम्में पर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

संयुक्त किसान मोर्चा इस मामले में एक बैठक कर आगे की रणनीति का ऐलान करेगा। पंधेर ने आरोप लगाया कि हाल ही में भाजपा में शामिल होने वाले एक नेता ने किसान को धक्का मार कर जमीन कर गिरा दिया था, जबकि पूर्व सांसद परणीत कौर का कहना है कि किसान को किसी ने धक्का नहीं मारा, बल्कि वह खुद ही लड़खड़ा कर गिर गया था।

पंधेर ने कहा है कि भाजपा को पंजाब में अपनी हार दिखाई दे रही है, इसलिए बौखलाई हुई है। भाजपा पर गुंडागर्दी पर उतरने के आरोप लगाते हुए पंधेर ने कहा कि पंजाब की जनता सब देख रही है और आने वाले चुनावों में भाजपा को इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### कंगना के खिलाफ टिप्पणी



फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार कंगना राणावत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में हरियाणा की रेवाड़ी पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। रेवाड़ी के मॉडल टाउन पुलिस थाने में भाजपा के जिला महामंत्री सत्यदेव यादव ने रिटायर जिला बाल कल्याण अधिकारी प्रेम कुमार के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में यादव ने कहा है कि एक व्यक्ति ने कंगना का फोटो अपलोड कर कुछ ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने इस संबंध में यादवको जानकारी दी थी और इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दे दी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा है कि शिकायत की साइबर एक्सपर्ट से जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपी प्रेम कुमार मूल रूप से महेंद्रगढ़ के रहने वाले हैं और सरकारी सेवा से रिटायर हो चुके हैं।

कंगना राणावत को भाजपा ने पहली बार हिमाचल में मंडी क्षेत्र से टिकट दिया है और उनका मुकाबला लोक निर्माण मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह से है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कंगना के खिलाफ असभ्य टिप्पणी का मामला सामने आया था, जिस पर काफी बवाल मचा था। अब यह नया मामला हरियाणा में रेवाड़ी जिले का है।

### चार लोगों को फांसी की सजा



हरियाणा के मेवात क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड और सामूहिक बलात्कार के मामले में पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने चार दोषियों को आज फांसी की सजा सुनाई है। दोषियों ने डिंगरहेड़ी गांव में एक किसान और उसकी पत्नी की हत्या कर दी थी और दो सगी बहनों के साथ सामूहिक बलात्कार किया था। जिन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है, उनमें विनय, जय भगवान, हेमंत चौहान और अयान चौहान शामिल हैं।

दोहरे हत्याकांड और सामूहिक बलात्कार के इस मामले में सबूतों के अभाव में छह आरोपियों तेजपाल यादव, अमित यादव, रविंद्र यादव, करमजीत, राहुल वर्मा और संदीप को बड़ी कर दिया गया है। एक आरोपी अमरजीत पैरोल पर बाहर आने के बाद फरार हो गया था, जबकि एक अन्य आरोपी हंसराज को जब सीबीआई ने जांच के लिए तलब किया तो उसने खुदकुशी कर ली थी।

यह मामला वर्ष 2016 में 24 अगस्त की रात का है, जब बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड और एक नाबालिग सहित दो युवतियों के साथ सामूहिक बलात्कार किया था। इसके साथ ही बदमाशों ने एक ही परिवार के पांच अन्य लोगों को हमला कर जख्मी भी कर दिया था। बावरिया गैंग ने इस वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन बाद में जांच सीबीआई को दे दी गई थी। करीब आठ साल बाद अब सीबीआई की विशेष अदालत ने अब अपने फैसले में चार दोषियों को फांसी की सजा सुना दी है।


**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# भाजपा से नाराज कुलदीप बिश्नोई की बैठक पर टिकी नजरें

## नामांकन पत्र के आखिरी दिन कुलदीप बिश्नोई ने आदमपुर में बुलाई समर्थकों की बैठक

अब तक चुनाव प्रचार से दूरी बनाए हुए हैं कुलदीप बिश्नोई

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला



**जींद, 5 मई।** हरियाणा भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई हिसार लोकसभा सीट पर रणजीत चौटाला का साथ देंगे या बगावत का बिगुल बजाएंगे इस बात का फैसला सोमवार को हो जाएगा। पिछले 1 महीने से ज्यादा समय से चल रहे भाजपा के चुनाव प्रचार में कुलदीप बिश्नोई केवल एक दिन शामिल हुए हैं। वह भाजपा से टिकट कटने को लेकर नाराज थे। इसके बाद उनकी मान-मनौव्वल हुई। और वह आदमपुर में भाजपा की विजय संकल्प रैली में शामिल हुए। इसके बाद से वह लगातार चुनाव प्रचार से दूरी बनाए हुए हैं। जब रणजीत चौटाला ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो कुलदीप बिश्नोई दिल्ली चले गए और उनके विधायक पुत्र राजस्थान अपनी ससुराल में चले गए।

बेशक भाजपा यह कहती रहे कि कुलदीप बिश्नोई नाराज नहीं है लेकिन कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी जगजाहिर हो रही है। कुलदीप बिश्नोई ने सोमवार को अपने राजनीतिक अभेद किले में बैठक बुलाई है। बिश्नोई मंदिर में स्थित चौधरी भजनलाल खेल अकादमी में होने वाली इस बैठक में क्या होगा यह तो अभी तय नहीं है और उनके समर्थक भी अभी पत्ते नहीं खोल रहे हैं, लेकिन माना जाता है कि राजनीतिक रूप से बड़े फैसले लेने में माहिर कुलदीप बिश्नोई कल कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वह यहां से टिकट के प्रबल दावेदार थे। भाजपा ने अंतिम क्षणों में उनकी टिकट काटी। कल हरियाणा में नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। अपने समर्थकों की बैठक कर वह उनसे इस फैसले पर मोहर लगवा सकते हैं कि कुलदीप बिश्नोई चुनाव मैदान में उतरें।

बात अगर भजन और परिवार की की जाए तो चौधरी भजनलाल वर्ष 1979 में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। जनता पार्टी से मुख्यमंत्री बनने के बाद जब 1980 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार आई तो भजनलाल अपने साथ 40 विधायकों को लेकर कांग्रेस में चले गए और मुख्यमंत्री बन गए। 1982 में हरियाणा में देवीलाल को सबसे ज्यादा सीटें मिली लेकिन इंदिरा गांधी के सहयोग से वह देवीलाल के विधायक तोड़कर दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। 1991 में वह पूर्ण बहुमत की सरकार में कांग्रेस से मुख्यमंत्री बने। 1996 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद हरियाणा में सत्ता परिवर्तन हुआ। पहले बंसीलाल और फिर ओमप्रकाश चौटाला सत्ता में आए लेकिन 2005 में भजनलाल हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष थे। मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी थे, लेकिन मुख्यमंत्री पद भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मिल गया। 2007 में भजनलाल ने राजनीतिक समीकरणों को मापने का काम किया और हरियाणा जनित कांग्रेस बना ली। भाजपा 2011 में हरियाणा जनहित कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन में तय हुआ कि विधानसभा की सीट 45-45 लड़ी जाएंगी और लोकसभा में दो सीटों पर कुलदीप बिश्नोई की पार्टी तथा 8 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा की लहर के बावजूद हजकां अपने कोटे की दोनों सीट इनेलो उम्मीदवारों से हार गई। कांग्रेस को एक सीट मिली दीपेंद्र अपनी रोहतक सीट को बचाने में सफल रहे। बाकी सीटों पर भाजपा दर्ज की। इसके बाद भाजपा उन्हें 45 सीटें देने से पीछे हट गई और यहां से उनका समझौता खत्म हो गया।

2016 में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। और 2022 में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। राजस्थान विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, लेकिन जब बात हिसार लोकसभा क्षेत्र की आई तो उनकी टिकट को काटकर रणजीत चौटाला को पार्टी में शामिल कर 1 घंटे में उन्हें टिकट थमा दी गई।

यहां से कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी शुरू हुई जो आज तक जारी है। भाजपा ने इस दौरान कुलदीप बिश्नोई के विधायक पुत्र को पार्टी के प्रदेश मोर्चे का प्रभारी भी बनाने का काम किया लेकिन संकेत इस बात के मिल रहे हैं कि कुलदीप बिश्नोई इससे संतुष्ट नहीं है।

कुलदीप बिश्नोई के कैंप से जुड़े लोगों में इस समय दो बातें महत्वपूर्ण चल रही हैं। पहली यह कि वह कल बगावत कर चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। कल नामांकन पत्र का आखिरी दिन है। इस लोकसभा क्षेत्र पर जो प्रमुख चार उम्मीदवार हैं वह चारों जाट समुदाय से संबंध रखते हैं। नॉन जाट उम्मीदवार होने के कारण कुलदीप बिश्नोई को लगता है कि वह यहां लाभ उठा सकते हैं। दूसरा यह कि वह कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करेंगे और लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को देखकर अगला कदम उठाने की बात करेंगे। अगर कुलदीप बिश्नोई को दूसरा विकल्प ही चुनना होता तो वह नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन की मीटिंग क्यों बुलाते?

कुलदीप बिश्नोई और उनके विधायक पुत्र से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है लेकिन इतना जरूर है कि कुलदीप बिश्नोई ने अचानक से अपने समर्थकों की बैठक बुलाकर प्रदेश की राजनीति में कुछ देर के लिए तो बड़ी गर्माहट पैदा कर दी है। कुलदीप बिश्नोई के पत्ते कल ही खुलेंगे। कल आदमपुर में होने वाली इस बैठक पर प्रदेश के हर राजनीतिक व्यक्ति की नजर टिकी रहेगी।

# मालगाड़ी के डिब्बे के ऊपर चढ़े युवक को लगा करंट, हालत गंभीर

अर्थ प्रकाश/विशाल



**सफीदों, 5 मई।** नगर के रेलवे स्टेशन पर रविवार सांय को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक वहां पर खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ते ही ऊपर से गुजर रहीं बिजली की हाईपावर की तारों से ऊपर खींच लिया और झटके से उसे वापिस डिब्बे पर गिरा दिया। इस घटना में युवक बुरी तरह से झुलस गया। घायल युवक की पहचान गांव खेड़ा खेमावती निवासी नवीन (15) के रूप में हुई है।

आनन फानन में पीछे से तारों की बिजली को बंद करवाया गया और युवक को मालगाड़ी के डिब्बे से उतरवाकर सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। नागरिक अस्पताल में डाक्टरों ने युवक की गंभीरावस्था को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रैफर कर दिया गया। युवक गाड़ी पर क्यों चढ़ा इसके कारण अज्ञात हैं। मिली जानकारी के अनुसार गांव खेड़ा खेमावती का नवीन दोपहर को अपने घर से खेलने के बात कहकर निकल गया था। इस दौरान मां ने रोका भी कि वह दोपहर में ना जाए लेकिन वह नहीं माना और घर से चला गया। वह घर से खेलने की बजाए सफीदों के रेलवे स्टेशन पर चला गया और वहां पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गया। जैसे ही वह मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा वैसे ही ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों ने उसे अपनी ओर खिंचकर उसे एक झटकें में मालगाड़ी के डिब्बे पर फेंक दिया। कुल ही पलों में करंट के प्रभाव से बुरी तरह से झुलस गया। मामले की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी गई। सूचना पाकर स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव तत्काल आफिस से निकलकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक युवक मालगाड़ी के डिब्बे पर बेसुध झुलसी अवस्था में पड़ा है। स्टेशन अधीक्षक ने तत्काल पानीपत से बिजली की सप्लाई बंद करवाकर युवक को नीचे उतरवाकर एंबूलेंस के माध्यम से उसे नगर के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। वहीं नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर उसकी गंभीरावस्था को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही थी। इस मामले में स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि वे अपने आफिस में काम कर रहे थे कि इसी दौरान इस घटनाक्रम की सूचना मिली। वे तत्काल मौके पर पहुंचे और पीछे से बिजली सप्लाई को बंद करवाकर झुलसे हुए युवक को एंबूलेंस बुलाकर नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया।


## न्यूज़ ब्रीफ

### भद्रकाली शक्ति पीठ में मनाई शादी की 30वीं वर्षगांठ



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** कुरुक्षेत्र के प्रमुख अपना अस्पताल के संचालक डा. अजय गोयल सर्जन धर्मपत्नी डा. गीता गोयल बाल रोग विशेषज्ञ ने अपनी शादी की 30वीं वर्षगांठ भद्रकाली शक्ति पीठ में पूजा अर्चना कर मनाई। इससे पूर्व दंपत्ति ने मन्दिर परिसर में कन्याओं का पूजन किया और भोजन करवाया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमे सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उनकी वर्षगांठ पर संत महामंडल की पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज, षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक महंत बंशी पुरी जी महाराज, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि , महासचिव महंत ईश्वर दास, संगठन सचिव वैद्य प. प्रमोद कौशिक एवं श्री गोविंदानंद आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज ने बधाई शुभकामनाएं दी और डा. अजय गोयल धर्मपत्नी डा. गीता गोयल को दीर्घायु के साथ जनकल्याण हित में समाजसेवा कार्यों के लिए आशीर्वाद दिया। गोरतलब है की डा. अजय गोयल सकारात्मक सोच के साथ धर्म में पूर्ण आस्था और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में हमेशा तत्पर रहते है। इस अवसर पर डा. अजय गोयल के भाई डा. विकास गोयल हड्डी रोग विशेषज्ञ धर्मपत्नी डा . अपरा गोयल सहित परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदार मित्रगण मौजूद रहे। सभी ने डा. अजय गोयल एवं डा. गीता गोयल को बधाई शुभकामनाएं दी।

### 'सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म सनातन धर्म है'



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने रविवार को करीब एक दर्जन गांवों में सनातन प्रचार के कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत कुरुक्षेत्र में कहा कि सत्य ही सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म ही सनातन धर्म भी सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा वह ही सनातन शाश्वत है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि सनातन संस्कृति में संस्कार का बड़ा महत्व है। इसलिए हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने सोलह संस्कार का विधान बताया है, जिसमें उपनयन संस्कार प्रमुख है। युवाओं को सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व धर्म से बड़ा कोई नहीं है। हमें अपने राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए अपने धर्म को भी सुरक्षित रखना होगा। आज देश में युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। जरूरत है युवाओं को बेहतर मार्ग दर्शन की। राष्ट्र व धर्म के साथ-साथ गरीबों मदद होनी चाहिए। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि अभी हाल ही में हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से भी मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी कहा है कि सनातन धर्म को मिटाने का सपना देखने वालों को यह समझना चाहिए कि हजारों वर्षो से कई बुरी शक्तियों ने सनातन को मिटाने की कौशिश की, लेकिन वह इस कौशिश में खुद ही मिट गए। इस मौके पर नरेश कुमार, हरीश चंद, राहुल राणा लुखी, मनप्रीत सिंह, गुरेन्द्र इत्यादि भी मौजूद रहे।

### अग्रवाल वैश्य समाज ने किया शालू जिंदल का स्वागत



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** नेशनल बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन शालू जिंदल का विष्णु कालोनी में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल के साथ अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं अन्य पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। विष्णु कालोनी की महिलाओं भावना सिंघल, वृन्दा, नंदिनी, मंजू सिंगला, रेणु बाला, मैडम सैनी इत्यादि ने भी शालू जिंदल का जोरदार स्वागत करते हुए ऐसे मिली मानो पुरानी सहेलियां मिल रही हों। शालू जिंदल ने भी कहा कि यहां के लोगों से उनका काफी पुराना प्यार है। सभी परिवार के सदस्य की भांति मिलते हैं। सभी सदैव सुख दु:ख में साथ खड़े हैं। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के साथ नरेश सिंगला, अशोक गर्ग, संजीव गर्ग, सैक्टर 5 अग्रवाल सभा के उप प्रधान रोहित गुप्ता इत्यादि भी मौजूद रहे।

## अफीम तस्कर गिरफ्तार, 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल (अप्रस)।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट्स वेयर एंटीक नारकोटिक सेल ने रविवार को 2 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 लाख रुपए कीमत की 2 किलो 700 ग्राम अफीम व 4 किलो 135 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार को सूचना मिली थी कि एनएच 152डी मोहना पुल के नीचे एक होंडा सिटी गाड़ी मे एक युवक बैठा है। जो अपने साथ अफीम लिए हुए है। जो थोड़ी देर में अंबाला की तरफ जाने वाला है। इसके बाद पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार कर 152 डी मोहना पुल के नीचे दबीश देकर वहां खड़ी होंडा सिटी गाड़ी से गांव भावी जिला जोधपुर राजस्थान निवासी दिनेश ऊर्फ हनुमान को काबू कर लिया।

### किसान नेता गुरनाम सिंह चढुनी ने अभय सिंह चैटाला को दिया समर्थन, किसान नेत्री श्रीमति कांता अलाड़िया भी शामिल

# भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में भाजपा को जितवाना चाहते हैं: चढूनी

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 5 मई।** संयुक्त संघर्ष पार्टी के प्रधान एवं किसान नेता गुरनाम सिंह चढुनी और किसान नेत्री श्रीमति कांता अल्हाडिया ने रविवार को कुरूक्षेत्र में इनेलो के लोकसभा के उम्मीदवार अभय सिंह चैटाला को लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया। चढुनी ने किसान संगठन एसकेएम से भी अपील की कि वो भी अभय सिंह चैटाला को समर्थन दें। अभय सिंह चैटाला ने किसान नेताओं द्वारा समर्थन दिए जाने पर उनका धन्यवाद किया और अभार जताया।गुरनाम सिंह चढुनी ने कहा कि किसानों के दुख दर्द को इनेलो ने समझा है और किसान आंदोलन में अभय सिंह चैटाला पूरे देश में एक मात्र विधायक थे जिन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा दिया और आंदोलन को मजबूत किया। आज उस कर्ज को उतारने का समय आ गया है। गुरनाम सिंह चढुनी ने जहां भाजपा को किसानों का दुश्मन बताया वहीं विपक्ष के नेता भूपेंद्र हुड्डा पर निशान साधा और कहा कि भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में भाजपा को जितवाना चाहते हैं और भाजपा और हुड्डा का खेल हरियाणा में चल रहा है। बीजेपी ने हुड्डा के साथ सैटिंग की है जिसका सबूत यह है कि अगर हुड्डा हरियाणा में लोकसभा की दसों सीटें जीतना चाहते तो एक सीट इनेलो और एक सीट हमें देते जिससे दसों सीटें हम सब मिल कर जीतते। पहली सैटिंग बीजेपी ने हुड्डा के साथ यह की कि किसी भी मजबूत पार्टी के साथ समझोता नहीं करना है, दूसरा कमजोर उम्मीदवार देने हैं जैसे कुरूक्षेत्र में सुशील गुप्ता को उतारा। सुशील गुप्ता का हरियाणा में क्या है न तो उनका यहां कोई घर है और न ही यह उनकी जन्म स्थली है। भूपेंद्र हुड्डा और बीजेपी की हरियाणा में मिलीभगत है जो देश और प्रदेश के लिए खतरा है। मैं तो यह कहूंगा कि कांग्रेस पार्टी को सबसे पहले हुड्डा से किनार कर लेना चाहिए और हुड्डा को सभी पदों से मुक्त कर देना चाहिए।

गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनो ही पार्टियां कारपोरेट घरानों की एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं और कारपोरेट घरानों के लिए ही कानून बना रहे हैं।

अभय सिंह चैटाला ने कहा कि हमने हमेशा ही किसान और कमेरे की आवाज को विधानसभा के अंदर और बाहर उठाया है। मैने विधानसभा में कहा था कि बीजेपी और जेजेपी को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा आज मेरी बात सच साबित हो रही है। अभय सिंह ने कहा कि बीजेपी ने भूपेंद्र हुड्डा को ईडी के माध्यम से डराया हुआ है जिसके कारण भूपेंद्र हुड्डा बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखेंगे और 4 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भी हम सब इकट्ठे रहेंगे। करनाल विधानसभा के उम्मीदवार का आज रात को फैंसला करेंगे और ऐसा उम्मीदवार देंगे जो बीजेपी और कांग्रेस को धूल चटा देगा।

# शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय के प्रति कर्तव्य निष्ठा का भाव होना भी अति आवश्यक है: सोमदत्त शर्मा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 5 मई।** सेवा शिक्षा को समर्पित एक दिन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के तत्वाधान में चल रहे मेजर नितिन वाली गीता निकेतन विद्या मंदिर विद्यालय में सासाहिक सेवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति सेवा भाव को जागृत करना वह उनकी शारीरिक क्षमताओं को कुशल बनाना है विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व आचार्य भैया-दीदियो ने संपूर्ण सेवा भाव से इसमें अपना योगदान दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सोमदत्त शर्मा जी ने बताया कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय के प्रति कर्तव्य निष्ठा का भाव होना भी अति आवश्यक है साथ ही सभी कक्षाओं के मॉनिटर्स वीर सैनी,दीपिका,अंकुर सैनी,खुशी, हर्षित हरित, सानवी,सागर,तमन्ना, तेजस, ओजस्वी, दिव्यांश, ईशानी, मोहित, प्रियंका,अद्वेत व प्रियल ने इस कार्यक्रम मैं मुख्य भूमिका निभाते हुए सभी छात्र भैया बहनों का मार्गदर्शन कियाद्य विद्यालय की शारीरिक प्रमुख आराधना जी ने बताया कि विद्यार्थियों में सेवा का भाव अवश्य होना चाहिए क्योंकि इससे विद्यार्थियों में अपनत्व व आपसी सहयोग की भावना का विकास होता है व वह हर परिस्थिति में प्रत्येक कार्य करने के लिए सक्षम रहते हैं विद्यालय की हिंदी के आचार्य हिमानी जी ने भी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन व मार्गदर्शन किया।

## श्री कृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट ढांड के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कैथल (अप्रस)।** श्री कृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट ढांड द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष में कस्बे में बीती रात महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री श्याम वंदना महोत्सव एवं अमृतमय भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समूचा क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारें व भजनों से झूम रहा था। महोत्सव में ढांड सहित आसपास के क्षेत्र व जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ट्रस्ट की सभी महिला सदस्यों ने बाबा श्याम को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए और बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के सदस्य सुनील गर्ग ने बताया कि श्री श्याम वंदना महोत्सव एवं अमृतमय भंडारे में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अवनीत बडैच पिहोवा, दीपक गर्ग पिहोवा, गुरदेव पंवार व अधिवक्ता बबीता कौशिक ने शिरकत की और बाबा श्याम के दरबार में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# छात्राओं के लिए नि-शुल्क कंप्यूटर-ब्यूटिशियन प्रशिक्षण की शुरूआत की

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 5 मई।** गांव सनौली खुर्द में नेहरू युवा केन्द्र खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार से सबंध ग्राम सुधार मंड्ल एवं सदभावना युवति मंडल व यमुना सुधार समिति के सहयोग से ग्रामीण युवतियों व महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर-ब्यूटिशियनप्रशिक्षण सैंटर का उदघाटन मुखयअतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच संजय त्यागी ने रिबन काट कर उदघाटन किया । इस अवसर मुखयअतिथि यमुना सुधर समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने लडकियों व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे कंप्यूटर, ब्यूटिशियन, सिलाई व कंप्यूटर जैसे प्रशिक्षण ले कर आत्मनिर्भर बनें । घर पर ही स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन अपनी अर्थिक स्थिति में सुधार करें । और रावल ने कहा कि आज आधुनिक युग में उन्हें आगे बढते हुए मेहनत, लगन कर अपनी मंजिल हासिल करनी होगी । ग्रामीण लड़कियां स्वरोजगार कर ब्यूटिशियन, सिलाई व कंप्यूटर आदि आवश्य सीखे और इसे वो सरकारी नौकरियों के अलावा स्वरोजगार के रूप में भी अपना सकती है । इस दौरान सरपंच संजय त्यागी ने लडकियों को कहा कि वे शिक्षा प्राप्त करने के साथ अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो और अगर किसी के साथ अन्याय हो रहा है तो उसे सहन ना करें और उन्होंने कहा कि स्वरोजगार जैसे प्रशिक्षण लेने के साथ ही छात्राएं स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका रहती है । जिससे अनेक महिलाएं आज स्वारोजगार कर आत्मनिर्भर बनी है। इस पर उन्होंने छात्राओं को आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण में बढ चढ कर भाग लें।

## करनाल हार्ड वेयर एंड मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन की बैठक में जीएसटी का मुद्दा उठाया



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 5 मई।** करनाल हार्ड वेयर एंड मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन की जरनल बाडीज की बैठक एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान ने पुराने कार्यो का लेखा जोख प्रस्तुत किया। आने वाले समय में कई आगमी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। इस अवसर पर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इनमें प्रधान विपिन आहुजासचिव प्रवीन गर्ग, कोषाध्यक्ष रोशन कंसल पूर्व प्रधान राजेंद्र छाबडा शामिल है। प्रधान विपिन आहुजा ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। सचिव प्रवीण गर्ग ने कहा कि ऐसोसिएशन द्वारा समय समय पर समास्याओं को सरकार के समक्ष उठाया जाता रहेगा। इस अवसर पर जीएसटी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि कुछ समान पर जीएसटी कम करने से उन्हें राहत मिलेगी। तय किया गया कि इस संबंध में सरकार से मिलेंगे।

# 'मनोहर लाल सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर संसद में जाएंगे'

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि



**घरौंडा, 5 मई।** भाजपा बूथ प्रबंधन एवं सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के दौरान बरसत मण्डल के शक्ति केन्द्र कालरम, मुबारकाबाद व गड़ी खजूर के बूथ नंबर 106,176 पर बैठक मे मंडल महामंत्री देवेन्द्र शर्मा, राजेश जोगी, शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट, पूर्व सरपंच टेकचंद, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, पालक ठाकुर मामचन्द, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने बैठक को संम्बोधित करते हुए बताया कि भाजपा पार्टी ने प्रदेश के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी जी, मनोहर जी ओर मुख्यमंत्री जी की राम-राम देने के लिए भेजा है। मैं आए हुए अतिथियों का अपने शक्ति केंद्र पर स्वागत करता हूँ और विश्वास दिलाता हूं कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से मनोहर जी को पूर्ण बहुमत से जीता कर मोदी जी की झोली में डालने का काम करेंगे।

मण्डल महामंत्री देवेंद्र शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। कौशल रोजगार में युवाओं को घर बैठे प्राथमिकता के साथ रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि हरियाणा के यशस्वी नेता मनोहर लाल ने साढ़े-9 वर्षो तक विकास कार्यों में अहम योगदान दिया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एक आदर्श नेता हैं, जो 36 बिरादरी के लोगों के साथ लेकर चल रहे हैं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल खट्टर सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर संसद में जाऐंगे।

महामंत्री राजेश जोगी ने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने नौकरियां बेचने का काम किया, लेकिन भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में युवाओं को प्राथमिकता से नौकरी मिली और ग्रामीण इलाकों के लोगों तक रोजगार पहुंचा जिससे लोगों के बीच सरकार के प्रति विश्वास पैदा हुआ कि यह सरकार ईमानदारी से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्याकाल में ही देश-प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश का नाम विश्व पटल पर चमकाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी ओर करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल रिकार्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेंगे।

बैठक में रामदिया कश्यप, सतपाल प्रजापत, मेमपाल पांचाल, रविंद्र, राजेश मराठा, रणधीर कश्यप,बालेश देवी ,राजकुमार, बंता सिंह,अजय सिंह, राहुल राणा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने सांसद व मुख्यमंत्री बदले, जनता सरकार बदलेगी : सुशील गुप्ता

## बोले- 10 साल से जिंदल गायब हैं, अब बोल रहे हैं चार इंजन की सरकार देंगे

'इंडिया' गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता की लाडवा के गांवों में बैठक

लाडवा की सड़कों पर ट्रैक्टर लेकर निकले डॉ. सुशील गुप्ता, मांगा जनसमर्थन

भाजपा ने दो सीटिंग मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या की : डॉ. सुशील गुप्ता






अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 5 मई।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को लाडवा विधानसभा के गांवों में चुनावी यात्रा शुरू की। इस दौरान उन्होंने लाडवा की सड़कों पर ट्रैक्टर चलाकर लोगों से जनसमर्थन मांगा। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव उमरी से शुरू की और शाम को बाबैन में समाप्त की। इस मौके पर उनके साथ विधायक मेवा सिंह, संजीव सैनी, गुरदेव सूरा, नायब सैनी पटाकमाजरा, सुभाष चंद, गुलशन शर्मा, अमरीक सिंह बकाली, गुरप्रीत सिंह सैनी कोल्लपुर, सुभाष सैनी, मक्खन सिंह लुबाना, संदीप समैन, परमजीत सिंह सैनी, भीम उमरी, पुष्पा चौधरी, बलजीत कंग और जगदीप कौर मौजूद रहीं।उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, तब से लेकर कई सरकारें आई और गई। किसी ने थोड़ा कम काम किया तो किसी ने ज्यादा संविधान के हिसाब से काम किया। परंतु इस बार मोदी सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र को तोड़ रही है। इसलिए इस बार का चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण है। ये चुनाव किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि देश के लिए लड़ा जा रहा है। इसलिए सभी विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया। भाजपा बहुमत के बल पर सुप्रीम कोर्ट और लोकतंत्र का निरादर कर रही है। भाजपा ने चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा लिया और अपनी मर्जी से नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। जो संविधान और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि इतिहास में पहले कभी भी जनता द्वारा चुने गए सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया। संविधान मुख्यमंत्री को अलग और प्रधानमंत्री को अलग ताकत देता है। लेकिन भाजपा ने हार के डर से तीन बार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार किया। भाजपा दोनों पार्टियों को बिना लीडर के चुनाव लड़ाना चाहती है। भाजपा ने चुनाव से पहले सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर दिए। जो सरेआम देश के संविधान और लोकतंत्र की हत्या है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 लाख देने, हर साल 2 करोड़ रोजगार, 2022 तक किसान की आय डबल करने, जब 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी तो एमएसपी की गारंटी देने का वादा किया था। लेकिन पीएम मोदी के सभी वादे जुमला निकले। यदि देश का प्रधानमंत्री झूठ बोले तो लोग किस पर विश्वास करें। आजादी के बाद देश के किसान को इतना सताया गया जितना अंग्रेजों ने भी नहीं सताया था। भाजपा ने किसानों को उपद्रवी, आंदोलनजीवी, आतंकवादी और खालिस्तानी कहा। वो जुल्म, गंदी भाषा का प्रयोग, मुकदमे, संपति और बैंक खाते सील करने की धमकियां दी गई। भाजपा दिल्ली और पंजाब के बॉर्डर को हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बॉर्डर की तरह तब्दील कर दिया। युवा किसान शुभकरण की गोली मारकर हत्या कर दी।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की बहन बेटियों की बेइज्जती की है। मणिपुर में बेटियों को निर्वस्त्र घुमाया गया। लेकिन उस पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने एक भी शब्द नहीं बोला और न मणिपुर गए। देश की पहलवान बेटियों को एफआईआर लिखवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा। इसके बावजूद उनको आजतक इंसाफ नहीं मिला। भाजपा सरकार ने मंत्री ने महिला जूनियर कोच के साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी सरकार ने दुर्व्यवहार में युवाओं को भी नहीं बख्सा, हर घर में पढ़ा लिखा युवा बेरोजगार बैठा है। बेरोजगारी के कारण युवा अपनी जमीन बेचकर विदेशों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में नशे का कारोबार सबसे ज्यादा पनपा है, हर घर तक नशा फैल चुका है। भाजपा ने प्रदेश और देश को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल कह रहे थे कि अब चार इंजन की सरकार बनेगी। लेकिन खुद तो वो 10 साल बाद यहां पर आए हैं। पहले भी तो चार इंजन थे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक इन्हीं का था। इसका मतलब इनका मुख्यमंत्री बदल गया, सांसद और उम्मीदवार भी बदल गया। अब प्रधानमंत्री और विधायक भी बदलना चाहते हैं, लेकिन जनता सरकार बदलेगी। जिस प्रधानमंत्री ने नवीन जिंदल को सबसे ब?ा कोयला चोर बताया। अब उसी भाजपा के कार्यकर्ता पूछ रहे हैं कि नवीन जिंदल को कोयला चार से कोहिनूर कैसे बनाएं। जब पिछले 10 साल नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र में किसी के दुख सुख में नहीं आए तो अब उनका कुरुक्षेत्र में आने का कोई हक नहीं बनता। पहले नवीन जिंदले, उनके पिता और नायब सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद रहे, लेकिन आज पूरे जिले ल?कों का एक भी सरकार कॉलेज नहीं बना सके। यहां के अस्पतालों में न दवाइयां, न मशीनें और न डॉक्टर हैं। भाजपा जाति-धर्म की राजनीति और हम काम की राजनीति करते हैं।

उन्होंने कहा कि हम अच्छे स्कूल, अस्पताल बनाते हैं, बिजली पानी मुफ्त देते हैं, महिलाओं को बस यात्रा व बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा मुफ्त देते हैं और महिलाओं को 1000 रुपए प्रति महिना देते हैं। उसके बाद भी 8 हजार 400 करोड़ रुपए कमा कर सरकार के खाते में जमा कराते हैं। भाजपा सरकार कुछ भी मुफ्त नहीं देती उसके बावजूद घाटे में सरकार चलाते हैं। इसका मतलब वो पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है जिसका हिसाब जनता लेगी। मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि नायब सिंह की तरह गायब और न नवीन जिंदल की तरह गुम रहूंगा। जनता के बीच रहूंगा और मिलकर विकास कार्य करेंगे। मैं संसद में प्रदेश और कुरुक्षेत्र की आवाज उठाऊंगा और अपने हिस्से का बजट लेकर आऊंगा। इसलिए आने वाली 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर मुझे आशीर्वाद दें।

## न्यूज ब्रीफ

### धूम-धाम से हुआ शांति विधान पाठ का आयोजन




**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन चैताल्य मॉडल कालोनी के प्रांगण में शांति विधान पाठ का आयोजन धूम-धाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभु अभिषेक व शांतिधारा के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर संजीव जैन ने की तथा संचालन पं. भागचंद जैन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष जैन। देवशास्त्र गुरु का समुच्चय पूजन किया गया। सुभाष जैन संबोधित करते हुये कहा कि सूर्यवंशी राजा के अन्यायी के विरुद्ध प्रजा विहीन हो गई, तो राजा ने क्रोधित होकर प्रजा को अनेक रोगों से पीड़ित कर दिया। दुखी होकर श्रेष्ठी ने भाव सहित शांति विधान किया तो फल स्वरूप मथुरा नगरी का उपसर्ग शांत हो गया, तो नगर वासियों ने जिनालय में जाकर शांति नाथ भगवान के प्रति विशेष भक्ति भाव से पूजा विधान किया। इसमें विश्व शांति का समावेश है। विश्व शांति विधान में आत्म शांति की प्राप्ती के उपाय मंगल, उत्तम, शरण स्वरूप, जगत शांति कर, शांति विधायक, श्री शांति नाथ भगवान की अराधना के साथ नव देवताओं को भी शांति प्रदायक व शांति स्वरूप माना गया है। उन्होंने बताया कि विधान में 24 तीर्थंकर की स्तुति, चारों मंगल, उत्तम शरण एव नव देवताओं का सच्चा स्वरूप अंकित है। जन्म दीक्षा, केवल ज्ञान व मुक्ति रूपी लक्ष्मी का वरण करने के लिये सुन्दर प्रारूप है। सच्चा सुख सोना, चांदी व नवरत्न में नहीं बल्कि रत्नत्रय में है। प्रभु को सुनना, जानना व उनसे मिलना ही प्रभु जैसा बनने का सच्चा मार्ग है। विधान मे विश्वशांति की महाकामना शुद्ध भाव से की जाती है। इस अवसर पर पुनीत गोल्डी जैन, आनंद जैन, आलोक जैन, अनिल जैन, रिषभ जैन, अनीता जैन आदि ने भाग लिया।

### विद्यार्थियों की मेहनत से होगा स्कूल का नाम रोशनः रेनू गुप्ता



**करनाल (अप्रस)।** हाल ही में घोषित बारहवीं कक्षा के सत्र 2023-2024 का एस. डी. सी. सै. स्कूल का परिणाम जिले भर में शानदार रहा है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी देव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, बेहतरीन परिणामों की कड़ी में मेधावी विद्यार्थी साहिल कुमार ने 89 प्रतिशत तथा हरमन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहें हैं। विद्यालय के 22 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की है तथा 93 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहें तो वो दिन दूर नहीं जिस दिन स्कूल का नाम पूरे हरियाणा के मानचित्र पर न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, स्कूल प्रशासन की सकारात्मक सोच और प्रबंधक समिति की दुरदर्शिता को जाता है।

### आग के तांडव से ग्रामीणों के तूड़ी के कूप, बिटौड़े जले



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** क्षेत्र के सांभली रोड़ स्थित धौला कुआं गांव में गेंहू की फसल के बचे अवशेषों में लगाई गई आग ने रविवार को तेज हवा के साथ भीषण तांडव मचाया। आग के तांडव के कारण ग्रामीणों के सड़क किनारे खड़े तूड़ी के कूप,बिटौड़े जलकर राख हो गए। दमकल विभाग गाड़ी ने करीब आधा घंटे बाद पहुंच फायर कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ आग पर काबू पाया। क्षेत्र में गेंहू के अवशेषों के जलाए जाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ साथ हर रोज सड़क किनारे पेड़ों की हरियाली को आग डस रही है। किसानों को इस बात का भी नही पता होता कि आग कहां से लगी ओर कहां पहुंच गई। किसानों को सुबह ही पता चलता है कि जब उनके खेतों के अवशेष जले पाते हैं। इस आग के कारण वन विभाग के सड़क के किनारे खड़े पेड़ों का काफी नुक्सान हो रहा है। सड़क किनारे खड़े पेड़ों में लगी आग से सड? पर धुआं ही धुआं छाया रहता है। जिससे सड़क पर वाहन चालकों को सामने से कोई भी वाहन आता दिखाई नहीं देता जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। वहीं वन विभाग के अधिकारी आंख बंद कर सोए हुए है। एक तरफ तो शसन व प्रशासन की ओर से हरियाली को कायम रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं,लेकिन वे सिर्फ फाईलों में ही दम तोड़ रही है। क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर लगे वन विभाग के पेड़ों को इस आग से भारी नुक्सान पहुंच रहा है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी सिख समाज से माफी मांगे वरना विरोध के लिए तैयार रहें : प्रधान जगतार सिंह

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 5 मई।** शहर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा साहिब के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने रविवार को जनकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के अम्बाला जिले के नारायणगढ़ स्थित गुरुद्वारा श्रीरतगढ़ साहिब में बिते दिनो राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आने से पहले चल रहे गुरमत समागम के दौरान श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की प्रकाश स्थान की सुरक्षा कर्मियों द्वारा जांच करने की सख्त शब्दों में निंदा करते हुए मांग की है कि मुख्यमंत्री सैनी को इस घटना की नैतिक जिम्मेवारी लेकर सिख संगत से माफी मांगनी चाहिए। बिल्ला ने कहा कि इस घटना का कुछ दिन बित जाने के बावजूद भी हरियाणा सिंख समुदाय गुरुदारा कमेटी सदस्यों की ओर से अब तक कोई भी प्रतिक्रिया या नोटिस नहीं दिया गया। इससे लगता कि वे भाजपा सरकार के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने संमूह सिख संगत से अपील की है कि अगर मुख्यमंत्री सैनी संमूह सगत से माफी नही मांगते है तो सारी सिख संगत आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनावों का बहिष्कार करें।

वही प्रधान बिल्ला ने कहा कि श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का सम्मान और मर्यादा सिखों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके विपरीत, हरियाणा में पुलिस प्रशासन द्वारा इसका उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के वीडियो से साफ है कि किस तरह हरियाणा पुलिस के जवानों ने गुरु साहिब की जांच करके सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जिसे सिख समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा या तो मुख्यमंत्री सैनी माफी मांगे या फिर सिख समाज के विरोध के लिए तैयार रहे।

## पीएम मोदी ने वर्षों पुरानी समस्याओं को किया खत्म : सुमन सैनी

### करनाल में प्रचार अभियान के दौरान सुमन सैनी ने बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 5 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा चुनाव में विधानसभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास का पहिया न रूके और तेजी से विकास हो इसके लिए जनता भाजपा सरकार को चुनें। उन्होंने कहा कि भारत मां के लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने और देश के कोने-कोने तक विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा सरकार के शासन में आज महिलाओं को सिलेंडर के लिए भटकना नहीं पड़ता जिसके लिए पहले घंटों लाइनों में लगना पड़ता था। अब घर पर ही सिलेंडर पहुंच जाता है। देश-प्रदेश में 2014 से पहले बिजली की किल्लत थी। भाजपा सरकार ने उसे खत्म किया। अब 24 घंटे बिजली मिलती है। स्वच्छता के प्रति कार्य करते हुए घर-घर शौचालय बनवाए गए। इन सभी कार्यो की गारंटी मोदी जी ने ली थी और उसे पूरा भी किया है। देशहित में बड़े निर्णय लेने के लिए जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। इस दौरान सुमन सैनी ने राजीव पुरम गली नंबर-4 में शिखंदर व योगेश कौशिक, आरके पुरम गली नंबर-6 में बिट्टू रावल व आरके पुरम गली नंबर-4 में सचिन हंडूजा की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षो में मनोहर लाल ने जिस तरह से प्रदेश का समान रूप से विकास किया है और आज प्रदेश के लोग भाजपा से शासन से खुश हैं। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता मनोहर लाल को एक बड़ी जीत के साथ संसद में भेजेगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी करनाल के विकास को गति देने के लिए जनता नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जिताएगी। हरियाणा प्रदेश में 11 कमल एक साथ खिलेंगे और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मीना कांबोज, मेघा भंडारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय अपराध, कानून एवं व्यवस्था समीक्षा गोष्ठी आयोजित

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 5 मई।** पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने लघु सचिवालय के सभागार में जिला पुलिस के सभी डी. एस. पी., इंचार्ज अपराध शाखा, थाना प्रबंधक और चौकी प्रभारी के साथ जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु विचार विमर्श किया। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने अपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पिछली अपराध समीक्षा गोष्ठी में उठाए गए व पुलिस हेडक्वार्टर से प्राप्त हुए बिंदुओ पर थानावार चर्चा की। उन्होंने कहा कि थाना में आने वाली सभी शिकायतों का समय पर निस्तारण करे। थाने में आनी वाली प्रत्येक शिकायत का विधिवत रूप से इंद्राज कर शिकायतकर्ता को उसकी रसीद देना सुनिश्चित करे व उस पर तुरंत कार्रवाई की जाए। झूठी शिकायत मिलने पर नियमनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि झूठी शिकायते देने वालो के दिमाग में कार्रवाई का डर हो और उन्हे बढ़ावा न मिले। लंबित शिकायतों का समयावधि में निपटारा करे। सभी शिकायतों का फीडबैक लिया जा रहा है। जिस पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही अस्पताल से आने वाले रुक्कों पर को गई कार्रवाई का भी फीड बैक लिया जा रहा है। रुक्कों पर समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित करे। आगामी आने वाले लोक सभा चुनावों को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करें तथा आगामी 25 में को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष स्वतंत्रता शांतिपूर्ण रूप से करवाने के लिए तैयारी में जुट जाए तथा चुनाव से संबंधित किसी भी कार्य को शीघ्र पूरा करें। चुनाव आयोग के निर्देशों की दृढ़ता से पालन करें तथा मांगे गए जवाब को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि अपने थाना क्षेत्र के लाइसेंस असला धारकों के शत प्रतिशत असले जमा करवाए।

## कैथल व गुहला में कत्ल की दो वारदात

## पति ने कस्सी से गर्दन पर वार कर की पत्नी की हत्या

## गुहला में मजदूरी के रूपयों को लेकर मजदूर का मर्डर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 5 मई।** कैथल व गुहला में रविवार को हत्या के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में शहर की मानस रोड बस्ती में पति-पत्नी के बीच हुई लड़ाई में पति ने कस्सी से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। दूसरा मामला गुहला का है। जिसमें मजदूरी के लिए एडवांस दिए गए पैसों की वापसी की मांग को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से वार कर मजदूर की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों जगह आरोपियों के खिलाफ हत्या के मामले दर्ज कर लिए हैं। पहले मामले में शहर थाना दी शिकायत में मानस रोड निवासी अमन ने बताया कि वह शहर में एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता है। वह तीन भाई व दो बहनें है। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे वह अपनी दुकान से रोजाना की तरह घर खाना खाने के लिए पहुंचा तो उसके 42 वर्षीय पिता उसकी माता रानी देवी के साथ झगड़ा कर रहे थे। वह दोनों को समझाकर करीब सवा तीन बजे अपनी दुकान पर चला गया था। दुकानदार पवन कुमार का घर भी उसके घर के पास है। शाम करीब चार बजे पवन की पत्नी ममता का फोन अमन के माता-पिता का घर पर झगड़ा हो रहा है, अमन को घर भेज दो।

### कुल्हाड़ी से वार कर मजदूर की हत्या

दूसरे मामले में गुहला थाना में दी गई शिकायत में गांव अगौंध निवासी पवनजीत सिंह ने बताया कि 4 मई शाम उसका 38 वर्षीय भाई नाहर सिंह उर्फ गोल्डी गांव में अग्रेज सिंह के घर पर दूध लेने के लिए अपने सात साल के बेटे नवराज सिंह साथ पैदल गली से जा रहा था। अग्रेज सिंह भी उसके भाई के साथ था। जब तीनों पैदल गली से जाते हुए अंग्रेज सिंह के मकान के गेट के सामने गली में पहुंचे तो सामने से श्रवण निवासी गांव अगौंध आ रहा था। उसके भाई ने श्रवण को कहा कि तू मजदूरी के एडवांस पैसे भी ले गया और मजदूरी के लिए मकान पर भी नहीं आ रहा है। इसी बात पर श्रवण ने तैश में आकर अपने पीछे छुपाई कुल्हाडी से उसके भाई नाहर सिंह के सिर और मुंह पर कातिलाना हमला किया। इससे भाई को काफी चोटें आई। उसी समय पिता मलूक सिंह भी मौके पर पहुंच गए। उसने उनके साथ भी मारपीट की। उसके भाई की गंभीर हालत को देखते हुए पटियाला के एक अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

## काफी संख्या में लोगो ने अन्य दलों को छोड़कर इनेलो पार्टी को किया ज्वाइन



अर्थ प्रकाश/कुलतार

**कुरुक्षेत्र, 5 मई।** कुरुक्षेत्र लोकसभा में हल्का लाडवा में पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर लाडवा के वार्ड नंबर 6 विकासनगर कॉलोनी के काफी संख्या में लोगो ने अन्य दलों को छोड़कर इनेलो पार्टी को ज्वाइन किया। उनमें अरुण कुमार ,कंवर लाल,वैशाली शर्मा, बलविंदर सिंह, निर्मला चौधरी, सहिला, शहनाज, इमरान, विक्रम को चौधरी शेर सिंह बडशामी ने पार्टी का पटका पहनाकर शामिल किया। इस अवसर पर इनेलो के वरिष्ठ नेता हरीश छाबड़ा लाडवा,पूर्व जिला परिषद सदस्य जगीर सिंह मेहरा, एडवोकेट जगदीप सिंह दुगारी, लाडवा हल्का प्रधान राजिंद्र कश्यप दुधला, रणधीर सिंह मथाना,युवा इनेलो नेता दीपक धारीवाल पिपली, तेजप्रताप शर्मा उमरी, प्रवीन शर्मा पिपली, मुख्य रूप से मोजूद थे।

## मनोहर लाल ने सीएम रहते नहीं किया कोई विशेष काम : बुद्धिराजा

### कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव में जी जान से लड़ेगा और बुद्धिराजा यहां से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगेः गाबा

कार्यक्रम के आयोजक पराग गाबा, पंकज गाबा व प्रवेश गाबा ने अपने सैंकड़ो कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थकों के साथ बुद्धिराजा का किया जोरदार स्वागत

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 5 मई।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. देशराज गाबा के निवास पर आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय दिया। करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मंच से कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार को घेरा।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के कार्यकाल को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल कोरी घोषणाओं तक सीमित रही। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ो रुपए आएं लेकिन धरातल पर उतना विकास नही दिखा। जिन उम्मीदों के साथ मनोहर लाल को यहां की जनता ने विधायक बनाया और वे दो बार मुख्यमंत्री बने, जितना प्यार जनता ने उन्हें दिया, स्थानीय निवासियों को कभी महसूस नहीं हुआ कि वे सी.एम सिटी के वांशिदे है।

मनोहर लाल ने बतौर सी.एम इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष काम किया ही नहीं। यही वजह है कि वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार होने के बावजूद जनता से सहानुभूति हासिल नहीं कर पा रहे है। आने वाला समय कांग्रेस का है ओर चुनावी फिजा बदल चुकी है। कांग्रेस भारी बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी और उनके समक्ष कोई भी प्रतिद्वंदी टिक नहीं पाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पराग गाबा, पंकज गाबा व प्रवेश गाबा ने अपने सैंकड़ो कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थकों के साथ बुद्धिराजा का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव में जी जान से लड़ेगा और बुद्धिराजा यहां से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। यही नहीं विधानसभा उप चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर करनाल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार त्रिलोचन सिंह, असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता, अशोक खुराना, राजकुमार वाल्मीकि, रामपाल ढीर, बी.आर मदान, पम्मा जलमाना, लवली पहलवान, शेर सिंह, हरी राम साभा, ओमप्रकाश सलूजा, पप्पू लाठर, जीत संधू, सुरेन्द्र शर्मा, सुरजीत, सागर चंदेल, मुकेश शर्मा, शिव शर्मा, बिट्टू संधू, टोनी कक्कड़, बलजीत सिंह इच्छनपुर, बिट्टू इच्छनपुर, दिलराज सिंह, चरणजीत पानीपत, राजिन्द्र रावल, अनिल, सतिन्द्र गांधी, ऊषा तुली, सत्या दुग्गल, गुरविन्द्र कौर, संतोष तेजान, सुनीता साहौता, सुमित राणा, पुनीत कुक्की, पीयूष शर्मा, मुकेश शर्मा, सपना राणा, सोनू शर्मा, पंकज कौशिक, आकाश, अमित सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# आपदा में भाजपा नेताओं ने रुकवाई केंद्र से मिलने वाली आर्थिक मदद : मुख्यमंत्री

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नहीं लगाया मरहम

पैसों की किस्तें पेंडिंग थी इसलिए एक महीने हिमाचल प्रदेश से बाहर रहे बिकाऊ विधायक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हरिपुरधार (सिरमौर), 5 मई।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने सांसद सुरेश कश्यप पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में हिमाचल आपदा का मामला नहीं उठाया था। सुक्खू ने कहा कि हमारी सरकार में सभी कर्मचारियों का एरियर क्लीयर किया जा रहा है और वर्तमान राज्य सरकार ने अब तक 7000 विधवाओं को उनके एरियर का पूरा भुगतान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आपदा के समय केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद भाजपा नेताओं ने रुकवाई। हिमाचल विरोधी भाजपा नहीं चाहती थी कि कांग्रेस सरकार प्रभावित परिवारों को फिर से बसा सके। लेकिन प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपये का पैकेज देकर 22000 परिवारों को फिर से बसाया। मुख्यमंत्री ने सिरमौर जिला के हरिपुरधार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। वह यहां लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान की अपील करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया। वह सिरमौर के रेणुका विधानसभा क्षेत्र में भी लोगों का दुख दर्द जानने नहीं पहुंचे। उन्होंने न तो संसद में हिमाचल की आवाज उठाई न ही विशेष राहत पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को कोई चिट्ठी लिखी। हमें केंद्र से आपदा से निपटने के लिए एक पैसे की मदद नहीं मिली। मुख्यमंत्री के नाते मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह व अन्य केंद्रीय नेताओं से मिला। गुजरात के भुज व उत्तराखंड की तर्ज पर हमने विशेष राहत पैकेज मांगा, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। अब भाजपा नेता चुनाव में राजनीतिक रोटियां सेंकने आ गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय जनता के हाथ में सीधा पैसा नहीं पहुंच रहा था। सत्ता दोबारा पाने के लिए भाजपा ने बिना बजट की अंधाधुंध घोषणाएं की। सरकारी पैसे का दुरुपयोग हुआ।

कांग्रेस सरकार ने भाजपा के भ्रष्टाचार के चोट दरवाजों को बंद कर एक साल में 2200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। मैंने जनता का पैसा लुटने से बचाया जिससे कई नेता व अफसर नाराज हुए।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस दौरान विधानसभा के डिप्टी स्पीकर विनय कुमार, कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी, विधायक अजय सोलंकी, दयाल प्यारी, तपिन्द्र चौहान, यशपाल चौहान, तेजिंदर कमल, मित्तर सिंह तोमर, बृज राज ठाकुर, दलीप चौहान, ओपी ठाकुर, प्रदीप सूर्या, अनिल शर्मा व अजय भारद्वाज इत्यादि मौजूद रहे।

## एक्सीडेंट्ल चीफ़ मिनिस्टर थे जयराम ठाकुर : कांग्रेस

### धूमल चुनाव हारते नहीं, तो कभी सीएम नहीं बनते जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 मई।** मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा है कि जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के इतिहास के एक्सीडेंट्ल चीफ़ मिनिस्टर हैं। अगर भाजपा के मुख्यमंत्री पद के घोषित उम्मीदवार प्रेम कुमार धूमल वर्ष 2017 का चुनाव नहीं हारते तो वह कभी मुख्यमंत्री नहीं होते। उन्होंने कहा कि कुर्सी मिलने के बाद जयराम ठाकुर ने धूमल गुट को निपटाने के लिए कार्य किया और धड़ेबाज़ी को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमीरपुर जिला ही नहीं बल्कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के साथ भेदभाव किया और एक बार भी मिलने के लिए प्रेम कुमार धूमल के घर नहीं गए। आज विपक्ष में रहते हुए जयराम ठाकुर समीरपुर की परिक्रमा कर रहे हैं और उन्हें प्रेम कुमार धूमल के साथ-साथ हमीरपुर याद आ रहा है। मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा कि कांग्रेस के दागी विधायकों की भाजपा में एंट्री जयराम ठाकुर की धूमल गुट को समाप्त करने की सोची-समझी चाल है। एक-एक कर जयराम ठाकुर पुरानी भाजपा के नेताओं को समाप्त करने में लगे हैं। दोनों मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के इतिहास के सबसे नाकाम मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। प्रदेश के लिए न तो उनका कोई विज़न था और न ही पांच साल में प्रदेश के लोगों के लिए कुछ किया। उन्होंने कहा कि आज मंडी की बात करने वाले जयराम ठाकुर बताएं कि जिला मंडी के विकास में उनका क्या योगदान है। जिला मंडी के लोग भूले नहीं हैं कि उन्होंने सिर्फ और सराज विधानसभा क्षेत्र का ही विकास किया है और मंडी जिला के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अनदेखी की।

मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू एक दूरदर्शी नेता हैं। लंबे संघर्ष और कड़ी मेहनत के दम पर वह मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास को लेकर उनका विज़न है।

## कुल्लू मंडी, शिमला व किन्नौर जिला के 7 मतदान केन्द्रों को स्थानांतरित करने की अनुमति

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 5 मई।** निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि भारत चुनाव आयोग ने कुल्लू, मण्डी, शिमला व किन्नौर के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के अनुसार कुल्लू जिला के विधानसभा क्षेत्र 22-मनाली के 73-शिरढ़ मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, शिरढ़ से पंचायत घर, शिरढ़, विधानसभा क्षेत्र 24-बंजार के 51-पाशी मतदान केन्द्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला, पाशी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, पाशी, मण्डी जिला के विधानसभा क्षेत्र 30-दरंग के 99-हनोगी मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, डुगर से सामुदायिक भवन नजदीक गौ सदन हनोगी, विधानसभा क्षेत्र 32-धर्मपुर के 26-हियुण मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला, हियुण गलु स्थित हियुण दोयम को महिला मण्डल भवन हियुण दोयम तथा विधानसभा क्षेत्र 34-बल्ह (अ.जा.) के 38-घडयात्र मतदान केन्द्र को पंचायत घर लुहाखर से पटवार खाना घडयात्र में स्थानांतरित करने की अनुमति प्रदान की है। इसी प्रकार शिमला जिला के विधानसभा क्षेत्र 64-शिमला ग्रामीण के 78-घंडल मतदान केन्द्र को राजकीय महाविद्यालय, धामी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, घंडल व किन्नौर जिला के विधानसभा क्षेत्र 68-किन्नौर (अ.ज.जा.) के 85-चोलिंग मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चोलिंग (नया भवन) से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चोलिंग (पुराना भवन) में स्थानांतरित करने की भी अनुमति प्रदान की है।

प्रवक्ता ने बताया कि इन मतदान केंद्रों के भवनों में बदलाव करने का निर्णय मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत लिया गया है।

## विक्रमादित्य की यही पहचान कि वो पिता की तरह प्रदेश के लोगों से जुड़े हुए : अमृत गिल

कहा- सन्नी देयोल की तरह कंगना को भी ढूंढते रह जाएंगें मंडी वासी

अर्थ प्रकाश/राजन पुंछी



**मंडी, 5 मई।** विक्रमादित्य सिंह की यही पहचान है कि वो अपने पिता की तरह प्रदेश के लोगों से जुड़े हुए हैं। वे चुनाव के बाद भी लोगों की सेवा करते नजर आएंगे। मगर कंगना को पंजाब के होशियारपुर लोकसभा क्षेत्र से जीते सांसद सन्नी देयोल की तरह मंडी वासी ढूंढते रह जाएंगे। आखिर कंगना ने भारतीय जनता पार्टी के लिए ऐसा क्या कर दिया था कि भाजपा की सदस्य न होते हुए भी उन्हें टिकट दिया। यह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। रविवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक एवं प्रवक्ता अमृत गिल ने कहा कि कंगना का कहना है कि आजादी 2014 के बाद मिली, उ8न्हें सलाह है कि मेरी बहन कम से कम तुम किताबें तो पढ़ लिया करो। उसके बाद ही ब्यानबाजी किया करे। अमृत ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी किए गए, न्याय पत्र को लेकर भाजपा के नेताओं यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि इसमें मुसलमानों को अलग से आरक्षण देने की बात कही गई है। जबकि वास्तव में ऐसा कुछ भी नह8ीं है। अमृत ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने पंजाब की महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिपणी की थी। जगकि कांग्रेस किसान न्याय के अंतर्गत एमएसपी को कानूनी मान्यता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मनरेगा की दिहाड़ी चार सौ रूपए की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे क्रांतिकारी कानून को का8ग्रेस ही लाई थी। अब शहरी क्षेत्रों में भी मनरेगा लागू किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी संजीव गुलेरिया भी साथ रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए डीसी इलेवन व एसपी इलेवन के बीच खेला गया क्रिकेट मैच ड्रॉ

मंडलायुक्त मंडी राखी काहलों ने दोनों टीमों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मंडी, 5 मई।** मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पड्डल मैदान में डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच ड्रॉ हो गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी इलेवन की टीम ने बंटी 38 रन और जय सिंह 23 रन की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए। जबाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एसपी इलेवन की टीम 4 विकेट खोकर 15 ओवर में 135 रन ही बना सकी। अन्तिम ओवर में एसपी इलेवन की टीम को जीत के लिए 13 रनों की जरूरत थी परन्तु केवल 12 रन ही बने और मैच ड्रॉ हो गया।

एसपी इलेवन की ओर से सबसे अधिक जय ठाकुर ने 2 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 64 रन बनाए। शानदार बल्लेबाजी के लिए जय ठाकुर को मैन ऑ द मैच चुना गया। क्रिक्रेट मैच डीसी मंडी अपूर्व देवगन और डीएसपी पधर दिनेश कुमार की कप्तानी में खेला गया। डीसी इलेवन के कप्तान ने मैच में जहां 9 गेदों में 15 रन बनाए वहीं एक कैच पकड़ा और दो विकेट भी लिए।

दोनों टीमों को मुख्यातिथि मंडलायुक्त मंडी राखी काहलों ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। क्रिकेट मैच का आयोजन सहायक निर्वाचन अधिकारी मंडी सदर 33 विधानसभा द्वारा किया गया।मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों को एक जून को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पूरा जिला में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में पड्डल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि एक जून को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सभी मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लें।

मैच के दौरान डिग्री कॉलेज मंडी के विद्यार्थियों अर्पित शर्मा, लेखराज और राजेंद्र ने शानदार कमेंट्री की। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर और उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप विजय गुप्ता अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हिमाचल की राजनीति का केंद्र है होली लॉज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 मई।** होली लॉज के जिक्र के बिना हिमाचल की राजनीति का जिक्र अधूरा है होली लॉज हिमाचल की राजनिति का केंद्र बिंदु है। यह भवन हिमाचल प्रदेश के 6 बार के मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के परिवार का निवास है1866 में होल्ली लॉज की ईमारत में पंजाब गर्ल स्कुल की शुरुआत हुई थी। जो आज ऑकलैंड स्कुल के नाम से जाना जाता है. 1930 में वीरभद्र सिंह के पिता व् बुशहर रियासत के राजा पदम् देव द्वारा इस भवन को ख़रीदा गया था.. शिमला के सभी प्राचीन भवनों की तरह इस भवन का भी अपना इतिहास है. यह भवन एक समय में आज के ऑकलैंड हाउस स्कूल का भवन हुआ करता था।

होली लॉज उन गिने चुने भवनों में से एक है. जिन्हे शिमला के शुरुआती दौर में बनाया गया था. मेजर जीबी गौड़ के स्वामित्व में बने होल्ली लॉज सहित अन्य भवनों को उनके द्वारा किराये पर दिया जाता था। सभी भवनों का मिला कर एक वर्ष का 38 हज़ार रुपए किराया आता था, जिसमे होली लॉज से 1800 रुपए किराया वसूल किया जाता था। सोफिया ऐनी द्वारा शुरू किया गया स्कुल होल्ली लॉज को मेजर जीबी गौड़ द्वारा कलकत्ता के बिशप जॉर्ज को किराये पर दिया गया था। बिशप वही व्यक्ति है, जिनके द्वारा 1858 में शिमला के मशूहर बिशप कॉटन स्कुल की शुरुआत की गयी थी. बिशप जॉर्ज की धर्मपत्नी सोफ़िया ऐनी द्वारा होल्ली लॉज में 1866 में लड़कियों के लिए एक स्कुल शुरू किया गया. जिसका नाम पंजाब गर्ल्स स्कुल रखा गया. यह स्कुल 32 छात्राओं के साथ शुरू हुआ. 2 वर्षो तक होल्ली लॉज की ईमारत में स्कुल चलने के बाद इसे ऑकलैंड टनल के नज़दीक स्थानांतरित कर दिया गया. यह स्कुल आज ऑकलैंड हाउस स्कुल के नाम से मशूहर है। शिमला के नामी स्कूलों में से एक है।

कैसे वीरभद्र परिवार का हुआ होल्ली लॉज्होल्ली लॉज लेफ्टिनेंट गवर्नर सर मोर्टन का भी आवास रहा है. 1906 में लेफ्टिनेंट गवर्नर सर मोर्टन की मृत्यु के बाद यह भवन एक बार फिर किराये पर चढ़ गया. इसके बाद 1930 में बुशहर रियासत के राजा व् वीरभद्र सिंह के पिता पदम् देव द्वारा होल्ली लॉज को खरीद लिया गया. 1930 के बाद से ही वीरभद्र सिंह का परिवार यहां रहने लगा. इसके बाद 1962 में वीरभद्र सिंह पहली बार हिमाचल से लोकसभा सदस्य चुने गए. 1983 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने. इसके बाद से ही यह भवन हिमाचल की राजनीति का केंद्र बिंदु बन गया।

### केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

## सुक्खू सरकार सुख नहीं दुख की सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 मई।** हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट पर चुनावी लड़ाई दिलचस्प हो चली है। एक ओर जहां कांग्रेस ने विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है तो, दूसरी तरफ भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में तमाम नेताओं की ओर से जनसभा के साथ-साथ नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के गढ़ शिमला ग्रामीण पहुंची। जहां उन्होंने शिमला ग्रामीण पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख पेड वर्कर नहीं हैं। वो अपने पैसे से खुद भी चाय पीते हैं और पांच लोगों को भी पिलाते हैं। वो भाजपा को हिम्मत और ताकत देते हैं।

मीनाक्षी लेखी ने पूर्व यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गारंटियों की गारंटी है, मोदी की गारंटी है। यह कोई झूठ-मूठ की गारंटी नहीं, जिसमें किये वादे पूरे न हो। 2014 से पहले बजट में प्रोजेक्ट पारित होते थे, लेकिन, उन पर काम नहीं होता था। रेलवे में 97 प्रोजेक्ट ऐसे थे, जो हर बार पारित होते थे। उसको लेकर योजनाएं भी बनती थी लेकिन काम नहीं होते थे। मोदी सरकार आने के बाद लालफीताशाही व्यवस्था में बदलाव हुआ है।

मीनाक्षी लेखी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 10 वर्षों में देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यूपीए सरकार के दौरान देश नाजुक अर्थव्यवस्था के दौर में था, जिसे पीएम ने विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल किया है।

## रविदास मंदिर से गुल्लक तोड़कर चोर पैसे लेकर फरार हो गए

**बरठीं बिलासपुर, 5 मई (अप्रस)।** विकासखंड झंडुता के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के गांव फटोह के गुरु रविदास मंदिर से गोलक तोड़कर चोर पैसे लेकर फरार हो गए। जानकारी देते हुए श्री सतगुरु रविदास सभा मंदिर के प्रधान शरवन उर्फ संजू ने बताया कि सुबह मंदिर मैं पूजा करने के लिए आए तो देखा कि मंदिर में सब कुछ ठीक था लेकिन जब शाम को आए तो देखा मंदिर का मेंन दरवाजा तोड़कर चोर मंदिर में आए, मंदिर का ताला तोड़ा और गोलक तोड़कर उसमें से पैसे निकाल लिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तलाई थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है तथा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार के चोरों को शीघ्र से शीघ्र पकड़ा जाए, ताकि कोई और लोग इनका शिकार न बन सकें। मंदिर कमेटी के प्रधान संजू उप प्रधान बलबीर सिंह सचिव सोनू कोषाध्यक्ष दीनानाथ सरक्षक हरिराम सरवन सिंह रमेश कुमार सूंकाराम ख्यालीराम तेज सिंह अनीश कुमार व प्रकाश चंद सहित अन्य लोगों ने बताया की मंदिर में इससे पहले भी चोरी हुई थी जिसमें चोर संत गुरु रविदास के हार को चुरा कर ले गए थे लेकिन अब उन्होंने लगभग तीन माह के हजारों रुपए के चढावे पर हाथ साफ किया है चोरी की इस वारदात से गांव में भय का माहौल है। कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की वारदात को अंजाम देने वाले शरारती तत्वों को तुरंत पकड़ा जाए ताकि आने वाले समय में इस प्रकार की घटना न हो चोरी की सूचना मिलने पर तलाई की पुलिस टीम मौके पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण किया। ए एस आई राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने मौके का निरीक्षण कर लिया है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रतवाड़ी में मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल/रितिक




**नालागढ़, 5 मई।** नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में गठित स्वीट टीम के नोडल ऑफिसर डॉ.नरेश कुमार उनकी टीम रवि नंदन शुक्ला और देवेश कुमार ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रतवाडी में विद्यार्थियों को जागरूक किया। स्वीट टीम के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. नरेश कुमार द्वारा जानकारी दी गई की टीम के सदस्यों द्वारा प्रजातंत्र में वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि आप विद्यार्थी देश का भविष्य है और देश के भविष्य को बनाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। यदि प्रजातंत्र को वास्तविक रूप में सफल बनाना है तो कोई भी मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए ।उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि जो 31 दिसंबर 2023 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे अपना मतदाता पहचान पत्र जरूर बनाएं ।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना संपूर्ण सहयोग दे। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार,रणजीत सिंह, सपना देवी,उमाशंकर सहित हरभजन, प्रियंका, हरनाम शिक्षक सहित 130 विद्यार्थी के करीब उपस्थित रहे।

# भाजपा की प्रचंड लहर के आगे कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं : बंतो कटारिया

**विश्वास फाउंडेशन में दीदी श्री कृष्ण मूर्ति जी से मिला विजयश्री का आशीर्वाद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्र के मौजिज और प्रमुख लोग जगह-जगह बंतो कटारिया का स्वागत कर रहे हैं। रविवार को बंतो कटारिया पंचकूला स्थित विश्वास फाउंडेशन, बीकेएम विश्वास स्कूल, सेक्टर-9 पहुंची और यहां दीदी श्री कृष्ण मूर्ति जी से विजय का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा अंबाला व पंचकूला में कई स्थानों का दौरा कर बंतो कटारिया ने लोगों से समर्थन मांगा। श्रीमती कटारिया ने पंचकूला के चुनाव कार्यालय में भी गई और कार्यकर्ताओं से भेंट कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

बंतो कटारिया ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लोगों में जुनून और जोश हर जगह देखा जा रहा है। अंबाला क्षेत्र में माहौल मोदीमय बना हुआ है। 10 सालों में हुए विकास कार्यों से अंबाला लोकसभा की जनता खुश है। उन्होंने कहा कि मोदी और हरियाणा की भाजपा सरकार ने अंबाला क्षेत्र का कायापलट किया है। अगले पांच साल में अंबाला में हर सुख सुविधा लोगों को मिलेगी।



## कांग्रेस ने विकास से जनता को कोसों दूर रखा

बंतो कटारिया ने कहा कि पूरे हरियाणा में मोदी के नाम की आंधी चल रही है। भाजपा की इस प्रचंड लहर के आगे कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं है। जनसंपर्क अभियान के तहत श्रीमती कटारिया ने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने कभी विकास की बात तक नहीं की। लोगों को विकास से कोसो दूर रखा। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश और प्रदेश में हर तरफ विकास हुआ है। सड़कों का जाल बिछा है, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है।

### युवाओं का भविष्य भाजपा सरकार में ही सुरक्षित

श्रीमती कटारिया ने कहा जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है। मोदी जो बोलते हैं वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहे अपार समर्थन ने तय कर दिया है कि 25 मई को जनता मोदी की गारंटी पर वोट करते हुए कमल का बटन दबाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास और आने वाली पीढ़ी तथा युवाओं के उज्जवल भविष्य भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है।

## कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया बंतो कटारिया का जन्मदिन



अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया का जन्मदिन रविवार को कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। बंतो कटारिया ने भी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनके जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा जीत का ही होगा। जिस मेहनत से कार्यकर्ता दिन-रात चुनाव में काम कर रहे हैं, उससे जीत का रास्ता साफ नजर आ रहा है। उन्हांने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह जीत उन सब कार्यकर्ताओं की होगी, जो चुनाव में किसी न किसी रूप जुड़े हुए हैं। श्रीमती कटारिया ने कहा कि चाहे कोई पार्टी हो या व्यक्ति, हर किसी का कार्यकर्ता ही अहम होता है। कार्यकर्ता भी वह जो उसके प्रति समर्पित हो। बंतो कटारिया ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां, उनकी विदेश नीति, अंतरराष्ट्रीय मंचां पर भारत की ताकत, देश को एकता में बांधकर रखने की कार्यप्रणाली पर वोट करें।

## पीएम मोदी की गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की आर्थिक उन्नति की गारंटी

श्रीमती कटारिया ने कहा कि देश की जनता मोदी जी के साथ है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा 400 का जादूई आंकड़ा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से पार करेगी। श्रीमती कटारिया ने कहा कि वह जगह-जगह गई है, हर जगह मोदी जी की ही चर्चा है। देश और प्रदेश की देवतुल्य जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को ही प्रधान सेवक की जिम्मेदारी देगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक उन्नति की गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद पीएम मोदी निश्चित तौर पर अपनी अन्य गारंटियों की तरह ये गारंटी भी पूरी करेंगे और देश को महाशक्ति बनाने का संकल्प भी पूरा करेंगे।

# टिक्कर स्कूल में टीजीटी टीचरों की चुनाव ड्यूटी पर डीसी ने डीईओ से रिपोर्ट मांगी

**प्रशासन मामले में अगले दो दिनों में लेगा फैसला**

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** मोरनी के टिक्कर हिल्स के स्कूल में चार टीजीटी टीचरों की चुनाव में ड्यूटी लगाए जाने से अभिभावकों में नाराजगी है। अभिभावकों ने बच्चों के भविष्य के मद्देनजर चुनावी ड्यूटी से टीचरों को वापस स्कूल भेजने की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई ड्यूटी की वजह से बाधित न हो। टिक्कर स्कूल में सुभाष शर्मा पीजीटी अंग्रेजी, दलबीर सिंह पीजीटी गणित, श्याम लाल पीजीटी डीपीई को चुनाव में ड्यूटी पर लगाया है। स्कूल में पीजीटी की एक एक पद ही स्वीकृत है। इनकी अनुपस्थिति में संस्कृत और हिंदी पीजीटी से काम चलाया जा रहा है। हालांकि, स्कूल में टीचरों के चुनाव ड्यूटी पर होने के संबंध में प्रशासन द्वारा डीईओ से इस रिपोर्ट भी मांगी गई है। साथ ही गांव के सरपंच से भी राय ली जा रही है।

उधर, यह मामला हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रमुख सचिव राजेश खुल्लर के पास भी पहुंच चुका है। ऐसे में सोमवार को इस मामले में प्रशासन कोई निर्णय लेकर स्कूल में टीचरों को वापस भेजने का फैसला ले सकता है। टीचरों की चुनाव में ड्यूटी लगाए जाने के मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रधान पुष्पेंद्र राणा ने प्रशासन द्वारा इन अनदेखी पर सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा है कि मोरनी में मासूम विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कई कोस से चल कर आते हैं लेकिन स्कूल में टीजीटी टीचरों के नदारद होने से बच्चे शिक्षा वंचित रह जाते हैं। ऐसे में प्रशासन को शीघ्र इस समस्या का समाधान करना चाहिए। अभिभावकों का कहना है कि केवल स्कूल में ही बच्चों की शिक्षा हो पाती है। गौरतलब है कि हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव है और 4 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। ऐसे में शिक्षकों की ड्यूटी भी तब तक जारी रह सकती है।

**क्या कहते हैं डीसी**

स्कूल में टीजीटी टीचर्स की चुनाव में ड्यूटी लगाए जाने के संबंध में डीईओ से रिपोर्ट मांगी गई है। अगले दो दिन में इस समस्या के समाधान के लिए उचित फैसला लिया जाएगा।

**यश गर्ग, उपायुक्त, जिला पंचकूला**

# संजीव चौधरी की किताब 'हेल्दी एवर आफ्टर- एवरग्रीन प्रिंसिपल्स ऑफ वाइब्रेंट लिविंग' का हुआ विमोचन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। स्वस्थ रहने के लिए ना तो जिम जाने की जरूरत है और ना ही डाइट चार्ट की। लाइफ स्टाइल डिसीस की तो अवधारणा ही फिजूल है। इन्हीं तथ्यों को आधार बना कर चण्डीगढ़ के लेखक संजीव चौधरी ने 'हेल्दी एवर आफ्टर- एवरग्रीन प्रिंसिपल्स ऑफ़ वाइब्रेंट लिविंग ' नामक किताब लिखी है जिसका विमोचन स्वास्थ्य विशेषज्ञ सर्वप्रिय निर्मोही ने किया। ये बुक अमेरिका के हे हाउस पब्लिशर्स ने प्रकाशित की है। ये संजीव चौधरी द्वारा रचित दूसरी किताब है। उनकी पहली किताब बिल्डिंग ब्रांड यू थी, जिसे युवा वर्ग की भरपूर सराहना मिली थी। चंडीगढ़ प्रेस क्लब आयोजित विमोचन समारोह में संजीव चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपनी इस नई किताब में चार पहलुओं फिजिकल, मेंटल, स्पिरिचुअल एवं सोशल हेल्थ को समेटा है, जिससे निकले निष्कर्षों के आधार पर कोई भी इंसान स्वस्थ सकता है। उन्होंने बताया कि 20 वर्षो के अथक शोध के बाद अपने ज्ञान व अनुभवों के आधार पर पाया कि स्वस्थ रहने के लिए किसी रॉकेट साइंस के अध्ययन की जरूरत नहीं है, बल्कि आम आदमी सिर्फ मदर नेचर का अनुसरण करे, तो उसके पास कोई बीमारी भी नहीं फटक सकती। स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं टीवी व रेडियो जगत के जाने-माने चेहरे स्टेट अवॉर्डी सर्वप्रिय निर्मोही ने किताब की सराहना करते हुए कहा कि ये आमजन के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

# आदर्श आचार संहिता: कैश, शराब, हथियार पर नजर रखने के लिए उड़न दस्ते व स्थैतिक टीमें गठित

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को असुविधा से बचाने व उनकी शिकायतों के निवारण के लिए किया एक तीन सदस्यीय समिति का गठन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** जिला में शराब, मादक पदार्थ की तस्करी या नकद पैसों को तस्करी पर नजर रखने के लिए जिला प्रशासन ने उड़ दस्ते के साथ स्थैतिक टीमों का गठन कर तैनात कर दिया गया है। इन टीमों के प्रमुख के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त यश गर्ग ने चुनावी समय के दौरान शांति और कानून व्यवस्था को लेकर जहां पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने के आदेश दिए हैं वहीं तस्करी को रोकने में टास्क फोर्स की गतिविधियों को भी बढ़ावा देने और संवेदनशील इलाकों पर नजर रखने के साथ सीमाओं की निगरानी करने के आदेश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला में कैश, शराब, हथियार और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री पर निगरानी रखने के लिए जिला में उड़न दस्ते व स्थैतिक निगरानी टीमों का गठन किया गया है। चेकिंग के दौरान अगर किसी उम्मीदवार, उसके एजेंट या पार्टी कार्यकर्ता की गाडी में 50 हजार रुपये से अधिक नकद राशि या पोस्टर, चुनाव सामग्री, किसी प्रकार की ड्रग्स, शराब, हथियार या उपहार सामग्री, जिसकी कीमत 10 हजार रुपये से अधिक हो और जिसका प्रयोग मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए किया जा सकता हो व किसी वाहन में कोई अन्य अवैध सामान पाया जाता है तो उसे जब्त किया जाएगा। श्री गर्ग ने बताया कि लोगों को असुविधा से बचाने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त, पंचकूला इस समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीओ (सी) कालका, 01-पेड़ में फंदा लगाकर एक व्यक्ति ने अपनी जीवन लीला समाप्त की।

# अम्बाला लोकसभा प्रत्याशी पहुंचे काली मंदिर कालका, पूजा-अर्चना की

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** आज अम्बाला लोकसभा प्रत्याशी श्री वरूण चौधरी ने मां काली मंदिर कालका में अपनी माँ के चरणों में माथा टेका। उन्होंने विधि विधान से कालका काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समस्त क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।इस मौके पर हलका कालका विधायक प्रदीप चौधरी, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव पवन कुमारी शर्मा, नवदीप शर्मा, सुनील कुमार, एडवोकेट मुकेश सोढ़ी, सुरिंदर चौहान, अजय सिंगला, उजाला बक्शी, सचिन शर्मा सहित भारी संख्या में पुरुष महिलाएं व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने हरियाणा के चुनावों के लिए सफलता की कामना की और राज्य के विकास की प्रार्थना की।

# पेड़ में फंदा लगाकर व्यक्ति ने की जीवन लीला की समाप्त

अर्थप्रकाश/सुनील दत्त

**परमाणु।** 112 हैल्पलाईन से थाना परवाणु पर सूचना मिली कि आशापूर्णी मंदिर व बालाजी मंदिर के बीच कच्चे रास्ते में एक व्यक्ति की लाश लटकी है। जिस सूचना पर पुलिस टीम नजद माता आशापूर्णी मंदिर ता बालाजी मंदिर पहुंची जहां पर माता आशापूर्णी मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे जंगल झाडी बालाजी मंदिर की तरफ रास्ता पैदल से करीब 15 मीटर दूरी दांहिनी तरफ जंगल झाडी के बीच खडे खैर के पेड में लटकी एक लाश गले में फंदा लगाए पाई गई । जो नाश का मुंह दाहिनी तरफ झुका हुआ पाया गया बारीकी से निरीक्षण किया गया तो नाश पर किसी किस्म के चोटों के निशान न लगने पाए गए । पैंट की जेब में एक सुसाईड नोट लाईनदार कागज पर लिखा हुआ पाया गया व क्रंसी नोट कुल 2670/- रूपये व एक अदद मोबाईल फोन ब्रामद हुआ । मृतक की पहचान अंशु पुत्र मोहन साहा निवासी गांव बधाहन, नराईपुर जिला पश्चिमी चम्पारन बिहार व उम्र 20 वर्ष है। प्रथम दृष्टि से मामला अंशु द्वारा पेड में फंदा लगाकर के आत्म हत्या करने का पाया जा रहा है। जिसमें कार्यवाही जेर धारा 174 सीआर पी.सी अमल में लाई जा रही है।

# भारतीय नमो संघ संगठन के सदस्यों की बैठक



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** आज भारतीय नमो संघ संगठन के सदस्यों द्वारा मीटिंग आयोजित किया गया यह कार्यक्रम कालका शिव मंदिर के लाइब्रेरी में किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट वीनू कंवर ने की वीनू ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप डमाने प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नू तोमर के निर्देशानुसार हुई। शांति बहुगना प्रदेश प्रवक्ता , परम हंस दिवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहिंदर पल जिला उपाध्यक्ष ,अश्वनी सह सचिव संग मिलकर वीनू कंवर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की सहमति से भारतीय नमो संघ के निरीतव मे बैठक हुई ।जिसमे सामाजिक समस्याओं पर वार्तालाप हुआ और उनके हल के लिए एकागृकित हुए और सरकार द्वारा लाई गई नीतियों को अमल में लाने बारे जानकारी ली गई । वाणी एक बहुमूल्य आभूषण है जिससे हम सामान्य नागरिक , औरतों , कमजोर व्यक्ति को एक नेक सुझाव से बहुत कार्य अमल मे ला सकते है , हिंदू मुस्लिम अन्य जाति धर्म मे भेद भाव ना करे , एकता की बाल से चले, कानून व्यवस्था की मदद ले, विकलांग , बच्चों,गरीब, बूढ़े , पशु अन्य सभी के लिए सरकार द्वारा और अपने खुद की हिम्मत वा सभी के सहयोग से इनासियत ,स्वाभिमान विनर्मता, मानवता से अपने कालका जिला पंचकुला, हरियाणा , हमारे भारत देश में प्रगति , स्वच्छता , नई टेक्नोलॉजी ,योजनाएं जो हों उन्हें समाज मे पूर्ण लक्ष्य से पूर्ति कर सके। भष्टाचार पर रोक हो। समाज कल्याण सुधार हो मन मुटाव न हो और हम अपने क्षेत्र भारत देश को प्रगति , उन्नति की ओर अग्रसर हो।

# बच्ची के साथ 13 साल के बच्चे ने किया दुष्कर्म

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** आईटी पार्क थाने के अधीन एरिया में गत दिनों एक 13 साल के नाबालिग लड़के ने 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने बच्ची के जज के समक्ष 164 के बयान दर्ज करवाए हैं, वहीं लड़के की शिनाख्त करवाकर उसका भी मेडिकल करवाया गया है। लड़के को जुवेनाइल होम भेज दिया गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों परिवार पड़ोसी हैं और झोपड़ी में रहते हैं। इनके मां-बाप दिहाड़ी करते हैं। बच्ची और लड़का एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। पूछताछ में लड़के ने बताया कि उसके दोस्तों ने उसको अश्लील वीडियो के बारे में बताया था। उसने अपनी मां का फोन चुराकर पहले अपने पास रख लिया और जब घर में कोई नहीं था तो उसने वैसा वीडियो देखा। इसके बाद पड़ोस की 8 साल की बच्ची को कुछ खिलाने के बहाने अपनी झोपड़ी में ले गया और गलत काम किया। शाम को बच्ची ने मां-बाप को बताया। बच्ची की मां ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्ची का सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाया और आरोपी को पकड़ लिया।

# विधानसभा चुनाव में भी विशेष भूमिका निभाएगा वाल्मीकि समाज: विनोद गौरी

**वरुण मुलाना ने एससी ए वर्ग के नेताओं की मांग को बताया जायज**

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** वरुण मुलाना ने आज अनुसूचित जाति ( ब्लॉक ए ) के प्रतिनिधि मंडल से वाल्मीकि समाज के कद्धावर नेता एडवोकेट विनोद गौरी के निवास पर उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ हल्का कालका के विधायक प्रदीप चौधरी वा कांग्रेस के अन्य नेतागण भी मौजूद रहे। मौके पर मौजूद दलित चिंतक,एडवोकेट राकेश करोतिया ने वरुण मुलाना के वहां पहुंचने पर समाज की और से उनका स्वागत किया और उनका धन्यवाद किया की वह उनकी बात सुनने के लिए विशेष तौर पर यहां पहुंचे , एडवोकेट राकेश करोतिया ने वरुण चौधरी के समक्ष अपनी बात रखी की हमारी ए व बी ब्लॉक के आरक्षण वर्गीकरण की मुहिम आज भी जारी है , उसके साथ ही उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी उनके वर्ग के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करती है वह कभी भी संसदीय वा विधान सभा के चुनावो में टिकट वितरण के समय हमारे साथ न्याय नहीं करती इसके अतिरिक्त आज तक कांग्रेस ने कभी वर्ग ए के व्यक्ति को राज्य सभा में नही भेजा बावजूद इसके यह समाज शुरू से ही कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक है और कांग्रेस ही इस वर्ग को अपनी रीड की हड्डी मानती है लेकिन जब भी इस समाज को देने की बात आती है तो कांग्रेस इस वर्ग के साथ धोखा करती है वरुण चौधरी ने वर्ग ए की तमाम बातों को जायज बताया और कहा की अब समय चुनाव को संभालने का है।

चुनाव के बाद समाज की इन बातो पर विस्तार से चर्चा कर इन्हे हाल करवाने का भरसक प्रयास किया जाएगा , इस पर विनोद वाल्मीकि ने भी समाज की और से वरुण मुलाना को आश्वासन दिया की हमारा समाज आपके साथ है ,इस मौके पर वाल्मिक सभा पिंजौर के प्रधान संजू, खुशी राम , एड राज कुमार गौरी , एडवोकेट गोपाल चंदेल , एडवोकेट शिव कुमार ,रिंपी वाल्मिकी, युवा नेता चंदन के साथ भारी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# उत्तराखंड से आकर पंचकूला में काम रहा युवक अचानक हुआ गायब

**पुलिस मान रही मामला संदिग्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** करीब चार महीने पहले उत्तराखंड से आकर पंचकूला में नौकरी कर रहा युवक अचानक संदिग्ध हालात में गायब हो गया। आखरी बार उसके साथ मारपीट होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने पीडति भाई की शिकायत पर युवक जितेंद्र के लापता होने का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। सेक्टर 5 थाना पुलिस सेक्टर 10 स्थित स्वागत रेस्टोरेंट में काम कर चुके जितेंद्र के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस को जितेंद्र के भाई अरविंद सिंह गोसाई ने शिकायत देकर बताया कि उसका भाई जितेंद्र सिंह उत्तराखंड के गांव नौबाड़ी पीओ देवीखेत कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल में रहता है। गत 4 महीने में स्वागत हट रेस्टोरेंट सेक्टर 10 में किचन का काम करता था। रेस्टोरेंट के मैनेजर विशाल से उनकी बातचीत हुई तब उसने बताया कि जितेंद्र की किसी तरुण मार्को के साथ बीती 25 मार्च को मारपीट व लड़ाई झगड़ा हुआ था। जिसके बाद जितेंद्र को नौकरी से हटा दिया गया था। भाई को खोजता हुआ अरविंद पंचकूला में आया और भाई की पड़ताल करते हुए उसने बताया कि भाई की तलाश करते हुए उसने कॉल डिटेल निकलवाई तब सामने आया कि जितेंद्र की आखरी बार दो बार रेस्टोरेंट के संचालक से बातचीत हुई थी। भाई के अचानक गायब होने और मारपीट की बात सामने आने के बाद परिवार को संदेह है कि कहीं भाई के साथ अप्रिय घटना न हो गई हो। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में बिना देरी करते हुए केस दर्ज कर युवक की पड़ताल शुरू कर दी।

# पंचकूला की सुशीला खोखर ने जीता वोग स्टार इंडिया-2024 का खिताब

**रिटायर्ड स्कूल प्रिंसिपल हैं सुशीला खोखर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला की सुशीला खोखर ने जयपुर में आयोजित वोग स्टार इंडिया-2024 का खिताब जीतकर ट्राइसिटी की महिलाओं का नाम रोशन किया है। कड़ी मेहनत के बाद सुशीला खोखर मिसेज वोग स्टार इंडिया चुनी गई और उन्हें क्राउन पहनाया गया। 60 वर्षीय सुशीला खोखर हरियाणा शिक्षा विभाग से रिटायर्ड प्रिंसिपल हैं। सुशीला ने इस अवसर पर कहा कि हौंसलों में उड़ान और कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो हर मुश्किल आसान हो जाती है। इस प्रतियोगिता में 1600 महिलाओं ने ऑनलाइन हिस्सा लिया था जिसमें 700 महिलाओं को ऑनलाइन ही ट्रैंड किया गया। उसके बाद 700 महिलाओं में से 84 महिलाओं को पूरे भारत में से चुना गया एवं जयपुर में बुलाया गया। इसकी आयोजक संस्थापक कृति चौधरी फाजिल्का पंजाब से राजनेत्री रह चुकी है। कृति चौधरी ने बताया कि वोग स्टार इंडिया प्लेटफार्म के जरिए महिलाओं के लिए कुछ करना व उनको प्रोत्साहित कर उनके सपनों को पूरा करना ही उनका मकसद है। यह आयोजन महिलाओं द्वारा ही संचालित किया जा रहा है, टीम में भी सभी महिलाएं है। सुशीला खोखर ने बताया कि इस खिताब को जिताने का श्रेय वे अपने परिवार व अपने बच्चों को देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वे महिलाओं के सपने को पूरा करने के लिए मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि घरेलू महिलाएं अपने शौक को पूरा करें और जहां जो मंच मिले वहां प्रतिभागिता करने का प्रयास करें।

# ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी बाबा रामपाल सोढ़ी के कार्यक्रम पहुंचे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कालका।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और इस क्षेत्र के मजबूत नेता बाबा रामपाल सोढ़ी के द्वारा रज्जीपुर सूरजपुर में भाजपा का मजबूत ओबीसी मोर्चा सम्मेलन कर कालका विधानसभा क्षेत्र की राजनीति को और मजबूत करने का काम किया हजारों की संख्या में लोग और ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी बाबा रामपाल सोढ़ी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। हरियाणा प्रदेश के भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री कर्मदेव कंबोज ने भी इस भरी जनसभा को संबोधित किया। पूर्व विधायक लतिका शर्मा और भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस जनसभा में पहुंचे और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के भी सभी कार्यकर्ताओं ने मजबूती से चुनाव लड़ने की गारंटी और चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। इस प्रकार की योजनाएं और बातें जनता तक हर भाजपा के कार्य कर्ता को पहुंचानी है। देश की उन्नति तरक्की और जिस प्रकार से श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आज बुलंदियों को छू रहा है। विदेश में भी भारत देश का डंका बोल रहा है। यह सभी बातें भाजपा के नेता अपने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर करने की बात करें। भारतीय जनता पार्टी के संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस मजबूत जनसभा का हिस्सा थे। बाबा रामपाल सोढ़ी ने सभी नेताओं भाजपा संगठन के पदाधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता व नरेंद्र मोदी जी को चाहने वाले उनके समर्थकों का तहे दिल से धन्यवाद भी किया।

# हम लाएंगे मेट्रो रोहतक पार, इलाके में रुके हुए सारे विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे: दीपेन्द्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज कलानौर हलके के गांव खेड़ी-साध, बलियाना, नौनन्द, खरावड़, कारौर, पहरावर, मायना, शिमली, करौंथा, कबूलपुर, रिटोली, बालन्द, गरनावठी, ककराना, सुंडाना, बल्मब, माडौदी रांगडान, माडौदी जाटान आदि में चुनाव प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं का क्या समाधान करेगी, भाजपा सरकार अपने आप में एक बड़ी समस्या है। इस बार रोहतक की जीत का डंका सारे देश में सुनाई देगा। यहाँ की जीत हरियाणा की अगली सरकार की नींव रखेगी। उन्होंने सीधा सवाल किया कि आखिर क्या कारण है कि 10 साल से मेट्रो बहादुरगढ़ पर ही खड़ी है। जबकि नोएडा मेट्रो, ग्रेटर नोएडा और आरआरटीसी मेरठ तक पहुँच गई। उन्होंने बीजेपी सरकार पर इलाके के विकास की उपेक्षा का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि हम अपने किये काम के आधार पर जनता के बीच जा रहे हैं। बीजेपी सरकार 10 साल के और बीजेपी सांसद पिछले 5 साल के अपने काम जनता को बताएं। दीपेन्द्र हुड्डा ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जनता का साथ, समर्थन और आशीर्वाद मिलने पर इस बार मेट्रो को रोहतक पार लेकर आएंगे और इलाके में रुके हुए सारे विकास कार्यों को आगे ब?ाएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश दोनो जगह भाजपा सरकार में है, लेकिन न तो यहां कोई नया निवेश आया, न ही कोई नयी परियोजना आयी, न ही कोई नयी फैक्ट्री या उद्योग ही लग पाया। बीजेपी सरकार महम के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उत्तर प्रदेश के जेवर ले गयी। ये अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कलानौर से चंद किलोमीटर ही दूरी पर बनना था। इसी तरह रेल कोच फैक्ट्री परियोजना को भी बीजेपी सरकार दूसरे प्रदेश में उठा ले गई। इन ब?ी परियोजनाओं को केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार से मंजूर करायाकर इलाके में लाने के लिए उन्होंने जी-जान से मेहनत की थी। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता। लेकिन बीजेपी सरकार महम इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री के साथ ही हरियाणा से लाखों रोजगार भी ले गई। आज 30 लाख पद केंद्र सरकार में और 2 लाख पद हरियाणा में खाली प? हैं। हरियाणा का युवा देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहा है और काम के लिए जान जोखिम में डालकर डंकी के रास्ते अवैध रूप से विदेशों में जाने को मजबूर है। 10 साल के शासनकाल में भाजपा ने हरियाणा को अपराध व बेरोजगारी को केन्द्र बना दिया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में रिकार्ड महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नशा, कानून-व्यवस्था चौपट होने के चलते आम हरियाणावासी भय के माहौल में जी रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 36 बिरादरी ने अब बदलाव का फैसला कर लिया है और इस फैसले को लागू करने के लिए 25 मई का इंतजार कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र की घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार आने पर गृहलक्ष्मी योजना के माध्यम से हर घर की सबसे ब?ी महिला को साल में 1 लाख रुपये मिलेंगे। कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में खाली प? 30 लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती करेंगे। अग्निपथ योजना खत्म कर फौज में पक्की भर्ती शुरू करेंगे और भर्ती हो चुके अग्निवीरों को पक्का करेंगे। उन्होंने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के संकल्पों को दोहराते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर 6000 रुपये बु?ापा पेंशन देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे यानी 300 यूनिट से ज्यादा होने पर गिनती 1 यूनिट से होगी। हर गृहणी को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन, गरीब, पिछ?, दलित परिवारों के लिये 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट की योजना दोबारा शुरु होगी, इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिये सा? 3 लाख रुपये की किश्त देंगे। हरियाणा में कच्ची भर्ती नीति खत्म कर रिजर्वेशन, पेंशन के साथ 2 लाख पदों पर समयबद्ध और पक्की भर्ती शुरू होगी। किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। कलानौर में पंचायती

# चुनाव रैलियों में स्कूल व कॉलेजों के मैदानों का नहीं किया जा सकेगा इस्तेमाल: डॉ. मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया किचुनाव रैलियों के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्कूल व कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने की चुनाव आयोग से अनुमति नहीं होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा व पंजाब को छोड़?र अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से खेल मैदान उपयोग किया जा सकेगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इस मुद्दे पर व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रचार के दौरान उच्च मानदंडों का बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अ) के तहत भारत के नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है, परंतु आदर्श चुनाव आचार संहिता का उद्देश्य इसके विभिन्न प्रावधानों के तहत निहित है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य धार्मिक का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और न ही इनमें भाषण, पोस्टर, संगीत, चुनाव से संबंधित सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा कर्मियों के फोटो या विज्ञापनों में रक्षा कर्मियों के कार्यक्रमों के फोटो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

# नए सत्र से जाट कालेज में चार पीजी एवं पांच यूजी कोर्स की शुरुआत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** जाट महाविद्यालय कैथल की प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने मीडिया को बताया कि 2024 25 नए सत्र में तीन पीजी कोर्स शुरू होने जा रहे है। एमएससी ज्योग्राफी, एमए इंग्लिश, एमए योगा, पीजीडीसीए कंप्यूटर साइंस, यूजी कोर्स में पांच नई कोर्स की शुरुआत बैचलर ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट, बीएमसी बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन, बीवीसीए ऑनर्स सभी कोर्सो की विश्वविद्यालय एवं डीजीएचई की तरफ से औपचारिकता पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय एवं डीजीएचई की तरफ से मंजूरी स्वीकृत हो चुकी है। नए कोर्सों शुरू होने से कालेज में खुशी के लहर दौड़ रही है। जाट हाई स्कूल जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने कहा कि जो सपना दीनबंधु सर छोटू राम ने देखा था शिक्षा के क्षेत्र में, मुझे नए कोर्सों के आगमन पर वह सपना पूरा होता नजर आ रहा है। मुझे जाट समाज ने शिक्षा के विकास के उद्देश्य से प्रशासक पद का कार्य भर की जिम्मेदारी दी थी। मैं इस उत्तरदायित्व को पूरी जिम्मेवारी, कर्मठता, ईमानदारी से निरंतर कार्यरत एवं वचनबद्धता के साथ निभाऊंगा। इस अवसर पर चंद्रशेखर सहारण ने जाट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग एवं जाट कॉलेज की पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर शमशेर सिंह सिरोही, रिटायर्ड डीईओ, सूरज सहारण, रामपाल रिटायर्ड एक्सियन आदि ने बधाई दी।

# दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, राजीव जैन मौके पर पहुंच पीड़ित को दी सांत्वना



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** मोहन नगर में बीती रात सिलेंडर एवं कुकर मरम्मत की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में सब कुछ स्वाह हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि लोहे के सिलेंडर तक पिघल गए।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और पीड़ित को सांत्वना देते हुए निजी कोष से पच्चीस हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। दुकानदार राजू सहगल ने बताया कि वह उत्तराखंड के रहने वाले हैं और ऋण लेकर काम शुरू किया था। आगजनी के कारण हम बर्बाद हो गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में दुकानदार के हाथ पांव भी जल गए। पीड़ित की पत्नी ने बताया कि उनके पास खाने और दवाई तक के पैसे नहीं बचे है। पड़ोसी डॉक्टर जोगिंदर वर्मा ने बताया कि आग बुझाने में पड़ोसियों ने भी मदद की और समय पर आकर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को काबू किया।

राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद सरकार से भी मदद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में भी दुकानदारों को आगजनी होने पर कविता जैन के स्वैच्छिक कोष से नुकसान की भरपाई करवाई गई थी और अब भी पीड़ितो को भरपूर सहायता प्रदान करने के प्रयास कर रहे हैं।-

# हरियाणा में कांग्रेस पार्टी खाता तक नहीं खोल पाएगी: मोहन लाल बड़ौली





अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने सोनीपत विधानसभा में जनसंपर्क अभियान चलाया। मोहनलाल बड़ौली ने मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। इस दौरान मोहनलाल बड़ौली ने सभी पार्टियों के प्रत्याशियों को बधाई दी और कहा कि वह सभी के बीच में जाकर मतदाताओं से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील करें।इसी दौरान मोहनलाल बड़ौली ने एक बार फिर बीजेपी पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताया और कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास ना तो नियत है और ना ही कोई नीति है। जिस कारण कांग्रेस पार्टी पहले 52 सीटों पर सिमट गई थी और इस बार इससे भी कम सीटों पर कांग्रेस पार्टी रहेगी और हरियाणा की बात कर ली जाए तो हरियाणा में कांग्रेस पार्टी खाता तक नहीं खोल पाएगी।

कांग्रेस पार्टी के पास कोई संगठन नहीं है और बीजेपी पार्टी पन्ना प्रमुख तक काम कर रही है और इसी के बलबूते पर उपचुनाव समय 10 सीटों पर बीजेपी पार्टी जीत कर सासद तक पहुंचेगी। मोहन लाल बडौली ने अपने चुनाव प्रचार में सभी जगह लोगों से आह्वान किया की देश की ताकत को बढ़ाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी सरकार बनाएं। हम सबको मिलकर अब की बार 400 पार के नारे को सफल बनाना है।इस मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, ललित बत्रा, वाइस चेयरमैन विनोद त्यागी, विनोद बैरागी, महामंत्री नवीन मंगला, योगेश पाल अरोड़ा सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक व उसके 2 बेटों के खिलाफ केस दर्ज

**पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 5 लाख हड़पने का आरोप**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**पूर्व विधायक फूल सिंह खेडी ने बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। पुलिस की जांच में असल सचाई सामने आ जाएगी। वे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसपी से भी बातचीत करेंगे।**

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने एक युवक को पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी करने के आरोप में गुहला हलका के पूर्व विधायक फूल सिंह व उसके दो बेटों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ग्योंग के जिले सिंह ने बताया कि वह अपने पोते शिवचरण को नौकरी लगवाना चाहता था। इसे लेकर वह गुहला के पूर्व विधायक फूल सिंह से मिला। फूल सिंह ने उसको कहा था कि वह उसके पोते शिवचरण को हरियाणा पुलिस में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने पांच लाख रुपये की मांग की। उसने 21 अगस्त 2021 को फूल सिंह व उसके दो बेटों को गांव ग्योंग में बुलाकर दो लाख रुपये नकद दे दिए थे। तीन दिन बाद बकाया के तीन लाख रुपये भी दे दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उस समय हरियाणा पुलिस की भर्ती निकली हुई थी, लेकिन उसके पोते को नौकरी पर नहीं लगाया गया। उसने अपने पांच लाख रुपये मांगे तो आरोपियों ने कई बार समय मांगा, लेकिन पैसे वापस नहीं किए। इसके बाद भी वह पंचायत लेकर आरोपी के घर गया था। आरोपियों ने उनके पैसे वापस नही किए और उल्टा उसके परिवार को बदमाशों से उठाने की धमकी दे दी। बता दें कि पूर्व विधायक पर इससे पूर्व भी पैसों के लेन देन को लेकर केस दर्ज हो चुके हैं। मामले के जांच अधिकारी एसआई वजीर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव भंभेवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा सौ प्रतिशत

अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों।** उपमंडल के गांव भंभेवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार मित्तल, एसएमसी प्रधान मीना रानी व स्टॉक सदस्यों ने मेधावी बच्चों को मैडल व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य रमेश कुमार मित्तल इस अवसर ने बताया कि विद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। जिसने से 22 छात्रों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करताया है और विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा आशा सुपुत्री रामवाल ने 465 अंक लेकर पिल्लुखेड़ा ब्लॉक में तृतीय स्थान हासिल किया है। छात्रा मोनिका पुत्री पवन ने 451 अंक व नीरज पुत्री अनिल ने 450 अंक प्राप्त किए हैं। कई विद्यार्थियों ने तो 100 में से 100 अंक भी प्राप्त किए है। अभिनंदन समारोह के बाद इन मेधावी छात्र-छात्राओं की गांव में एक शोभायात्रा भी निकाली गई। एसएमसी प्रधान मीना रानी व उपप्रधान राजेश कुमार ने कहा कि सरकार ने हरियाणा के प्रत्येक सरकारी स्कूल में हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा उठा है। विद्यालय के अध्यापक पूर्ण निष्ठा के साथ छात्र-छात्राओं को बढ़िया वातावरण में बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाएं ताकि उन पर कोई अनावश्यक आर्थिक बोझ ना पड़े और बेहतरीन शिक्षा भी मिल जाए। इस अवसर पर प्रवक्ता अनिता रानी, सुमन देवी, रेशमा देवी, करुणा लांबा, विष्णु दत्त, महिंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, दिनेश कुमार, सोमबीर, सुनील कुमार, रेनु व रोहतास आसन सहित काफी तादाद में अभिभावक व गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# बीडी इंडिया ने वेनस बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के लिए रोड शो किए

चंडीगढ़। वेनस बीमारियों के बारे में लोगों में जागरूकता लाने और आपस में ज्ञान साझा करने के साथ ही मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीडी इंडिया (बेक्टन डिकिंसन एंड कंपनी) ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में हाल ही में अपने रोड शो किए। वेनस डिजीज एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर की नसों को दिल तक वापस खून पहुंचाने में परेशानी होती है, जिसकी वजह से ब्लड क्लॉट बन जाते हैं, खासतौर पर पैरों में। यदि इसका उपचार न किया जाए तो यह क्लॉट धीरे-धीरे फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं, और इससे कई तरह कि जटिलताएं भी हो सकती हैं।इस तीन दिवसीय वेनस समिट में टेक्नोलॉजी इनोवेशन फोरम के तहत नवाचारों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई जिसके बाद जर्मन सोसायटी ऑफ वैस्कुलर सर्जरी के वेनस कमीशन के प्रमुख और जर्मनी के यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल आचेन के वैस्कुलर और एंडोवास्कुलर सर्जरी विभाग के उप प्रमुख डॉ हूमान जलाई की अध्यक्षता और भारत के 12 शहरों से आए इन्वेंशनल रेडियोलॉजी और वैस्कुलर सर्जरी के 40 एक्सपर्ट्स की उपस्थिति में कई परिचर्चाएं भी आयोजित की गई।

# बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनियों मेंसे एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च करदिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदानकरता है। परंपरागत रूप से, भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा काविस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2/टियर 3 स्थानों और ग्रामीणबाजारो में केंद्रित रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग औरग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास कोअपनी सेवाएं देगा, जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमासोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीयऔर लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों औरसुरक्षा को पहचानते हुए, प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगेनिकल जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनकर, ग्राहकों को उनकी विशिष्ट औरप्राथमिकता वाली बीमा सेवाओं की एक रेंज मिल जाती है, जिससे उनकीआवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जाता है।प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्टआवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना औरसाइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है।इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जोएलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमाराशि के साथ अनुकूलन योग्य स्वास्थ्य बीमा कवरेजप्रदान करता है।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड'

**लुधियाना।** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नजर आने वाली गतिशील वृद्धि का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक न्यू फंड ऑफर (एनएफओ)- एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड' की घोषणा की है। निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला यह फंड एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। इस फंड का उद्देश्य निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करना है, जिससे निवेशकों को अग्रणी भारतीय बैंकों की विकास यात्रा में सीधे भाग लेने के लिए एक मैकेनिज्म प्रदान किया जा सके। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, हमारे देश की आर्थिक प्रगति के पीछे अनेक कारण हैं और अगर प्रभावी ढंग से प्रगति की इस रफ्तार को समझा जाए, तो हमारी विकास कहानी में देश को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता है।

इस पृष्ठभूमि में ही देश का बैंकिंग क्षेत्र विकास और लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखता है। एक मजबूत नियामक ढांचे और डिजिटल बैंकिंग को तेजी से अपनाने से प्रेरित होकर, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में है। एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस विकास अवसर का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इनोवेशन पर ?ौर देने और उच्चतम शासन मानकों का पालन करने से भी बैंकिंग सेक्टर को बहुत फायदा मिलता है, जिससे भारत के बैंकिंग परिदृश्य को एक नई पहचान देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों का हम लाभ उठा सकते हैं।''श्री कार्तिक कुमार और श्री आशीष नाइक द्वारा प्रबंधित, इस फंड का उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी बैंक टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप व्यय से पहले रिटर्न प्रदान करना है।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98140-19928
Email: arthparkashadvt29@gmail.com

ऋण

Equitas Small Finance Bank Solution Limited
(1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी, महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट: नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिबिल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675


## सार्वजनिक सूचना

मैं, मनीष कुमार पुत्र प्रताप सिंह वासी Jubbad, बिलो पेट्रोल पंप, Khundidhar, Shamti, सोलन ने अपना नाम बदलकर मनीष कुमार राठौर रखा है।

मैं, हरमेश और Massey सिंह पुत्र तरलोक सिंह वासी मकान नं. 283, गांव कजहेरी, सैक्टर-52, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर Meshi रखा है।

मैं, जसबीर Bhinder पुत्र हरजिंदर सिंह वासी प्लाट नं. 28 Kachwa रोड राम नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर जसबीर सिंह से जसबीर Bhinder रखा है।

मैं, शमा भाटिया पत्नी हर्ष भाटिया वासी मकान नं. 1975 सैक्टर-7, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर शमा कौशल से शमा भाटिया रखा है।

मैं, हर्ष भाटिया पुत्र रमेश चंद्र भाटिया वासी मकान नं. 1975 सैक्टर-7, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर हर्ष से हर्ष भाटिया रखा है।

मैं, मिनाक्षी कक्कड़ पत्नी मनोज कुमार पसरीचा वासी मकान नं. 405, सुभाष कोलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर मिनाक्षी पसरीचा से मीनाक्षी कक्कड़ रखा है।

मैं, ओम Prakash गुलाटी पुत्र दीवान चन्द वासी मकान नं. 635 सैक्टर 4 HBC कोलोनी करनाल, -132001 जिला करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर ओम Prakash गुलाटी से ओम Prakash गुलाटी रखा है।

मैं, जसबीर कौर दंदीवाल पत्नी मेवा सिंह वासी गांव और डाकघर Mahmadki जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर जसबीर कौर रखा है।

मैं, राजविंदर Kour पत्नी रणजीत सिंह वासी गांव और डाकघर शाहपुर बेगू जिला सिरसा ने अपना नाम बदलकर राजविंदर Kaur रखा है।

मैं, Jasbeer कौर पत्नी मेवा सिंह वासी गांव और डाकघर Mahmadki जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Jasbir कौर रखा है।

मैं, सिमरजीत Kaur पत्नी कुलबीर सिंह वासी गांव और डाकघर रत्तनगढ़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सिमरजीत Kour रखा है।

मैं प्रदीप पुत्र शिव चरण वासी मकान नं. 3166 भास्कर कोलोनी सैक्टर 25, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर प्रदीप कुमार रखा है।

मैं, KM सपना सिंह पत्नी राहुल वासी 565-ए, टाइप-3 सैक्टर-32-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सपना वर्मा रखा है
एपी-829

मैं, कृष्णा पुत्री ओम प्रकाश मकान नं. #939 राम दरबार, फेज-2, चंडीगढ़ घोषणा करती हूं कि कृष्णा और रजनी एक ही व्यक्ति हैं। दोनों नाम मुझसे संबंधित हैं।
एपी-830

मैं, अभिषेक पुत्र ब्रिज पाल गाँव है बतपुर, निलोखेरी,करनाल ने अपना नाम बदलकर अभिषेक पाल रख लिया है।

मैं, डिम्पल पत्नी सतनाम सिंह गाँव सोंटा, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर डिम्पल उपनाम देवी रख लिया है।

मैं, सतनाम सिंह पुत्र राम करण गाँव सोंटा, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर सतनाम उपनाम सिंह रख लिया है।

मैं, लाभ सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी डेरा के पास लोटनी,जल बहरा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर लाभ उपनाम सिंह रख लिया है।

मैं, कर्मवीर सिंह पुत्र राम पाल सिंह निवासी तन्गौर ,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर कर्मवीर उपनाम सिंह रख लिया है।
एपी-831

मैं, RINA पत्नी सुनील कुमार निवासी मकान न. 371 , सैक्टर 20, हुडा , कैथल (हरियाणा) अपना नाम RINA से बदलकर REENA रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, हर्ष कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी मकान न. 371 , सैक्टर 20 , हुडा , कैथल (हरियाणा) अपना नाम हर्ष कुमार से बदलकर हर्ष रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, श्वेता गुप्ता पुत्री राम नाथ गुप्ता पत्नी विकास कंसल निवासी मकान न. 233ए/10 , स्टेट बैंक रोड , गुरु तेग बहादुर कॉलोनी , कैथल (हरियाणा) अपना नाम श्वेता गुप्ता से बदलकर श्वेता कंसल रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, दलेर पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम नौच, जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम दलेर से बदल कर दलेर सिंह रखता हूँ । सम्बंधित कृपया नोट करें ।

मैं, अमरजीत पत्नी दलेर सिंह निवासी ग्राम नौच , जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम अमरजीत से बदल कर अमरजीत कौर रखती हूँ । सम्बंधित कृपया नोट करें ।
एपी-832

मैं, कमलजीत कौर पत्नी No. 2481624K, स्वर्गीय LNK महेश पाल सिंह, निवासी मकान नं. 342/2, गुरु अमरदास कॉलोनी, पेहोवा, कुरूक्षेत्र, हरियाणा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम Kamaljit Kaur से बदलकर Kamaljeet Kaur कर लिया है। सम्बन्धित नोट करें।
एपी-833

मैं, नवीन अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार , निवासी # 241, वार्ड नंबर 2, दुर्गा कॉलोनी, नारायणगढ़, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला ने अपना नाम नवीन गुप्ता से बदलकर नवीन अग्रवाल कर लिया है।
एपी-834

## बेदखली सूचना

मैं, सावित्री देवी (आधार नं. 357828325373) पत्नी स्व. श्री देवी लाल निवासी #14160 वार्ड नं. 16 वशिष्ठ कॉलोनी कुरुक्षेत्र, तहसील थानेसर जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मेरे 6 पुत्रों व पुत्रवधुओं 1) महेन्द्र - पार्वती 2) गोविन्द - बबीता 3) भारत - तुलसी 4) सुरेन्द्र - रेशमा 5) नारायण शान्ति 6) केशव फुलकुमारी उक्त सभी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं व मारपीट भी करते हैं। इसलिए मैंने उक्त सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके अच्छे व बुरे कार्य के लिए व स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-835

## खोया-पाया

मैं, लखविंद्र सिंह निवासी गांव निसिंग जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरे मैरिज पैलेस की रजिस्ट्री न. 4664/1 तारीख 11/02/2013 और GPA कागजात न.376/4 तारीख 11/10/2022 निसिंग में 25/04/2024 को में खो गई है जिसका डीडीआर न.( 132310652400323) थाना निसिंग में करवा दी है। अगर यह किसी को मिले तो मुझे संपर्क करे।
एपी-836

I Harcharan singh Bedi S/o Surinder Singh Bedi R/o #23, Shakti Nagar, Dera Bassi Distt SAS Nagar mohali declare that my vasika no. 7727 dated 11.11.2014 has been lost. A gd no. 028 also registered at police station derabassi on dated 03.05.2024. anybody found please contact on above address.
एपी-837


आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




## राहुल गांधी ने किया तेलंगाना में चुनाव प्रचार, बोले-

# पीएम नरेंद्र मोदी जनता से छीनना चाहते हैं आरक्षण

भाजपा चाहती है कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग के लोग आगे न बढ़ें

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली/तेलंगाना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से आरक्षण छीनना चाहते हैं। भाजपा चाहती है कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग के लोग आगे न बढ़ें।

तेलंगाना में आदिलाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करने में लगी है। आज देश के गरीबों को जो भी मिला, वह सब कुछ संविधान ने दिया। लेकिन भाजपा नेता कह रहे हैं कि अगर वह जीते तो संविधान को बदल देंगे। यदि संविधान खत्म हो जाएगा, तो आरक्षण खत्म हो जाएगा।



भारी भीड़ के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं, वे जनता से आरक्षण छीनना चाहते हैं। निजीकरण, ठेकेदारी प्रथा और अग्निवीर का मतलब आरक्षण हटाना है। नरेंद्र मोदी ने आज तक अपने किसी भाषण में नहीं कहा कि वे आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट हटा देंगे। लेकिन कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लिखा है कि हम आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के चुनिंदा अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। वहीं जब कांग्रेस ने मनरेगा शुरू किया तो मीडिया ने कहा कि मजदूरों की आदत बिगाड़ रहे हैं। किसानों का कर्ज माफ किया तो भाजपा ने कहा कि किसानों की आदत खराब कर रहे हैं। मगर जब नरेंद्र मोदी अमीरों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ करते हैं तो मीडिया वाले कहते हैं कि देखो विकास हो रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस ने अपनी सभी गारंटियों को पूरा कर दिखाया है। अब कांग्रेस पूरे देश में अपनी गारंटियों को पूरा करके दिखाएगी। कांग्रेस की गारंटी है कि देश के गरीब परिवारों की एक महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपये डाले जाएंगे। देश के हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपये की अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। मनरेगा में 400 रुपये मजदूरी दी जाएगी। आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स की आमदनी दोगुनी की जाएगी। देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य वर्ग के गरीबों की आबादी 90 प्रतिशत है। मगर देश की किसी भी संस्था में इनका स्थान नहीं है। इसलिए इन वर्गों के लिए सबसे जरूरी काम जातिगत जनगणना है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। इससे हिन्दुस्तान की राजनीति बदलने जा रही है। उन्होंने जनता से कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताकर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान किया।

## महिलाओं को हजार रुपये महीना न मिले, इसलिए सीएम को जेल में डाला: सुनीता केजरीवाल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की हर महिला को हर महीने एक हजार रुपये देने का ऐलान किया था, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया गया, ताकि महिलाओं को एक हजार रुपये महीना न मिल सके। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग चाहे कुछ भी कर लें, सीएम केजरीवाल अपनी माताओं-बहनों को हजार रुपये महीना देकर ही दम लेंगे।

देवली विधानसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा, इन्होंने आपके सीएम अरविंद केजरीवाल को जबरदस्ती जेल में डाला हुआ है। अभी तक किसी कोर्ट ने उनको दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये



लोग अरविंद को 10 साल जेल में रखेंगे?

उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त, ईमानदार और पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं। भाजपा ने जेल में अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी। उनका शुगर लेवल 300 के पार पहुंच गया। अगर ऐसा ही रहा तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर खराब हो जाएगी। बड़ी मुश्किल से कोर्ट जाकर हमने परमिशन ली कि अरविंद को इंसुलिन दी जाए। इन लोगों ने गुंडागर्दी मचा रखी है।

सुनीता ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को तीन बार मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा के लोगों को खटकता है कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को इतना प्यार क्यों करते हैं। भाजपा की तानाशाही चरम पर है, लोकतंत्र खतरे में है। इनकी तानाशाही यूं ही जारी रही तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। ÷अब आप सबको अपने वोट की ताकत को समझना होगा और सही फैसला लेना होगा।

उन्होंने कहा कि 25 मई को सभी वोट देने जरूर जाएं और झाड़ू का बटन दबाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान को जिताएं, क्योंकि तानाशाही को हराना है।

## पहली अरावली गोल्फ लीग की शुरुआत

## एक महीने चलने वाली गोल्फ लीग में हिस्सा ले रहे हैं शहर के 36 बेस्ट गोल्फ प्लेयर



कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जिले में पहली बार गोल्फ के एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर अरावली गोल्फ लीग शुरू की गई है। रविवार सुबह एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब में कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर इस लीग का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अपनी तरह के पहले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट से शहर के लोगों में गोल्फ खेल के प्रति समझ बढ़ेगी और लोग इस खेल के बारे में जागरूक होंगे। सीमा त्रिखा ने कहा कि आने वाले दिनों में अरावली गोल्फ क्लब को इंटरनेशनल मानकों के अनुसार विकसित किया जाना है। इसके लिए हरियाणा टूरिज्म ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट भविष्य में हर साल आयोजित किया जाएगा ताकि शहर के लोग गोल्फ खेल को अच्छे से समझ सकें और इसके बारे में जागरूक हो सकें। बता दें कि अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, इन टीमों को अलग - अलग नाम दिए गए हैं। इनमें पुट्ट पाइरेट्स, ईगल मास्टर्स, द रॉयल राइडर्स व अरावली गोल्फ टाइगर्स शामिल हैं। पुट्ट पाइरेट्स के कप्तान अभय गुप्ता, ईगल मास्टर्स के कप्तान साहिल रत्तरा, द रॉयल राइडर्स के कप्तान सिद्धार्थ खुराना व अरावली गोल्फ टाइगर्स के कप्तान अजय जुनेजा हैं। कप्तान के अलावा प्रत्येक टीम में आठ - आठ खिलाड़ी और शामिल किए गए हैं, यानी प्रत्येक टीम में कुल 9 खिलाड़ी है। इस तरह टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 36 है। यह शहर के बेस्ट गोल्फ खिलाड़ी हैं। क्योंकि यह एक टीम इवेंट है, इसलिए सभी खिलाड़ियों के अंकों को जोड़कर विजेता टीम की घोषणा की जाएगी। एकल खिलाड़ी के अंक केवल बेस्ट प्लेयर के लिए जोड़े जाएंगे। उद्यमी अजय जुनेजा ने बताया कि खेल के नियम तय कर लिए गए हैं। जिले में पहली बार गोल्फ का इतने दिनों तक चलने वाली लीग आयोजित की जा रही है। आज यह टूर्नामेंट शुरू हो गया है और यह एक महीने तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह टूर्नामेंट पहली बार आयोजित किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में इसे नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई है। यह एक वर्षिक टूर्नामेंट होगा, जो आने वाले समय में हर साल नियमित रूप से आयोजित किया जाता रहेगा।

## भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने महापंचायत कर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप को दिया खुला समर्थन

पलवल जिले में भाजपा को हराएंगे

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** जिले में भाजपा को उस समय करारा झटका लगा जब पलवल में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने एक बडी महापंचायत का आयोजन कर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को हजारों लोगों की उपस्थिति में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। रविवार को पलवल के सांची ग्रीन में आयोजित इस महापंचायत में मिले समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को जिले में बडी राजनैतिक ताकत मिली है। महापंचायत की अध्यक्षता पतराम चौहान मित्रोल ने की। वहीं महापंचायत को जिले की विभिन्न पालों से आए पंचों ने भी संबोधित किया।



महापंचायत में भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, जनहित में कोई काम नहीं किया। जिससे पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता इनसे परेशान है। इसलिए उन्होंने भी कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया है। उन्होंने उपस्थित जनता से दोनों हाथ उठवाकर दावा किया कि इस बार पलवल जिले से भाजपा प्रत्याशी को हराकर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को बडे बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज भाजपा प्रत्याशी निराश व हताश हैं, क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह जान चुकी है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। कांग्रेस के कई नेताओं को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है, सभी एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं कोई उनसे अलग नहीं है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गुर्जर पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर कब तक वह मोदी का दिया हुआ खाते रहेंगे। कभी जनता के बीच अपने किये हुए कार्यों पर वोट मांगकर दिखाएं। पिछले 10 वर्षों में इनकी कोई भी गारंटी पास नहीं हुई है। सब फेल हैं। भाजपा के 400 पार के नारे पर उन्होंने कहा कि इस तरह के नारों से जनता को यह भ्रमित कर रहे हैं। बंगाल में इन्होंने 200 पार का नारा दिया, लेकिन 78 सीट ही आ पाई। इसी तरह से हरियाणा में एक 75 पार का नारा फेल हो गया था और 40 सीट आई। अब जनता इनके 400 पार के नारे को फेल करने का पूरा मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में कांग्रेस 7 से 8 सीट जीत रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस की टिकट भले ही देरी से मिली हो लेकिन जनता उनका प्रचार खुद लंबे समय से कर रही है।

## नायडू को भूमि स्वामित्व अधिनियम पर वाईएसआरसीपी से नहीं बल्कि भाजपा से सवाल पूछना चाहिए : लक्ष्मी पार्वती

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेडड्डी

**गुंटूर।** वाईएसआरसीपी नेता नंदमुरी लक्ष्मी पार्वती के अनुसार मंगलगिरी निर्वाचन क्षेत्र में नारा लोकेश के राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश ने हिंसक राजनीति के युग की शुरुआत की है। उन्होंने हाल ही में ताड़ेपल्ली में कथित तौर पर टीडीपी समर्थकों द्वारा वाईएसआरसीपी नेता मेका वेंकट रेड्डी पर किए गए हमले को इस नई ÷हत्या की राजनीति÷ का उदाहरण बताया। पार्वती ने चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे लोकेश पर सत्ता हासिल करने के लिए हिंसक तरीकों का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने भूमि स्वामित्व अधिनियम पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से सवाल न करने के लिए चंद्रबाबू पर निशाना साधा। पार्वती ने कहा कि यह अधिनियम केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा पेश किया गया था और राज्य सरकार केवल केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन कर रही है। उन्होंने नायडू से कहा कि



वह अपनी आलोचना वाईएसआरसीपी के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित करें। पार्वती ने मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी का बचाव करते हुए उन्हें किसान समर्थक नेता बताया जो कभी भी किसानों को उनकी ज़मीन से वंचित नहीं करेगा। इसके विपरीत, उन्होंने आरोप लगाया कि चंद्रबाबू एक ऐसे व्यक्ति हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए वाईएसआर पार्टी के खिलाफ़ दुर्भावनापूर्ण एक कुसंचित योजना को बनाकर अपने मीडिया के द्वारा लोगों में भ्रम फैला कर प्रचार कर रहे हैं जो संवैधानिक ढंग से गलत है और अपराध भी है केंद्र सरकार द्वारा लागू की योजना को राज्य में गलत और इतना गलत की जिसे क्षमता भी नहीं किया जा सकता है।

# कन्नौज में सपा, भाजपा व बसपा तीनों के सामने हैं चुनौतियां

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**कन्नौज/लखनऊ।** इत्र नगरी कन्नौज में इन दिनों सियासी सुगंध भरी है। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई इस सीट पर पहले सांसद डॉ. राम मनोहर लोहिया बने थे। उनकी कर्मभूमि पर सपा के लिए समाजवाद का परचम फहराने और भाजपा के सामने जीत को दोहराने की चुनौती है। यहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खुद मैदान में उतरने से चुनावी जंग दिलचस्प हो गई है। सपा और भाजपा में सीधा मुकाबला है। कन्नौज की सियासी जमीन की ऐसी तासीर है कि यहां से सांसद बने मुलायम सिंह यादव, शीला दीक्षित और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। मुलायम सिंह के इस्तीफे के बाद वर्ष 2000 में हुए उपचुनाव में अखिलेश यहां पहली बार सांसद बने थे। 2004 और 2009 में भी उन्होंने जीत हासिल की। 2012 में उनके इस्तीफे से खाली सीट पर पत्नी डिंपल निर्विरोध सांसद बनीं। 2014 में डिंपल ने फिर जीत दर्ज की लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

चिलचिलाती धूप में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में खेत खाली हैं, पर कन्नौज की सीमा में प्रवेश करते ही लहलहाती मक्के और सब्जियों की फसल नजर आने लगती है। जिस सड़क पर निकलिये, उसी पर कोल्ड स्टोरेज दिख जाते हैं। यह सब एक सुखद तस्वीर पेश करते हैं। पर, जैसे ही किसानों से बातचीत करें, तस्वीर का बदरंग पहलू उधड़ कर सामने आने



लगता है। हम निजामपुर गांव में पहुंचे तो वहां पेड़ की छांव तले कई लोग बैठे मिले। चुनावी चर्चा छिड़ते ही अनीस कुछ बोलने के बजाय मोबाइल में अखिलेश की फोटो दिखाते हैं। उनके साथ मौजूद रफीक यूं मुस्कुरा देते हैं जैसे अनीस की हां में हां मिला रहे हों। पर, दोनों कैमरे के सामने कुछ भी बोलने को तैयार नहीं होते। तभी वहां साइकिल से पहुंचे दिनकरन राजपूत भी चर्चा में शामिल हो गए। वह कहते हैं, भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया।

तालग्राम पहुंचे तो वहां मिले किसान बलवंत शाक्य छुट्टा पशुओं की समस्या उठाकर अपनी मंशा साफ करने की कोशिश करते हैं। पर, उनके बगल में बैठे राकेश राजपूत किसान सम्मान निधि की दुहाई देकर बलवंत को रोकते हैं। शंकर सिंह भी टोकते हैं। कहते हैं, सरकार की ओर से गेहूं, धान और आलू खरीद तो हो रही है। पास ही खड़े राजेश यादव से रहा नहीं गया। वह भी सियासी जंग में पिल पड़े। कहते हैं, किसान सम्मान निधि ऊंट के मुंह में जीरा की तरह है। इससे जीवन नहीं चलेगा। जब तक खेती आधारित उद्योग नहीं लगेंगे, समृद्धि नहीं आएगी। अब इत्र फूल के बजाय केमिकल से बनने लगा है। यह भी किसानों पर चोट है। रजनीश सिंह कहते हैं कि बेवर से तालग्राम तक सपा सरकार में नहर खुदवाई गई थी। पर, भाजपा सरकार पानी तक का इंतजाम नहीं कर सकी। इससे किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

कन्नौज के किसान आलू की दो बार फसल लेते हैं, लेकिन यहां आलू आधारित उद्योग नहीं हैं। आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखते हैं और मजबूरी में स्थानीय बाजार भाव पर बेचते हैं। किसान शिवगुलाम कहते हैं, कई बार किसानों को आलू फेंकना पड़ता है। आलू की सरकारी खरीद शुरू हुई, लेकिन शर्तों ने ऐसा घनचक्कर बनाया कि सबकुछ उलझ कर रह गया। वहीं, मकरंद नगर के शंभु दयाल कहते हैं कि इत्र पार्क तो बना, पर इससे जुड़े कारोबारियों को कोई खास फायदा नहीं मिला।

कन्नौज शहर में तिर्वा क्रॉसिंग के पास एक डिस्पेंसरी में बैठे लोग चुनावी चर्चा में मशगूल थे। हम भी उनकी बातें सुनते हुए हां में हां मिलाते रहे। डॉ. कैलाश बाबू पाल कहते हैं, इस सरकार ने रोजगार खत्म कर दिया। छुट्टा जानवरों की तरह ही युवा भी काम की तलाश में भटक रहे हैं। अजित सिंह कहते हैं, अब तो इत्र कारोबार भी ठहर गया है। दुकानदार संजय पांडेय कहते हैं, कम से कम कानून-व्यवस्था तो ठीक है। इसलिए रहेंगे तो भाजपा के साथ ही। तभी नरुल हसन चुटकी लेते हैं और कहते हैं कि फिर टैक्स का रोना क्यों रोते हो। कन्नौज शहर में राजकीय पुरातत्व संग्रहालय के बगल में चल रहे निर्माण कार्य में लगे मजदूर विक्रम, राजित राम और संतोष कहते हैं कि उन्हें अनाज तो मिल रहा है, बाकी कुछ नहीं। स्थायी रोजगार नहीं है।

1990 में फर्रुखाबाद के फूस बंगला में रखे 34 गांव के चकबंदी के दस्तावेज जल गए थे। यह हर चुनाव में मुद्दा बनता है। अधिवक्ता संदीप दीक्षित बताते हैं कि इन कागजातों को दुरुस्त करने के लिए लगातार संघर्ष हो रहा है। अब नंदलालपुर और कुंवरपुर करनौली के दस्तावेज बन गए। बाकी के बनने शुरू हुए हैं। दस्तावेज नहीं होने से इन गांवों के लोगों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलता है। जमीन कब्जे के विवाद बढ़ते जा रहे हैं।

### विकास तो हुआ, पर इलाज की सुविधा नहीं

छिबरामऊ तहसील में चैंबर में बैठे अधिवक्ता सियासी चर्चा में मशगूल नजर आए। अधिवक्ता अजित कुमार मिश्र कहते हैं, रेल लाइन, फ्लाईओवर, हाईवे तो बन गए हैं। अस्पताल की सुविधा नहीं है। मो. दाऊद कहते हैं, सपा सरकार में बने अस्पताल में भाजपा सरकार डॉक्टर और कर्मचारियों का इंतजाम नहीं कर पाई। अधिवक्ता रजनीश यहां के विकास कार्य का श्रेय सपा को देते हैं, तो उनकी बात को काटते हुए देवेश मिश्र राष्ट्रवाद, तो संजीव दुबे सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए भाजपा का समर्थन करते हैं।

### इस समर के योद्धा

अखिलेश यादव, सपा - अपनी सरकार में कराए गए विकास कार्यों और परंपरागत वोट बैंक का सहारा है। अति पिछड़ी जातियों को जोड़े रखने की चुनौती है।

सुब्रत पाठक, भाजपा - पाठक भाजपा के परंपरागत वोटबैंक, केंद्र सरकार के काम और मोदी-योगी के नाम के सहारे हैं। व्यापारियों और अन्य सवर्ण मतदाताओं की नाराजगी दूर करने की चुनौती है।

इमरान बिन जफर, बसपा - इमरान 2014 में आम आदमी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। कानपुर के मूल निवासी और कारोबारी हैं। बसपा के काडर वोटबैंक के साथ ही मुस्लिमों को साधने में जुटे हैं।

### हवा का रुख भांप रहे मतदाता

तिर्वा कस्बे में कपड़े की दुकान पर मिले राकेश कहते हैं, सांसद पड़ोसी हैं, कभी दिखे नहीं। वोट देना मजबूरी है। उनके बगल में बैठे अवनीश कुमार गुप्ता कहते हैं कि आएंगे तो सपा अध्यक्ष भी नहीं, लेकिन कुछ बड़े काम हो सकते हैं। आनंद कुमार जैन कहते हैं कि हम तो मोदी को देख रहे हैं। प्रत्याशी से मतलब नहीं है। इसी तरह बिधूना विधानसभा क्षेत्र के बेला बाजार में मिले प्रबल प्रताप सिंह कहते हैं कि चुनावी पारा चढ़ रहा है। अजय कुमार कहते हैं कि सपा-भाजपा में कांटे की टक्कर है। बेला में जल निकासी की समस्या है। जगत सिंह कहते हैं कि हम लोग नेताजी के साथ हैं।

### बदलता रहा है समीकरण

सराय घाघ में मिले विमल जाटव और शकील अध्यापक हैं। इनका तर्क है कि कन्नौज सीट पर 2014 तक यादव, मुसलमान के साथ शाक्य, पाल और 50 फीसदी लोध के साथ अन्य पिछड़े वर्ग की जातियां रही हैं। 2014 के चुनाव में न केवल लोध भाजपा के साथ चले गए, बल्कि बसपा के कमजोर पड़ने से दलित उप जातियां भी भाजपा से जुड़ गईं। इस चुनाव में बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार जरूर उतारा है, लेकिन दलित-मुस्लिम गठजोड़ नजर आ रहा है। दूसरी तरफ तिर्वा में हुए मूर्ति प्रकरण में सपा के लोधी नेताओं ने सक्रियता दिखाकर इस वोटबैंक को जोड़ने की कोशिश की है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर संत समेलन का आयोजन



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** रविवार को महर्षि वाल्मीकि शक्तिपीठ सैक्टर 24 में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर संत समेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यकर्म की अध्यक्षता श्री श्री महंत महादेव जी महाराज बद्रीनाथ ने अपने सकीर्तन वा प्रवचन सुनाए। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक चला। बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। आए हुए भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर परम श्रद्धेय सद्गुरु नवीन सरहदी के आलावा अन्य महाराज उपस्थित थे

## जजपा प्रत्याशी बोले, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश को आगे ले जाने के लिए दिन रात कर रहे काम

**रोहतक (अप्रस)।** जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान ने कहा जजपा ने तो गठबंधन धर्म निभाया, लेकिन भाजपा ने अपने स्वार्थ के चलते समझौता तोडा है, जिसे प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी और भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश को आगे ले जाने के लिए दिन रात एक किया और उनका मिशन था कि हरियाणा देश में विकास के मामले में एक नंबर पर पहुंचे, लेकिन भाजपा ने प्रदेश को विकास की पटरी से नीचे उतारने का काम किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि पिता पुत्र को दस साल का हिसाब किताब देना होगा, जिस तरह से कांग्रेस ने पर्ची खर्ची चलती थी वह जगजाहिर है और जमकर भ्रष्टाचार होता है, जिसे अब जनता वोट की चोट से सबक सिखाएंगी। शनिवार को जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान गढ़ी सांपला किलोई क्षेत्र के चुलियाना, इस्माइला, सांपला, गिझी, दतौड, गांधरा व कलानौर के गांव साध खेडी, करोर, शिमली, बालंद, गरनावठी व ककराना में जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

# रिश्तों में एक साथ, लेकिन सभी की सियासत अलग अलग

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

जगराओं, 5 मई। कौंसिल की पूर्व महिला कांग्रेस प्रधान पति समेत कांग्रेस में शामिल , एक बहूं बेटा आप दूसरा बेटा भाजपा में शामिल 5 मई जगराओं लोकसभा चुनावों को लेकर मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे रोजाना शहर के समीकरण बदल रहे हैं। वहीं, नेता खुद को जिताने के लिये एडी चोटी का जोर लगाने के साथ साथ जोड़ तोड़ की राजनीति में जुट गए हैं। लेकिन जगराओं सियासत कुछ अलग तरह की हो रही है जहां बाप बेटा सास बहूं रिश्तों में एक साथ है लेकिन सियासत में सब अलग अलग है। इसी के चलते जगराओं में कांग्रेस से बाहर किये कौंसिल पूर्व महिला प्रधान चरणजीत कौर कल्यान अपने पति अमरनाथ



कल्यान समेत फिर कांग्रेस में शामिल हो गए लेकिन आप यह जानकर हैरान होगे कि कांग्रेस में शामिल होने से पहले दंपित द्वारा अपने एक बेटे व बहूं के आम आदमी पार्टी में शामिल करवाया गया जब कि दूसरे बेटे व बहू को विधानसभा चुनावो के दौरान भाजपा में शामिल करवा दिया था इस से साफ है कि एक ही परिवार तीनों पार्टियों के नेताओं को अपने इशारे पर चला रहा है

**पार्षद बहूं व बेटा आप में शामिल:** कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व महिला कौंसिल प्रधान दंपति की पार्षद बहूं परमिंदर कौर कल्यान अपने पति विनय कल्यान संग कुछ दिन पहले ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के हाथों से सिरोपा लेकर आप में शामिल हुए जिन्होंने अपनी सास के वार्ड से आप को चुनाव जीताने का वादा किया

वही विधानसभा चुनावों दौरान भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व कौंसिल प्रधान चरनजीत कौर कल्यान के बेटे को भाजपा में शामिल करवाया था। उस समय बेटे महिंद्रपाल सिंह राजू का दावा है कि वह कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अपने पिता के वॉर्ड में कांग्रेस को हरा कर भाजपा को मजबूत करेंगे।

# कांग्रेस के शासन में जमीन और आसमान से लेकर पाताल तक लूट ही लूट थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम, 5 मई।** रविवार को गुरुग्राम प्रदेश कार्यालय, गुरुकमल पर भाजपा की ओर से किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रहे राजस्थान किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एंव सांसद अजमेर श्री भगीरथ चौधरी जी एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री सुखविन्द्र सिंह माँढ़ी जी ने की।

किसान मोर्चा श्री सुखविंद्रसिंह माँढ़ी ने कहा कि भारतीय जानता पार्टी की रीति नीति को घर घर पहुँचाने का समय है, अब हम वीकली मंथली तारीख़ को पार कर चुके हैं, आने वाली 25 तारीख को हमारी की गई पढ़ाई का फाइनल एग्जाम है। हर कार्यकर्ता अपने आप को अपने गाँव एंव अपने वार्ड तक सीमित कर गुरुग्राम की लोकसभा की सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराएं। कांग्रेस के शासन में हर जगह लूट थी। चाहे धरती हो आसमान हो या पाताल हो हर जगह



लूट ही लूट थी।

किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एंव पूर्व विधायक बाढ़डा, सुखविंद्र सिंह माँढ़ी जी, राजस्थान किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एंव सांसद अजमेर भगीरथ चौधरी जी, गुरुग्राम ज़िला अध्यक्ष कमल यादव , प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव जी, फूल खर्ब , प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स जी, चेयरमैन वीरेन्द्र यादव , प्रदेश मीडिया प्रमुख विजय कुमार यादव , रविंद्र खटानाजी, महेश दाहिया , रोहित दलाल , किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष परदीप गुजर आदि ज्येष्ठ एंव श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की नीतियों से हिमाचल में फला-फूला उद्योग : अनुराग ठाकुर

इंडी अलायंस में अपनी ढपली-अपना राग की नौबत : अनुराग ठाकुर

भाजपा ने किया है, भाजपा ही करेगी हिमाचल का विकास : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 5 मई।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई और आदरणीय श्री प्रेम कुमार धूमल जी की डबल इंजन की सरकार में 1 दिसंबर 2002 को हिमाचल प्रदेश को विशेष इंडस्ट्रियल पैकेज मिला था उसी की देन है कि आज हिमाचल के बद्दी और नालागढ़ में हजारों उद्योग लगे हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क भी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है। आज हिमाचल में जो रेल और सड़क विकास हुआ है यह भी भारतीय जनता पार्टी ने ही कराया है। मगर इसमें एक बात यह भी है कि विकास के कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण राज्य सरकार को करना होता है। बिना जमीन अधिग्रहण के विकास के कार्य समय पर नहीं हो पाते हैं। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि हिमाचल का विकास भारतीय जनता पार्टी ने ही किया है, और आगे भी भारतीय जनता पार्टी ही



करेगी।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यह बातें नालागढ़ में एक विशाल जनसभा में कही।

श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'जब हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने स्पष्ट कह दिया था कि हम हिमाचल से जुड़ने वाली सड़क नहीं बनाएंगे। इससे यह स्पष्ट होता है कि विकास के लिए नीति और नियत के साथ-साथ डबल इंजन की भाजपा सरकार बेहद जरूरी होती है। आज हम लोकसभा चुनाव में अपने विकास के ट्रैक रिकॉर्ड के ऊपर लड़ रहे हैं वहीं कांग्रेस भय और भ्रम फैलाकर चुनाव में उतरी है। उनके गठबंधन का हाल यह है कि सभी एक दूसरे पर विश्वास ख़त्म हो चुका है और सब अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं'

श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'बद्दी नालागढ़ और उससे लगते इंडस्ट्रियल बेल्ट में जो उद्योग हैं उसमें हमारे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हजारों युवा कार्यरत हैं। आज मुझे यहां अपने सभी भाइयों बहनों को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने हेतु निमंत्रित करने का सुअवसर मिला। सभी युवा साथियों में आगामी 1 जून को अपने मताधिकार का उपयोग करने के अवसर को लेकर उत्साह और उमंग देखकर मन प्रफुल्लित है। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे सभी साथी अपने भाई, अपने बेटे अनुराग ठाकुर को पुनः सांसद बनाने और मोदी जी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाने हेतु भारी संख्या में वोट करेंगे। 2014 और 2019 की तरह ही फिर इस बार हिमाचल की चारों सीटें भाजपा को मिलेंगी और मोदी जी 400 से ज्यादा सीटों के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से एसटी, एससी और ओबीसी विरोधी रही है। इन्होंने हमारे एससी-एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दिया है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह अपनी सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी का दर्जा छिनने वाली है? कांग्रेस जो सर्वेक्षण करने की बात करती है उसमें क्या स्त्री धन को भी छीनेंगे? क्या जमीन भी ले जाएंगे? क्या वे इन सभी चीजों पर एफिडेविट देंगे?'

# गांव सिधवां कलां में आप उम्मीदवार को घेर किये सवाल, चुनावों आते ही मजदूरो को गले लगाते है चुनाव निकलते ही डंडे मार भगाते है

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 5 मई।** जगराओं शहर से कुछ दूरी पर स्थित गांव सिधवां कलां में चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार विधायक अशोक पराशर पप्पी के काफिले को मजदूरों ने रोक लिया। इस दौरान मजदूर नेता अवतार सिंह तारी ने एक के बाद एक सवालों की बौछार कर दी। जिसका जवाब आप नेता भी डरते डरते दे रहे थे। इस दौरान मजदूरों ने साफ कहा कि जब चुनाव आते है तो मजदूरों को गले लगाते है। चुनाव निकलने के बाद उन्हीं मजदूरों पर डंडे मरवाते है। इसी दौरान एक महिला मजदूर ने कहा कि पिछले दिनों किसानों के धरने में किसानों को पुलिस ने हाथ तक नही लगाया। लेकिन मजदूरों को डंडे मार मार कर भगाया गया। जिस पर आप नेता चुप्पी साधे रहे। जानकारी के अनुसार ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह तारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड़ ने आप उम्मीदवार को घेरते हुए



सवालों की झड़ी लगा दी। इस दौरान उन्होंने आप नेता से सवाल करते कहा कि सीएम द्वारा मजदूरों की मांगों की अनदेखी क्यो की जाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने आठ बार मुलाकात का समय देने के बाद भी उनसे एक बार भी मिलना जरूरी नही समझा। अब लोकसभा चुनावों में वोटों की जरूरत पड़ी। तो सड़क पर मिलने को तैयार है। जिससे साफ हो जाता है कि नेताओं को सिर्फ वोट से मतलब है। चुनाव निकलते ही वोट देने वालो को भूल जाते है। इस पर प्रत्याशी विधायक पप्पी पाराशर ने उनसे श्रमिकों की मांगों के बारे में बात करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही सीएम के साथ संगठन की बैठक कराएंगे और उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे। उन्होंने सीएम की तारीफ करते कहा कि सीएम जमीनी स्तर जुडे हुए है। वह ही अकेले पंजाब के ऐसे नेता है जोकि किसान व मजदूरो के पक्ष में बोलते है। उन्होंने कहा जैसे हाथ की पांच उंगलियां एक समान नही होती वैसे ही हर नेता एक जैसा नही होता। उन्होंने कहा कि वह खुद मजदूरों के मामले को लेकर सीएम से बात कर इस समस्या का हल करवाएंगे।

**मजदूर बोले आप पर कैसे करे विश्वास:** वही अपनी मांगो को लेकर मजदूरो ने आप नेता को साफ ही कह दिया कि हम मजदूर आप पर कैसे विश्वास करे आप अपना वादे पूरे करेगे । उन्होंने पहले विधायक ने भी उन्हें कई वादे किये थे ।लेकिन आज तक उन्होंने अपना कौन सा वादा पूरा किया है ।जब कि विधानसभा चुनावों में विधायक ने उन्हें कई वादे किये थे ।लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नही किया इस दौरान मजदूरो के नेता अवतार सिंह ने बात करते कहा कि चुनावों में वोट लेने के लिये सभी नेता हाथ भी जोड़ते पैर भी पकड़ते है। लेकिन चुनाव निकलते ही नेतागण उन्हीं हाथों से पैरों को खींच कर मजदूरों को नीचे गिराते है ।

# पेशे से वकील हूँ, झूठे आरोप लगाए तो कटघरे में करूंगा खड़ा : चैतन्य शर्मा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**गगरेट, 5 मई।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा ने रविवार को अभयपुर एवम फतेहपुर में नुक्कड़ उमड़ी कार्यकर्ताओ की भीड़ देख चैतन्य शर्मा गदगद दिखे। इस दौरान आत्मविश्वास से लबरेज होकर उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार और विरोधी पक्ष पर भी खूब हमला बोला।उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी पकौड़े बेचने वाले से उगाही का झूठा आरोप लगाकर उनको बदनाम करने की कोशिश कर रहे है, लेकिन उन्हें यह भली भांति समझ लेना चाहिए कि चैतन्य शर्मा पेशे से एक वकील भी हैं, अगर झूठे आरोप लगाने से बाज न आये तो कटघरे में भी खड़ा करूंगा।वैसे भी पकौड़ा विक्रेता खुद घोषणा कर चुका है कि हकीकत में कुछ नहीं है और विरोधी पक्ष झूठा प्रचार कर रहा है। चैतन्य शर्मा ने कहा कि उनका जीवन जनता की सेवा को समर्पित रहा है और अगर सच जानना है तो उन मरीजों से पूछो जिनकी कोरोना काल में जब साँसे उखड़ रही थीं और चैतन्य शर्मा ने उन्हें तुरंत ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाकर उनकी जान बचाई, एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, गरीबों को मुफ्त राशन दिया, घरों को सैनिटाइज करवाया और मुश्किल घड़ी में जनता के बीच डटा रहा, जब जुडा है और कोरोना काल में जब विरोधी पक्ष कहीं दिख नहीं रहा था। उन्होंने कहा कि चैतन्य शर्मा पर झूठे आरोप लगाने से वोट नहीं मिलेंगे अपितु गगरेट के हित की लड़ाई लड़नी पड़ेगी और यह लड़ाई चैतन्य शर्मा ने जनता को लड़ कर दिखाई कि जब अपनी विधायकी की परवाह न करके विधानसभा में जनहित सबसे ज्यादा प्रश्न पूछकर अपने ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया, शायद ही इससे पूर्व कोई विधायक ऐसा कर पाया हो। चैतन्य शर्मा ने कहा कि जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार 400 पार के नारे को सार्थक करके प्रधान मंत्री पद की शपथ लेंगे, उस वक़्त हिमाचल में भी सभी उपचुनावों पर भाजपा जीत का परचम लहराकर भाजपा सरकार को बनाने में अहम भूमिका निभायेंगे। इसलिए गगरेट विस क्षेत्र में हर एक मत भाजपा के पक्ष में डाल कर केन्द्र एवम प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएं, ताकि देश और प्रदेश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सके। चैतन्य शर्मा ने कहा कि 14 माह में करोड़ो रूपये का कर्जा लेकर प्रदेश सरकार केवल मित्रो को खुश करने में लगी रही। और राज्य की जनता त्राहि त्राहि करती रही। उन्होंने कहा कि न तो 300 यूनिट बिजली फ्री मिली, न ही महिलाओ को 15 सौ रुपए प्रति माह मिले , न दो रुपए प्रति किलो गोबर खरीदा और न ही सौ रुपए प्रति किलो दूध, फिर भी कांग्रेस सरकार गारंटियों को पूरा करने की बात कहकर जनता को भर्मित करने का प्रयास कर रही है।चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने गगरेट में जब 14माह तक विकास के नाम पर मात्र झूठी घोषणाएं की।

# 44 वर्षीय बलराज सिंह नें अपने ही घर में जहरीली दवा निगल कर खुदकुशी कर ली

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 5 मई।** जगराओ, थाना सुधार के अधीन पडते गांव सूजापुर के रहने वाले 44 वर्षीय किसान नें अपने ही घर में जहरीली दवा निगल कर खुदकुशी कर ली है।मृतक किसान की हचान बलराज सिंह पुत्र नाहर सिंह के तौर पर हुई है जिसनें मरने के पहलें एक सुसाईड नोट भी लिखा था। पुलिस की और से मृतक बलराज सिंह के लिखे गए सुसाईड नोट के आधार पर जगराओ के नामी एडवोकेट व पंप मालिक नवीन गुप्ता,हठूर के आढती बाबू जीवन राम,सुखविन्द्र सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह शेखुपुरा,कर्म सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी हांस कला पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक बीते कल अपने घर में ही मृतक बलराज सिंह ने कोई जहरीली दवा पी थी। जिसके बाद उसका परिवार उसें लुधियाना के अपोलो अस्पताल इलाज के लिए ले गया जंहा पर शनीवार की सुबह बलराज की मौत हो गई।बलराज



सिंह की गांव में चार पांच ऐकड ही जमीन है जबकि वो अपने अन्य दो भाईयो के साथ मिलकर तीस ऐकड जमीन ठेके पर लेकर अपने घर गुजारा करता था।बलराज सिंह पर चार पांच लाख का कर्ज था। जिसके चलते उसनें सुसाईड नोट में उ्क्त व्यकितयो पर बार बार पैसे मांगकर उसे तंग परेशान करने के आरोप लगाए थे।खबर लिखे जाने तक दर्ज मामले के चारो आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थें।

**एसएसपी से मिलने पहुंचे शहर के वकील:** एडवोकेट नवीन गुप्ता जिनका गांव हांसकला में पेट्रोल पंप भी है का नाम मामले में आ जाने के बाद आज शनीवार को जगराओं कोर्ट परिसर के वकील एडवोकेट नवीन गुप्ता के पक्ष में एसएसपी देहात नवनीत सिंह बैंस से मिलनें पहुंचे।एसएसपी की गैर मौजुदगी में एडवोकेटस नें एसपी एच मनविंदर बीर सिंह से मुलाकात की और इस मामले की जांच करने की मांग की।एसपी एच मनविंदरबीर सिंह को मिलने वाले वकीलो में एडवोकेट महिन्द्र सिंह सिंधवा,सीनीयर एडवोकेट संदीप गुप्ता,एडवोकेट अंकुश धीर,एडवोकेट गुरतेज सिंह गिल,एडवोकेट परमिंदर सिंह,संजीव गोयल एडवोकेट परहलाद सिंह एडवोकेट के नाम शामिल है।

एडवोकेट संदीप गुप्ता ने बातचीत दौरान बताया कि दर्ज मामले में एडवोकेट नवीन गुप्ता का नाम बिल्कुल गल्त दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि वकीलो की मांग पर एसपी एच नें उनकी मांग को स्वीकार करते हुए जांच लगा दी है।एडवोकेट संदीप गुप्ता के मुताबिक उन्हें पुलिस की जांच पर पूरा भरोसा है।

## तिवारी का डडू माजरा डंप पर तीन महीने में फुटबॉल ग्राउंड बनाने को लेकर टंडन पर तीखा हमला

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी ने अगले तीन महीने में डडू माजरा डंप को फुटबॉल ग्राउंड में बदलने का दावा करने वाले भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन पर तीखा हमला बोला है। तिवारी ने टंडन पर पलटवार करते हुए पूछा कि क्या आप इतने समय क्रिकेट खेल रहे थे? उन्होंने कहा कि भाजपा 10 साल से सत्ता में है, जिसका सांसद और नगर निगम है, लेकिन फिर भी पार्टी के उम्मीदवार तीन महीने और मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो काम उनकी पार्टी इन 10 सालों में नहीं कर पाई, उसे टंडन तीन महीने में करने का दावा कर रहे हैं और वह भी यह तय है कि न तो वह (टंडन) चंडीगढ़ से जीत रहे हैं और न ही उनकी पार्टी केंद्र में जीत रही है। बल्कि वह केवल लोगों को धोखा दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि चूंकि यह बात साफ है कि केंद्र में इंडिया की सरकार बनने जा रही है और सिटी ब्यूटीफुल के नाम को सही साबित करने व इसकी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए काम जाएगा।

# निरंकारी रक्तदान शिविर में 169 श्रद्धालुओं ने किया महादान

## निरीच्छित व निष्काम सेवा ही मानवता के लिए वरदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 5 मई।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आर्शीवाद से स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन में 15 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 169 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर इस महायज्ञ में हिस्सा लिया।

इस शिविर का शुभारंभ चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी जी ने अपने कर कमलों द्वारा किया । इस अवसर पर जीरकपुर के मुखी महात्मा, ब्रांच के अन्य गण्यमान्य सेवादार एवं चंडीगढ़ के क्षेत्रीय संचालक श्री करनैल सिंह भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर चंडीगढ़ जोन



के जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी ने कहा कि निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी की यही शिक्षा है कि मानवता के कल्याणार्थ जो भी सेवा करें, वे समर्पित व निष्काम भाव से ही की जानी चाहिए। रक्तदान जैसी सेवा जब निरीच्छित व निष्काम भावों से युक्त होकर की जाती है तो ऐसी सेवा मानवता के लिए वरदान साबित होती है।

सेवा के द्वारा ही सुकून मिलता है, इसी का स्वरूप रक्तदान शिविरों में मिलता है। सतगुरू माता जी के प्रति असीम प्यार ही है कि इतनी गर्मी के बावजूद भी अनेकों श्रद्धालु, महिलाएं एवं सेवादल के सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर स्थानीय मुखी मास्टर सुरेन्द्र कुमार जी ने चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी जी, क्षेत्रीय संचालक करनैल सिंह,सभी रक्तदाताओं व गर्वनमैंट मेडिकल कॉलेज सैक्टर-32 की डॉ अर्पिता परमार के नेतृत्व में आई टीम का अभिवादन व धन्यावाद किया। उन्होंने कहा कि सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आर्शीवाद से बाबा हरदेव सिंह जी के कथन ''मानव रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए'' को सभी श्रद्धालु रक्तदान कर चरितार्थ कर रहे हैं।।

# मरण आने से पहले शरीर के जीर्ण होने के पहले ही धर्म की सिद्धि करो: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज

यमुना विहार दिल्ली में विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने धर्मसभा में कहा कि प्यारे बंधुओं जैसा पदार्थ का स्वरूप है, वैसा श्रद्धान हो जाए तो सर्व दुख दूर हो जाए। जिस प्रकार कोई मोहित होकर मुद्दे को जीवित माने या जिलवा चाहे तो उसका स्वयं ही दुखी होता है तथा उसे मुर्दा मानना और यह जिलाने से जियेगा नहीं, ऐसा मानना सो ही उस दुख के दूर होने का उपाय है। उसी प्रकार मिथ्यादृष्टि होकर पदार्थों को अन्यथा माने, अन्यथा परिणमति करना चाहे यह परिणमति कराने से अन्यथा परिणमति नहीं होंगे ऐसा मानना सो ही दुख के दूर होने का उपाय है। भ्रमजनित दुख दूर होने का आप भ्रम दूर करना ही है। सो भ्रम दूर होने से सम्यक श्रद्धान होता है वहीं सत्य उपाय जानना।

एक बार एक साधु जी के पास कोई वृद्ध महिला अपने इकलौते मृत पुत्र को लेकर पहुंची। वह उनसे उसे जीवित कर देने का आग्रह करने लगी,



विलख-विलख कर रोते हुई प्रार्थना करने लगी। बहुत समझाने पर भी जब उसने आग्रह नहीं छोड़ा, तो साधु जी ने उससे कहा मैं तुम्हारे पुत्र को जीवित करने का उपाय बताऊंगा, पर पहले तुम उस घर से एक मुट्ठी शुद्ध सरसों लेकर आओ, जिस घर में आज तक किसी की मृत्यु न हुई हो।

उस घर की तलाश में अविवेकी वृद्ध महिला बिना विचारे ही दौड़ पड़ी। पर घर-घर चक्कर काटने पर भी इसे कोई घर न मिला, जिसमें किसी की मृत्यु न हुई हो। मिलता भी कैसे क्योंकि जगत में ऐसा घर होना संभव ही नहीं है। परिवर्तन का नाम ही संसार है जगत का स्वप्न ही विनाशीक व परिवर्तनशील है। संयोग-वियोग से वा जन्म मरण से जुड़ा हुआ है।

अन्ततोगत्वा थककर वह पुनः साधु जी के पास पहुंची और अपनी असफलता बताई तो साधु जी कहने लगे मृत्यु एक अनिवार्य तथ्य है, उसे किसी भी प्रकार टाला नहीं जा सकता। उसे सहज भाव से स्वीकार कर लेने में ही शक्ति है आनंद है, सत्य को स्वीकार करना ही सम्मार्ग है। इस संसार में आज तक कोई भी अमर नहीं हुआ भूतकाल में हुए अगणित वीरों में से आज कोई भी तो दिखाई नहीं देता। ऐसा कोई जन्म नहीं है जिसके बाद मरण न हो। जन्म और मरण यह दो एक प्रकार के ओर छोर की भग्नि है, जैसे एक बास के अन्दर पोल में कोई कीड़ा पड़ा है और दोनों छोरों को आग लग जाए तो जैसे उस ओर छोर की आग के बीच पड़ा हुआ कीड़ा तड़पड़ाया है, इसी प्रकार यह संसारी प्राणी जन्म मरण के और छोर के बीच रहकर दुखी रहता है।

मरण आने से पहले शरीर के जीर्ण होने के पहले ही धर्म की सिद्धि करो। धोखे में मत रहो, धन यौवन, वैभव आदि के उन्माद हित साधन को न भूलो अन्यथा देह खेह हो जाएगी, फिर का करि है धर्म ज्ञान का उपार्जन करना है तो शीघ्र करो तप की वृद्धि आदि जो भी करना है उसमें बिलम्ब मत करो। क्योंकि जीवन कर्माधीन, विनाशीक, पराधीन वा अनित्य है। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# सोमवार की मासिक शिवरात्रि आज, भगवान की पूजा व व्रत करने से घर में बनी रहती है सुख-समृद्धि

हर माह मासिक शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है, यह बहुत ही पवित्र माना जाता है। मासिक शिवरात्रि भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित होती है। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि का मासिक पर्व मनाया जाता है। इस बार मासिक शिवरात्रि वैशाख माह में 6 मई को मनाई जाने वाली है। मान्यता के अनुसार, मासिक शिवरात्रि पर भगवान की पूजा और व्रत करने से घर में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। अगर आप नहीं चाहते कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की बाधा आए, तो पूजा के दौरान इस्तेमाल होने वाली चीजें पहले ही इकट्ठा कर लें। आइए, जानते हैं कि मासिक शिवरात्रि पर इस्तेमाल होने वाली पूजा सामग्री कौन सी है।

**मासिक शिवरात्रि पूजा सामग्री**

शहद, दही, देसी घी, धतूरा, फूल, बेलपत्र, चंदन, रोली, दीपक, पूजा के बर्तन, गंगाजल और साफ जल।

**मासिक शिवरात्रि तिथि और शुभ मुहूर्त**

वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 6 मई को दोपहर 2.40 बजे शुरू होगी। वहीं यह तिथि



7 मई को सुबह 11:40 बजे समाप्त होगी। मासिक शिवरात्रि के दौरान रात्रि में भगवान शिव की पूजा करने की परंपरा है। ऐसे में मासिक शिवरात्रि का व्रत 6 मई, सोमवार को रखा जाएगा।

**पूजा के दौरान इन मंत्रों का करें जाप**

**शिव मूल मंत्र**

ॐ नमः शिवाय॥

**रूद्र मंत्र**

ॐ नमो भगवते रुद्राय ।

रूद्र गायत्री मंत्र

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय


धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात॥

**महामृत्युंजय मंत्र**

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम

उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

## इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन, सिनर्जी अस्पताल में ली अंतिम सांस



**देहरादून।** देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में रविवार को इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उन्हें चोट लगी थी। उनका तीन दिनों से सिनर्जी अस्पताल में इलाज चल रहा था। भक्त उनके आखिरी दर्शन दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में कर सकेंगे। सोमवार को उनकी देह को वृंदावन ले जाया जाएगा। इसका समय अभी तय नहीं हुआ है।

## चुनाव संबंधित दिशा निर्देश को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक



अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** शहर के भाजपा मंडल की एक बैठक गुरमेज सिंह गोदर नीलोखेड़ी व कपिल अग्रवाल ने चुनाव संबंधित दिशा निर्देश दिए। चुनाव कार्यालय में किस प्रकार कार्य करना है व इलेक्शन में किस प्रकार रणनीति बनानी है । इसकी सारी जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव को गति देने के लिए विचार विमर्श किया गया। प्रेस प्रवक्ता विकेश तागरा ने बताया कि डोर टू डोर का कार्यक्रम तेजी से चल रहा है व जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है जनता मन बना चुकी है नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पर के नारे को क्रियान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्प है। इस अवसर पर मनदीप चहल, अभिषेक अहलावत, विजेंद्र शर्मा, जयदेव जूलेड़ा, रणधीर में धमतान वीरेंद्र नैन, रामेर मोर सज्जन गर्ग, विनोद गोयल, डॉ पुरुषोत्तम आर्य, बलवंत बागड़ी, विनय बेलरखा, अमनदीप गुप्ता व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संतों-महात्माओं ने ही तपते हुए दिलों को ठंडक प्रदान की

सन्त समागम में अनेकों प्रान्तों, अनेकों मुल्कों से चल कर आए सन्तों-भक्तों द्वारा भिन्न -भिन्न फूलों की भांति महकदार वातावरण महसूस होता है। और यही प्रार्थना की जाती है कि ऐसा ही महकता हुआ वातावरण हिन्दुस्तान में क्या, विश्व भर में स्थापित हो जाए, क्योंकि दुर्गन्ध है जो केवल घुटन देती है। सुगन्धि तो भक्ति और प्यार से ही सम्भव है। ऐसा सुगन्धित वातावरण बनाने के लिए भक्तजनों ने हमेशा से ही यत्न किए हैं। ये सूखे को हरियाली में तब्दील करते आए हैं। ये आग को शान्त करके शीतलता प्रदान करते आये हैं क्योंकि वैर-ईर्ष्या-घृणा की आग में जलना और जलाना ही फितरत बनी हुई है।

सन्तों-महात्माओं ने ही तपते हुए दिलों को ठंडक प्रदान की, नाम की ठंडी बौछार करके, इस निर्मल परमसत्ता के साथ जोड़ कर, इसका बोध करा कर, इससे नाता जोड़ कर, इस जीवन के सफर को तय करने का सलीका प्रदान किया। जीवन जीने का यह सलीका था प्यार वाला, मिलवर्तन वाला। चाहे भगवान राम जी हों, चाहे भगवान कृष्ण जी या हज़रत ईसामसीह जी, हजरत मोहम्मद साहब ने, श्री गुरु नानक देव



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जी महाराज या अनेकों-अनेकों रुप इस धरती पर होते आए हैं और उन्होंने जीवन जीने का यही सलीका इन्सानों को प्रदान किया कि हमने इस जीवन के सफर को प्यार के साथ तय करना है। हमने हरगिज नफ़रतों में नहीं जीना है। हमने प्यार का जहान आबाद करना है। प्यार की कमी संसार में है, इस कमी को हमने पूरा करना है। तो यह जीवन जीने का ढंग, यह सलीका सन्तों-गुरु-पीर-पैग़म्बरों ने इन्सानों को प्रदान किया। आज भी उसकी महत्ता जानते हुए आप (निरंकारी भक्त) इसी प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चल रहे हैं। इन्सानियत का दामन मजबूती से थामे हुए हैं, इस मानवता का दामन छोड़ा नहीं है। मानवता-इन्सानियत का दामन मज़बूती से पकड़ने कामतलब है कि सच्चे धर्म का दामन थामे हुए हैं।

## पंचांग

सोमवार, 6 मई, 2024, सूर्योदयः 05:36 ए एम, सूर्यास्तः 07:00 पी एम, चन्द्रोदयः 04:44 ए एम, मई 07, चन्द्रास्तः 05:11 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 02:40 पी एम तक, नक्षत्रः रेवती - 05:43 पी एम तक, योगः प्रीति - 12:29 ए एम, मई 07 तक, करणः वणिज - 02:40 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 01:09 ए एम, मई 07 तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः मीन - 05:43 पी एम तक, राहुकालः 07:17 ए एम से 08:57 ए एम, गुलिक कालः 01:58 पी एम से 03:39 पी एम, यमगण्डः 10:37 ए एम से 12:18 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:45 पी एम से 01:38 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:25 पी एम से 04:19 पी एम, अमृत कालः 03:32 पी एम से 04:59 पी एम, वर्ज्यः 06:50 ए एम से 08:17 ए एम

## भविष्य फल



**मेषः** आज आपका मन लाइस्टाइल की पुस्तकों को पढ़ने में लगेगा। आज परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएं।

**वृषः** आज आप गलत संगत वाले लोगों से दुर रहें। किसी शुभ सूचना के मिलने से आप का मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुनः** आपका तल्ख रवैया दोस्तों के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। पुराने निवेशों के चलते आय में बढ़ोत्तरी नजर आ रही है।

**कर्कः** आज आपकी सादगी से काम बनेंगे। इस राशि के जिन लोगों का बिजनेस हैं, वो आज किसी कंपनी से जुड़ने से पहले अपनी जरूरतों को समझने की कोशिश करें।

**सिंहः** आज के दिन आपको मकान, वाहन, वगैरह के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। परिवार का माहौल बिगड़े नहीं, इसके लिए वाद-विवाद टालें।

**कन्याः** आज के दिन आराम करना जरूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुजरे हैं। खराब दौर हमें बहुत-कुछ देता है।

**तुलाः** आज आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति के लिए फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिकः** आज आपकी आर्थिक योजना को बल मिलेगा लेकिन विरोधी सक्रिय रहेंगे। आज किसी असहाय की मदद करने से खुशी प्राप्त होगी।

**धनुः** काम को लेकर किए गए नए फरार फायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक लाभ नहीं पहुँचाएंगे।

**मकरः** आज के दिन भाग्य आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। आज ऑफिस में लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभः** आज आपकी महत्वाकांक्षाएं चरम पर रहेंगी। सफलता के लिए आप पूरी कोशिश करेंगे।

**मीनः** आप जो शारीरिक बदलाव आज करेंगे, वे निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षक बनाएगा। इस बात में सावधानी बरतें कि आप किसके साथ आर्थिक लेन-देन कर रहे हैं।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला**

## 85 प्लस सीनियर सिटीजन व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग के दिन मिलेगी पिक एंड ड्रॉप की फैसिलिटी

टोल फ्री 1950 पर देनी होगी मतदाता को अपनी जानकारी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सोनीपत जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को 25 मई को मतदान केंद्र के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा मिलेगी। इससे पहले इन मतदाताओं को घर से भी मतदान की सुविधा दी गई थी लेकिन अनेक मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की इच्छा जाहिर की है। टोल फ्री 1950 पर कॉल कर दर्ज करवानी होगी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से वोट डालने के साथ-साथ इन मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप की भी सुविधा मिलेगी।

इस श्रेणी के मतदाता जिला निर्वाचन कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इन मतदाताओं को घर से लाने के लिए एक सरकारी कर्मचारी व एक वालंटियर की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# रोड शो के लिए राजनैतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी अनुमति: डॉ. मनोज कुमार

प्रचार के दौरान रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे लाऊडस्पीकर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर



सकेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर बनाई गई चुनाव खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रखेगी। चुनावी कार्यक्रमों में उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनावी खर्च का हिसाब-किताब रखने के लिए टेंट, भोजन, चाय, भोजन, वाहन, प्रचार सामग्री आदि सभी की दरें तय की हुई हैं। उम्मीदवारों को अपने खर्चे का विवरण चुनाव कार्यालय में जमा करवाना होगा

### नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों का आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्फलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे। लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेने जरूरी हैं। ऐसे पोस्टर व पम्फलेट आदि छापने के बाद उनकी एक कॉपी जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी और राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को कॉपी भेजकर यह बताना होगा कि अमूक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पम्फलेट छपवाएं हैं और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। उन्होंने कहा कि कॉपी से कॉपी करना भी इसी श्रेणी में आता है। चुनाव पम्फलेट/पोस्टर का अर्थ प्रचार के लिए प्रयोग किए जाने वाले उन सभी कागजातों से है, जिनमें किसी भी राजनैतिक दल या लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार से संबंधित प्रचार की जानकारी हो।

## मोबाईल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने मोबाईल फोन छीनकर भागने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना केयूके पुलिस टीम ने मोबाईल फोन छीनकर भागने के आरोप में अभिलाश उर्फ सिबु पुत्र सिकन्दर वासी कालका को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि थाना केयूके में दी अपनी शिकायत में संतराम पुत्र तारा चन्द वासी अहमदपुर जिला कैथल हाल वासी कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। 03 मई को व ह मजदूरी करके वापस घर आ रहा था जब वह बिरला मंदिर के पास पहुंचा तो उसके पीछे से आ रहे 2 लडको ने उसके हाथ से उसका मोबाईल फोन छीना और मौके से भाग गये । जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार को सौंपी गई। 4 मई थाना केयूके प्रभारी के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल रणधीर व महिला हैड कांस्टेबल जसविन्द्र कौर की टीम ने मोबाईल फोन छीनकर भागने के आरोप में अभिलाश उर्फ सिबु पुत्र सिकन्दर वासी कालका को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा मोबाईल फोन व सिम बरामद किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया ।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

## अब ईमानदारी से नौकरी देने की बात करने वालों ने ही किया था जमकर भ्रष्टाचार: शर्मा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि किसी को भी डरने व घबराने की बिल्कुल जरुरत नहीं है, पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है और प्रशासन ने इस बार चुनाव के लेकर पुख्ता प्रबंध किये गए, ताकि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उन्होंने कहा कि आज वे लोग ईमानदारी से नौकरी देने की बात कर रहे है, जिन्होंने दस साल तक नौकरियों में जमकर भ्रष्टाचार किया है, पूरे प्रदेश की जनता को पता है कि कांग्रेस शासन काल में किस तरह से पर्ची-खर्ची चलती है,



जोकि जगजाहिर है। साथ ही सांसद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कई गुटों में बटी हुई है और जो लोग किसी मुद्दे पर एक साथ नहीं बैठ सकते वो लोग प्रदेश को क्या दिशा देंगे। कांग्रेस झूठ का सहारा लेकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है, इस झूठ को अब बिकने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि अभी से हार के डर से पिता-पुत्र की जोड़ी बौखला गई है और इसलिए झूठ का प्रचार-प्रसार कर रही है। सांसद ने कहा कि जनता के जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस बार वे डेढ लाख से अधिक वोटों से विजय श्री हासिल करेंगे। रविवार को सांसद अरविंद शर्मा ने जिले में कई कार्यक्रमों में शिरकत की और इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर अटल विश्वास है और 2024 में देश व प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी। उन्होंने दोहराया कि भाजपा नेतृत्व वाली सरकार जनता से झूठे वायदे नहीं करती, बल्कि जनता की मांग पर जो घोषणाएं की हैं। उन्हें पूरा करके जनता को लाभ पहुंचाने में विश्वास करती है।

## रणदीप सुरजेवाला के कई गांवों के दौरे आज

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** नप के पूर्व प्रधान एवं प्रदेश कांग्रेस सेवा समिति के सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीपसिंह सुरजेवाला सोमवार को नरवाना हलके के कई गांवों में जाकर वोटरों से सिरसा संसदीय क्षेत्र की गठबंधन प्रत्याशी कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करके वोटों की अपील करेंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सिंगला ने बताया कि रणदीप सिंह सुरजेवाला ढाकल गांव से अपना प्रचार करेंगे।



इसके बाद सिंगवाल, सिंसर, हाथो, विधराना, भाणा ब्रहमणा, गुरथली मौहल्लखेडा, सुरजाखेडा, बेलरखा, अंबरसर, गुरूसर व उझाना में जनसभाएं करेंगे। शाम को साढे आठ बजे मोर पत्ती में जनसभा होगी।

# भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी और नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता: जयराम ठाकुर

- बद्दी में वसूला जा रहा है गुण्डा टैक्स, पलायन कर रहे उद्योग, चरम पर भ्रष्टाचार
- 70 साल के बाद से हमारे बुजुर्गों के स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी नरेंद्र मोदी की
- मुख्यमंत्री बहुत झूठ बोल चुके, उन्हें दुनिया के सामने तथ्य रखने चाहिए
- भाजपा में शामिल नेताओं ने सीएम के खिलाफ़ किया है मानहानि का केस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बीबीएन, 5 मई।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा क्षमतावान नेतृत्व है। यह हमारे लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। देश-दुनिया का नरेन्द्र मोदी पर यह भरोसा उनके द्वारा किए गए कार्यों की वजह से हैं। उन्होंने देश में आज़ादी के समय से चले आ रहे मुद्दों को हल किया। दशकों की माँग और अपेक्षाएं मोदी के कार्यकाल में पूरी हुई। चाहे पांच सौ साल पुराना राम मंदिर का मुद्दा हो या कश्मीर का मुद्दा, इतनी जटिलताओं के बाद भी वह मुद्दे आज हाल हुए। हम उन शौभाग्यशाली लोगों में हैं जिन्होंने अपनी आँखों से राम मंदिर में राम लाला की प्राण प्रतिष्ठा देखी। बिना अनुच्छेद 370 के कश्मीर देख रहे हैं। हर हिमाक़त पर पाकिस्तान को करारा जवाब देते देख रहे हैं। यह सब आज आपके एक वोट से हो पाया। आपने नरेन्द्र मोदी को मज़बूत किया और उन्होंने हमें, हमारे देश और समाज को। विकास की यह गति आगे भी जारी रहे इसके लिए हिमाचल की सभी सीटों पर हमें कमल खिलाना हैं। यह बातें जयराम ठाकुर ने नालागढ़ में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कही। इस मौक़े पर उनके साथ विधायक केएल ठाकुर, लखविन्द्र राणा समेत तमाम पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी कार्यभार सम्भालते ही देशसेवा में लग गये। वह सेवा के लिए ही बने हैं। स्वच्छ भारत के मिशन में जब वह जुड़े तो भारत में 12 करोड़ से भी ज़्यादा शौचालय बनाकर देश को एक बड़ी समस्या से मुक्ति दिलाई। जिसके बारे में देश में पहले सोचा नहीं गया, वह मोदी ने कर दिखाया। नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले दस सालों में 35 लाख 30 हज़ार 346 करोड़ रुपए देशवासियों के खाते में डीबीटी के ज़रिए पहुंचाया है। जिस देश में प्रधानमंत्री कहते हो कि हम एक रुपया देते है तो 15 पैसे ही लाभार्थी तक पहुंचता है। मोदी के विजन पर देश को भरोसा है। जो कहते हैं वह पूरा सोच समझकर, प्लान करके कहते हैं। अब सत्तर साल के सभी बुजुर्गों के स्वास्थ्य की गारंटी मोदी ने ली है। आज देश के लोग सोचते हैं कि नरेन्द्र मोदी जैसा नेता हमें तीस साल पहले क्यों नहीं मिला।यह पहली बार हुआ कि जब हर कार्यकाल के बाद नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता बढ़ती जा रही है। आज देश को ऐसे दी दूरगामी सोच वाले नेतृत्व की आवश्यकता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। बद्दी में खुलेआम गुण्डा टैक्स वसूला जा रहा है। जिसके कारण उद्योग पलायन कर रहे हैं। स्क्रैप के मामले में जो हाल इस सरकार में है वह पहले कभी नहीं था। उसके लिए एक अलग ही महकमा बना दिया है, जो सरकार के समानांतर काम कर रहा है। उद्योगों को परेशान करने के लिए जिस तरह से अराजकता चल रही है, उससे प्रदेश का नुक़सान होगा। उद्योग जो हैं, वह चले जाएँगे और नए उद्योग धंधे आयेंगे नहीं। इस तरह की अराजकता से प्रदेश का भला नहीं होने वाला है। सरकार ने सिर्फ़ विकास विरोधी काम को ही तवज्जो दी है। हमने नालागढ़ में एक दिन में 21 स्कूल खोले थे, नई सरकार ने सिर्फ़ संस्थान बंद किए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि संस्थान बंद करने के लिए हिम्मत होनी चाहिए। यही कारण है कि प्रदेश में कांग्रेस से कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं था। जिसे कहा जा रहा था वह दूसरे का नाम बताकर अपने कदम पीछे खींच रहा था।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास विरोधी सरकार चल रही है।कांग्रेस की सरकार के पास बहुमत नहीं है। सरकार बचाने के लिए स्पीकर ने भाजपा के 15 विधायकों को निष्कासित किया। लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करके यह सरकार बची है, जो अब ज़्यादा दिन नहीं चलने वाली है। आज मुख्यमंत्री हमारे नेताओं पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उनके पास अगर तथ्य हैं तो वह जनता के सामने रखें। लेकिन उनके पास कोई तथ्य नहीं हैं, सिर्फ़ झूठी बातें हैं। सभी नेताओं ने आपराधिक मानहानि का मुक़दमा किया है। कोर्ट ने उनसे जवाब भी माँगा है। उन्हें अब तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हज़ारों की संख्या में चले हुए संस्थान बंद कर दिये। माताओं बहनों को गारंटी दी लेकिन पूरा करने कोई बजाय उन्हें अपमानित किया। नौकरियाँ देने की बात की और सरकार में आते ही एक साल ला वेतन दिए बिना 11 हज़ार लोगों क नौकरियों से निकल दिया। उन्होंने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा किया, बिजली और पानी का बिल माफ़ लिया। हिमकेयर से पांच लाख का निःशुल्क इलाज दिया, सहारा योजना दी। सुक्खू सरकार ने सब कुछ बंद कर दिया। आपदा के दौरान केंद्र सरकार से भेजे गए पैसे से अपने कार्यकर्ताओं को दिया। कितनों के घर चले गये एक पैसा नहीं मिला। प्रदेश के लोग कांग्रेस की सभी कारगुज़ारियों का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मज़बूत हुआ देश, नेतृत्व हमारे वोट से मिला: जयराम ठाकुर



- उद्योग नगरी बद्दी में आयोजित हुआ मण्डी मिलन समारोह, जयराम ठाकुर और कंगना ने की शिरकत
- मंडी मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष ने भारी से भारी संख्या में मतदान का किया आग्रह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बीबीएन, 5 मई।** शनिवार देर शाम बद्दी में आयोजित मंडी मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जयराम ठाकुर शामिल हुए। उनके साथ मण्डी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत, सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल, नाचन से विधायक विनोद कुमार समेत बीबीएन में रह रहे मंडी के निवासी और बद्दी के स्थानीय नेता समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत मज़बूत हुआ है। चाहे सरहदों की सुरक्षा की बात हो या विश्व में भारत के बढ़ता क़द, नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व कुशलता के कारण ही संभव हो पाया। यह हमारे वोट से संभव हो पाया है। देश में विकास की यह गति हमारे हाथ में हैं। आने वाले समय में विकास इससे भी तेज गति से आगे बढ़ता रहे इसके लिए हमें नरेन्द्र मोदी को और मज़बूत करना होगा। इसके लिए आने वाले एक जून को भारी से भारी संख्या में मतदान करना है। इसके लिए सबसे पहले मतदान फिर जलपान के नियम का पालन करना हैं। उन्होंने सभी से मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को भारी मतों के साथ विजयी बनाने का निवेदन भी किया।

# लोहारडी पंचायत प्रधान ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बताया राजनीतिक षड्यंत्र

- स्वर्ण समाज व अनुसूचित जाति दोनों के लोग हैं एक समान, नहीं हूं किसी एक जाति का प्रधान बोले रोशन

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक, 5 मई।** बल्ह के उपमंडल की नई बनी ग्राम पंचायत लोहारडी के प्रधान रोशन बबलू पर सामान्य जाति को अनुसूचित जाति बताकर योजना के सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। स्थानीय पंचायत निवासी शिकायतकर्ता तुलसीराम पुत्र रूप सिंह द्वारा एसपी मंडी को लिखे शिकायत पत्र के बाद पंचायत प्रधान लोहारडी के ऊपर केस भी दर्ज हो गया है। शिकायतकर्ता तुलसीराम ने कहा है कि प्रधान ने सरकारी योजना में एससी कॉम्पोनेंट के तहत झूठा जाति प्रमाण पत्र देकर घूरानू गांव में पानी का एक टैंक बनवाया है जबकि उस गांव में कोई भी परिवार अनुसूचित जाति का नहीं है। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने एसपी मंडी से कार्यवाही करने का निवेदन किया था जिस पर एसपी मंडी ने बल्ह थाना को केस दर्ज एवं जांच करने के आदेश दिए हैं।

वहीं लोहारडी ग्राम पंचायत प्रधान रोशन बबलू ने इस सारे मामले को राजनीतिक एवं बदले की भावना से प्रेरित बताया है। मीडिया से बात करते हुए रोशन बबलू ने कहा कि शिकायतकर्ता ने उनके खिलाफ प्रधान का चुनाव लड़ा था जिसमें शिकायतकर्ता की बुरी तरह से हार हुई थी। इस हार को शिकायतकर्ता तुलसीराम अभी तक पचा नहीं पाए हैं तथा उनके विरुद्ध कुछ ना कुछ षडयंत्र रचते रहते हैं। प्रधान रोशन बबलू ने कहा कि इससे पहले भी पंचायत के विकास कार्यों में शिकायतकर्ता तुलसीराम ने कई बार उन पर आरोप लगाए हैं व केस भी दर्ज करवाये हैं तथा जांच के बाद उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ी है। रोशन बबलू ने कहा कि हर क्षेत्र में दो से चार लोग ऐसे होते हैं जो कभी खुद तो कुछ अच्छा नहीं करते बल्कि दूसरे को भी कुछ अच्छा नहीं करने देते हैं। शिकायतकर्ता तुलसीराम भी उन्हीं लोगों के बीच में से एक हैं। लोहारडी पंचायत प्रधान रोशन बबलू ने कहा कि विभाग ने टैंक बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं बल्कि सदुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा यह कार्य जनहित एवं लोगों के विकास के लिए हुआ है न कि प्रधान को निजी तौर पर इस कार्य से कोई लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि यह कार्य उस समय हुआ था जब दोनों पंचायते एक ही पंचायत थी जिसका नाम हल्यातर था व जिसके वे प्रधान थे। तब विभाग द्वारा इस टैंक से ऊपर के गाँव में रह रहे अनुसूचित परिवारों को पानी लिफ्ट करके पहुंचाया जाना था। लेकिन हल्यातर की दूसरी नई पंचायत लोहारडी बन गई जिसके वे मौजूदा प्रधान हैं और इस कार्य को उस समय बजट का प्रावधान न हो पाने से पानी लिफ्ट करवाने में देरी हो गई। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता तुलसीराम पंचायत में जातिवाद व सामाजिक भेदभाव फैलाने का कार्य कर रहे हैं जो किसी भी रूप में ठीक नहीं है। प्रधान ने कहा कि अगर उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है तो वह प्रशासन एवं विभागीय जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र अगर गलत होते हैं तो आगे विभागों के अधिकारी उनकी वेरिफिकेशन करके उनको रद्द क्यों नहीं करते। रोशन बबलू ने कहा कि पंचायत के विकास कार्यों के प्रति उनकी मंशा व इरादे जरा से भी गलत नहीं है तथा जनता के विकास एवं हित के लिए उन्हें विभागीय जांच या अन्य किसी भी कार्यवाही से गुजरा पड़े तो वह इसमें पूरा सहयोग करें।

# जिला मंडी में मसालों के 18 सैंपल लिए

- प्रदेश भर में मसाले मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का सैंपलिंग और टेस्टिंग की जा रही है

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक, 5 मई।** नामी ग्रामीण कंपनियों के मसाले में इथाईलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाए जाने से विश्व भर में मसाले के उपयोग को लेकर लोगों में संशय है। प्रदेश मे एफएसएसएआई इस मामले के बाद हरकत में आ गई है नामी ग्रामी मसाला कंपनी के फिश करी मसाला में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइ व मसाला मिक्स- करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई जानाके मामले के बाद मंडी जिले के मसाला मैन्युफैक्चरर्स के यहां इंस्पेक्शन सैंपलिंग और टेस्टिंग की जा रही है।



अभी तक जिला मंडी की 11 यूनिट्स का इंस्पेक्शन किया गया है जहां से 18 सैंपल लिए गए हैं प्राप्त सूचना के अनुसार जिला मंडी के जोगिंदर नगर चलचौक बालादावारा नेरचौक नल्सर भाँगरोटू भमवला मैं इंस्पेक्शन सैंपलिंग और टेस्टिंग की जा चुकी है वही कोटली सुंदर नगर सरकाघाट मैं अभी टीम नहीं जाना है।

फूड कमिश्नर लीलाधर ठाकुर ने बताया कि स्नस्स्ढ्ढ कुछ कंपनियों के प्रोडक्ट में इथाईलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा होने इंस्पेक्शन सैंपलिंग और टेस्टिंग कर रही है 11 यूनिट्स पर अभी टीम जा चुकी है जिनमें से 18 सैंपल लिए गए हैं कुछ जगह अभी जाना है।

एफएसएसएआई की गाइडलाइंस के अनुसार जो भी सैंपल लिए जा रहे हैं उन्हें टेस्टिंग के लिए हिमाचल से बाहर भेजा जा रहा है क्योंकि जिन प्रोडक्ट्स मे कारसोजेनिक पेस्टिसाइड इथाईलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा ज्यादा है जिसे कैंसर होने का खतरा है बहुत टेस्टिंग हिमाचल में होती ही नहीं है

**क्या है मामला**

भारतवर्ष की नामी ग्रामीण कंपनी की विदेश में बिक रही फिश करी मसाला में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइ पाया गया है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि भारतवर्ष की एक और नामी ग्रामीण कंपनी के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। वहीं एक और भारत की कंपनी के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है। यह पाए जाने से इन मसाले के इस्तेमाल करने से इस्तेमाल करने वाले लोगों को कैंसर हो सकता है।

## अंकित यादव मिस्टर फेयरवेल, दीपशिखा बनी मिस फेयरवेल

### शांति निकेतन फार्मेसी कालेज में विदाई समारोह का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नेरचौक, 5 मई।** शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डी फार्मेसी और बी फार्मेसी के छात्रों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया गया है। गणेश वंदना से शुरू होने वाले इस समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद एकल नृत्य, समूह नृत्य, रैप सॉन्ग, ग्रुप नाटी, एकल नृत्म, पंजाबी गिद्दा, समूह नृत्य और पहाड़ी नाटी आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के बीच बी फार्मेसी और डी फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्रों को उनके व्यक्तित्व से संबंधित टैग और चिट्स पर आधारित गेम खेलने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया। अंत में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में मिस्त्र फेयरवेल, मिस फेयरवेल, मिस्ट्र हैंडसम और मिस चार्मिंग का चयन किया गया। बी. फार्मेसी 8वें सेमेस्ट्र से घनश्याम को मिस्टर फेयरवेल, चेतना को मिस फेयरवेल, इतेश कुमार को मिस्टर हैंडसम और प्रीति को मिस चार्मिंग चुना गया। डी फार्मेसी द्वितीय से वर्ष अंकित यादव को मिस्टर फेयरवेल, दीपशिखा को मिस फेयरवेल, सूरज को मिस्टर हैंडसम चुना गया और पलक को मिस चार्मिंग चुना गया। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त बलवीर सिंह जम्बाल मुख्य अतिथि और सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त सूबेदार और शांति निकेतन एजुकेशन सोसाइटी के सदस्य पदम सिंह इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि रहे । शांति निकेतन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशनज के अध्यक्ष व निदेशक, डा सुरेश कुमार ठाकुर द्वारा अतिथियों को समान्नित किया गया तथा इस मौके पर सुरेश ठाकुर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में इंदर सिंह सचिव, दुनी चंद संयुक्त सचिव, जयराम कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार सदस्य, मदन सेन सहायक निदेशक, डॉ विचित्र कौशिक, प्राचार्य, शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे।

# हमने अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा, कांग्रेस बताए उन्होंने क्या किया: कश्यप

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 5 मई।** भाजपा के सांसद एवं प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कंडाघाट में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल झूठ बोलना जानती है और केवल झूठा प्रचार कर रही है, कांग्रेस पार्टी के पास एक भी ऐसा शब्द नहीं है जिससे वह जनता के बीच जाकर समर्थन बटोर सके।

उन्होंने कहा कि मैने 5 साल लगातार जनता के बीच में रहकर जनता की सेवा की और आज पूरे संसदीय क्षेत्र में लोक सभा चुनाव के समय दूसरी बार दौरा कर रहा हूं। इस दौरे के दौरान मुझे भरपूर प्रेम



और समर्थन मिल रहा है। मैं आशा करता हूं कि आप सभी मुझे एक बार और आशीर्वाद देकर लोकसभा सांसद बनाकर केंद्र में भेजेंगे जिससे मैं इस संसदीय क्षेत्र की सेवा और तीव्र गति से कर पाऊंगा।

कश्यप ने कहा की कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा भाजपा के नेताओं के खिलाफ एक प्रोपेगेंडा खड़ा करने का प्रयास किया है, पर हमेशा वह कांग्रेस को उल्टा ही पड़ा है। कांग्रेस के नेता बार-बार पूछ रहे हैं कि आपदा के समय मैंने जन सेवा नहीं की, पर आज मैं बताना चाहता हूं कि आपदा के समय मैंने एक करोड़ 84 लाख रुपए अपनी सांसद निधि से इस संसदीय क्षेत्र में वितरित किए है। जिससे डेंग, रोड और अनेकों रिपेयर के कार्य हुए। साथ ही 50 टन खाद्य सामग्री मैंने जनता के समर्थन से एकत्र कर लोगों में वितरित की।

जनता जानती है और जनता बुलाते नहीं। लगातार निरंतर जनता के साथ संपर्क साधने का हमने प्रयास किया और कोई भी काम हुआ वह मैंने धरातल पर करके दिखाया। कांग्रेस पार्टी की तरह हमने सपने नहीं दिखाएं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और हमने भी जो कहा उसका समर्थन केंद्र से लिया और करके दिखाया। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिनका प्रत्येक चुनाव उम्मीदवार अपना रिपोर्ट कार्ड रखता है, हमने भी 5 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच में रखा है।

## नाचन विधानसभा के सबसे दुर्गम क्षेत्र में से एक मतदान केंद्र '78- चुरासनी' पहुंचे एसडीएम गोहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर, 5 मई।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने अपनी स्वीप टीम सहित मतदान केंद्र 78- चुरासनी का दौरा किया। यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्रों में से एक है। गोहर से वाया देवीदढ़ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग आधे घण्टे की पैदल यात्रा के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में स्वीप टीम चुरासनी के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला चुरासनी पहुँची।

एसडीएम गोहर ने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81त्न मतदान का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम गोहर ने मतदान केंद्र पर उपस्थित लोगों को मतदान शपथ दिलाई। लोगों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें।

स्वीप टीम के द्वारा साथ ही दो अन्य मतदान केंद्रों 70- शण्डरा और 77- मशोगल का भी दौरा किया गया और वहां के मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के बारे में बताया गया और गांव के लोगों से आग्रह किया गया कि वह अपने रिश्तेदारों व गांव के हर नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित करें और 1 जून को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया जिससे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मत प्रतिशत भी बड़े और हमारा लोकतंत्र भी सुदृढ़ हो।

इस अवसर पर रीडर टेकचंद,कानूनगो कृष्ण ठाकुर, मदन,स्वीप टीम सदस्य योगेश, स्थानीय बीएलओ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हारना शब्द खिलाड़ी के दिमाग में नहीं होना चाहिए: राणा

### खिलाड़ी के दिमाग में हो जीत कर जाएंगे या सीख कर जाएंगे



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**बंगाणा, 5 मई।** 47वीं सीनियर थ्रोबाल चैंपियनशिप हैदराबाद के तेलंगाना में छः जून से आठ जून 2024 को होने जा रही है जिसके लिए जिला स्तरीय थ्रोबॉल के लिए टीम चयन का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रोबॉल जिला स्तरीय टीम के चयन का शुभारंभ थ्रो बाल ऐसोसिएशन के प्रदेश सचिव जोगिंद्र शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को बंगाणा के बोट गांव में हुआ। प्रतियोगिता के मुख्यातिथि वरिष्ठ पत्रकार राकेश राणा रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों एवम युवाओं में थ्रोबॉल खेल के प्रति आकर्षण देख हृदय प्रफुलित है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन एवम खेल भावना के साथ खेलने और प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वाहन किया। बहीं पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी खिलाड़ी खेलने ग्राउंड में उतरे तो उसके जहन में एक ही बात होनी चाहिए कि या तो जीत कर जाएंगे या सीख कर जाएंगे हारना शब्द उनके दिमाग में नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में जिज्ञासा और रुझान पैदा करते हैं। जिससे उन्हें आगे इन्हीं क्षेत्रों में करियर बनाने में मदद मिलती है। खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमें एकजुट रहने का भी संदेश देता है।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल ऐसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय ठाकुर,जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा, थ्रो बाल सीनियर कोच कांगड़ा से ब्रजेश ठाकुर, सिरमौर से किशोर कुमार,ऊना से कंचन ठाकुर,मंडी से अंकित,सोलन से पूर्ण चंद सहित अन्य थ्रो बाल ऐसोसिएशन के पदाधिकारी व खिलाड़ियों सहित उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।







# फतेहगढ़ साहिब में थाने के अंदर भीषण आग, कई गाड़ियां जली

**लोगों की मदद से पाया आग पर काबू**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खन्ना, 5 मई।** फतेहगढ़ साहिब के अधीन आते थाना खेड़ी नौध सिंह में रविवार की शाम भीषण आग लगी। आग से थाने में खड़ी केस प्रॉपर्टी की कई गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग थाने के अंदर और साथ के रिहायशी इलाके की तरफ बढ़ रही थी। आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाकर बाल्टियों में पानी भरकर आग को आगे बढ़ने से रोका।



**गेहूं की नाड़ की आग थाने पहुंची:** शक जताया जा रहा है कि थाने के पीछे खेतों में गेहूं की नाड़ को आग लगी थी। हवा चलने के कारण यह आग थाने के अंदर तक पहुंचने का शक है। जब थाने में आग की लपटें आसमान में देखी गई तो शोर मच गया। देखते ही देखते एक साथ खड़ी चार गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग से बड़ा हादसा हो सकता था जिससे बचाव रहा। थाना बिलकुल मेन बाजार और रिहायशी इलाके के बीचोबीच बना है। यह आग भारी नुकसान कर सकती थी।

**नजदीक नहीं है कोई फायर ब्रिगेड स्टेशन:** खेड़ी नौध सिंह के नजदीक कोई फायर ब्रिगेड स्टेशन भी नहीं है कि जल्दी कोई गाड़ी आकर आग को कंट्रोल कर लिया जाता। यहां से करीब 25 किलोमीटर दूर खन्ना, समराला या सरहिंद से फायर बिग्रेड की गाड़ी बुलाई जाती है। यह लोगों की हिम्मत रही कि आग पर काबू पा लिया।

## ब्लेरो के आगे टिप्पर चालक ने लगा दी ब्रेक हुआ भीषण हादसा, युवक की मौत 2 जख्मी

**पंचकूला (अप्रस)।** रायपुरानी के गांव मौली के नजदीक घटित हुई सड़क हादसे में एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनमें से एक की हालत पीजीआई में गंभीर बनी हुई है। मौली पुलिस ने टिप्पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस की जांच में मृतक युवक की पहचान अमोद पासवान के तौर पर हुई। वह मूल रूप से बिहार के जिला बैरगनिया गांव बेल का रहने वाला था और दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के चचेरे भाई विशाल ने पुलिस को बताया कि वह, उसका भाई अमोद पासवान और मोहन लाल कंपनी के काम से गाड़ी में बीती 1 व 2 मई की मध्यरात्रि लौट रहे थे। हाईवे नंबर 7 पर एक टिप्पर चालक ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए उनके सामने अचानक ब्रेक लगा दी जिससे गाड़ी की टिप्पर में जोरदार टक्कर हुई। गाड़ी चला रहे मोहनलाल और उसके साथ सीट पर बैठे अमोद पासवान सहित उसे गंभीर चोटें आई। इसके बाद टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने पुलिस को इत्तिला देते हुए तीनों घायलों को सेक्टर 6 नागरिक अस्पताल में पहुंचाया लेकिन वहां से अमोद और मोहन लाल को पीजीआई रेफर कर रिया गया। इलाज के दौरान अमोद पासवान ने दम तोड दिया जबकि मोहन लाल की टांग में फ्रेक्चर और शरीर पर चोट होने की वजह से उसका पीजीआई में इलाज चल रहा है।

## प्रीति जिंटा ने फेंकी टी-शर्ट तो दर्शक दीर्घा में भिड़ गए क्रिकेट प्रेमी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला, 5 मई।** पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा जब टी-शर्ट बांटने के लिए अलग-अलग स्टैंड में गई तो एक स्टैंड में टी-शर्ट पहले लेने के लिए नौबत मारपीट तक पहुंच गई। हालांकि, पुलिस ने झगड़ा बढ़ने नहीं दिया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को आईपीएल मुकाबले के दौरान नार्थ स्टैंड टू में दर्शकों में खूब लात घूसे चले। दर्शकों में टीशर्ट को लेकर भिड़ंत हो गई। ऐसे में मामला बढ़ता देख पुलिस को बीच बचाव करना पड़ा। मामला कुछ इस तरह से रहा कि चेन्नई की टीम अपनी बल्लेबाजी करके पवेलियन लौटी। पहली इनिंग खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा टी-शर्ट बांटने पहले ही की तरह इस बार भी रिवायत निभाते हुए स्टेडियम में आई थी।

**टी-शर्ट को लेकर चले लात-घूसे:** इसी बीच प्रीति जिंटा ने अलग-अलग स्टैंड पर जाकर दर्शकों के बीच टीशर्ट उछाली, प्रीति द्वारा उछाली गई टी शर्ट को लपकने के लिए कई दर्शक आगे की ओर आ रही थे। इसी बीच स्टेडियम के नार्थ स्टैंड में दो दर्शक प्रीति द्वारा फेंकी गई टी-शर्ट पाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच एक दर्शक को टीशर्ट मिल गई, जबकि दूसरा चूक गया, इसी बात को लेकर दर्शकों में लात घूसे चल गए। मामला बढ़ता देख पुलिस ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत किया।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)